

सूर्योदय प्रात: 5:14 | सूर्यास्त संध्या 6:36 | पखवाड़ा आषाढ़ शु . अष्टमी, संवत 2083 | तापमान अधिकतम 26° न्यूनतम 23°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, बुधवार, 22 जुलाई 2026, वर्ष : 17, अंक : 158, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions


**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 77,470.11 | -238.41 (-0.31%) |
| निफ्टी | 24,187.70 | -50.80 (-0.21%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| सोना (24 carat) | 1,39,650.00 |
| चांदी | 2400.00 |

## संसद का मॉनसून सत्र

# दूसरे दिन भी खूब बरपा हंगामा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** संसद के मॉनसून सत्र का दूसरा दिन भी विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ गया। दोनों सदनों में मंगलवार को कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) पेपर लीक और अन्य मुद्दों को लेकर हंगामा जारी रखा, जिससे सदन की कार्यवाही कई बार बाधित होने के बाद बुधवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार को पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होने पर विपक्षी सदस्यों का हंगामा जारी रहा, जिसके कारण कार्यवाही पहले दोपहर 12 बजे तक और फिर अपराह्न 02 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। लोकसभा की कार्यवाही दो बजे फिर शुरू हुई, तो पीठासीन अधिकारी दिलीप सैकिया ने सदस्यों से सदन की मयार्दा बनाये रखने और अपने-अपने स्थान पर बैठने की अपील की। उन्होंने कहा कि नियम 377 के तहत सदस्यों को जनहित के मुद्दे सदन के पटल पर रखने दिया जाये। इसके लिए करीब 20 मिनट का समय भी दिया गया। इसके बावजूद विपक्षी सदस्य लगातार नारेबाजी करते हुए वेल में पहुंच गये। पीठासीन अधिकारी ने कई बार शांति बनाये रखने और सदन चलने देने का आग्रह किया, लेकिन हंगामा नहीं थमा। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गयी।

राज्यसभा की कार्यवाही भी विपक्ष के हंगामे के कारण पहले 12 बजे तक और फिर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। कार्यवाही जब 02 बजे फिर शुरू हुई, तो उपसभापति हरिवंश ने विपक्षी सदस्यों से कार्यसूची के अनुसार सदन चलने देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सदन में चर्चा के लिए निर्धारित ● शेष पृष्ठ 11 पर

विपक्ष के शोर-शराबे के कारण संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही फिर हुई स्थगित



### प्रधानमंत्री आवास के समक्ष कांग्रेस का धरना, कई नेता हिरासत में लिये गये

- धरने पर बैठे राहुल से मिलने पहुंचे केन्द्रीय मंत्री ने की धरना समाप्त करने की अपील
- विपक्ष ने की शिक्षा मंत्री और प्रधानमंत्री के साथ गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग



**पेपर** लीक मामलों को लेकर कांग्रेस ने मंगलवार को केन्द्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन तेज करते हुए पीएम आवास के पास धरना दिया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता प्रधानमंत्री आवास के निकट धरने पर बैठ गये। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और प्रधानमंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुए जोरदार नारेबाजी की। इसी बीच पुलिस ने कांग्रेस के अनेक नेताओं और कार्यकताओं को हिरासत में ले लिया। ऐसे में केन्द्रीय मंत्री धरना स्थल पर पहुंचे और धरना समाप्त करने की अपील की है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## राजग सांसदों की बैठक 'मंगल मिलन' में प्रधानमंत्री मोदी ने की घोषणा

# नीट में गड़बड़ी करनेवालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में गड़बड़ी करनेवालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। पेपर लीक की घटना सामने आते ही सरकार ने तुरंत कार्रवाई की। 13 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। साथ ही, यह सुनिश्चित करने के लिए कि छात्रों का भविष्य प्रभावित न हो, परीक्षा दोबारा करायी गयी और बिना किसी देरी के नतीजे घोषित कर दिये गये।



यह घोषणा प्रधानमंत्री मोदी ने संसद के मॉनसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को संसद भवन परिसर में सुबह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) संसदीय दल की 'मंगल मिलन' बैठक में कही। संसद के जीएमसी बालयोगी ऑडिटोरियम में आयोजित इस बैठक की जानकारी देते हुए केन्द्रीय संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि प्रधानमंत्री ने भविष्य में पेपर लीक जैसी घटनाओं को रोकने के लिए कड़े और प्रभावी कदम उठाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करनेवालों को बख्शा नहीं जायेगा। दोषियों को सख्त सजा देने का भरोसा दिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पेपर लीक सिर्फ एक राज्य का मामला नहीं है। यह सिर्फ केन्द्र का मामला नहीं है, हर एक राज्य में जहां-जहां पेपर लीक हो रहा है, जो लोग इस धंधे में लिप्त हैं, उनको सजा देने के लिए सभी को एकजुट होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि नीट मामले में सभी ● शेष पृष्ठ 11 पर

### भारत ने रूसी राजदूत को किया तलब

**नयी दिल्ली :** भारत ने रूसी मिसाइल हमले में 04 भारतीयों की मौत को लेकर मंगलवार को दिल्ली में रूस के प्रभारी राजदूत व्लादिमीर लादानोव को तलब किया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में हमले की कड़ी निन्दा करते हुए कहा कि ऐसे हमले अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार की सुरक्षा और स्थिरता को कमजोर करते हैं। व्लादिमीर लादानोव से अपने अधिकारियों तक भारत की गम्भीर चिन्ता पहुंचाने को कहा गया है। साथ ही, यह भी कहा गया कि व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाना और इसके कारण निर्दोष नागरिकों की जान जाना मंजूर नहीं है और ऐसा नहीं होना चाहिए।

### आईएसआईएस भर्ती व फंडिंग नेटवर्क से जुड़े मामले में ईडी का आठ ठिकानों पर छापा



**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन आईएसआईएस के लिए भर्ती और फंडिंग से जुड़े धनशोधन मामले में शनिवार को बेंगलुरु में आठ स्थानों पर छापा मारा है। यह कार्रवाई राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की प्राथमिकी के आधार पर दर्ज प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) के तहत की गयी। ईडी के बेंगलुरु क्षेत्रीय कार्यालय अनुसार, मामला बेंगलुरु स्थित 'इकरा वेलफेयर ट्रस्ट', 'गाइडेंस फॉर मैनकाइंड' और उनसे जुड़े अन्य व्यक्तियों से सम्बन्धित है। एनआईए ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की धारा 17 (आतंकवाद के लिए धन जुटाना), धारा 18 (आतंकी गतिविधियों की तैयारी) और धारा 18-बी (आतंकी संगठन के लिए भर्ती) के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी।

## एक झलक

### बॉर्डर पार करने की कोशिश में पकड़ा गया पाकिस्तानी

**जम्मू :** जम्मू जिले के अखनूर में 20-21 जुलाई की रात पुलिस पोस्ट खोर के अधिकार क्षेत्र में आनेवाली बीएसएफ की 134 बटालियन की बीओपी मलाबेला पर तैनात बीएसएफ जवानों ने एक पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा। वह पाकिस्तान की तरफ से भारतीय इलाके में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पार करने की कोशिश कर रहा था।

अधिकारियों के अनुसार बीएसएफ जवानों को बॉर्डर के पास संदिग्ध गतिविधि दिखी, जिसके बाद घुसपैठिये का पता चला। संतरी ने बार-बार चेतावनी दी और रुकने के लिए कहा, लेकिन इसके बावजूद वह व्यक्ति आगे बढ़ता रहा। बाद में उसे काबू कर लिया गया और बीओपी मलाबेला में हिरासत में ले लिया गया।

शुरूआती पूछताछ में पकड़े गये व्यक्ति ने अपनी पहचान मोहम्मद रफीक उर्फ काला (53) पिता मोहम्मद शफीक, निवासी गांव पिंडी, पाकिस्तान के तौर पर बतायी। उसने बताया कि वह गांव लूनी (पाकिस्तान) से आया था और अपनी शादीशुदा बहन से मिलने के लिए गांव जंग (पाकिस्तान) जा रहा था।

### सुरक्षाबलों ने हथियार व गोला-बारूद किया बरामद

**उरी :** बारामूला के उरी इलाके में गवालता में लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) पर तैनात सुरक्षाबलों ने हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया है। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि एलओसी गवालता पर तैनात सेना की 19 राष्ट्रीय राइफल्स ने उरी पुलिस स्टेशन को गवालता गांव में चौकास के पास हुई बरामदगी के बारे में जानकारी दी। उरी पुलिस स्टेशन की एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची और बरामद सामान को अपने कब्जे में ले लिया। अधिकारियों के अनुसार बरामद सामान में एक एके-47 राइफल, दो एमपी5 बंदूकें, चार पिस्तौल, एक एके-47 मैगजीन, चार एमपी5 मैगजीन और 12 पिस्तौल मैगजीन शामिल हैं।

## झारखंड मंत्रिपरिषद ने लिया बड़ा फैसला

# अब एआई से पढ़ेंगे 1000 स्कूलों के छात्र

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को हुई झारखंड कैबिनेट की बैठक में 50 महत्त्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, न्याय व्यवस्था, विश्वविद्यालय, कर्मचारियों और बुनियादी ढांचे से जुड़े कई बड़े फैसले लिये गये। सरकार ने 1000 स्कूलों में अकआधारित पढ़ाई शुरू करने, गम्भीर बीमार बच्चों को उपस्थिति में राहत देने, एयर एम्बुलेंस सेवा शुरू करने, नये डिग्री कॉलेज बनाने और कई सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी।



- गम्भीर बीमार बच्चों के लिए 75% उपस्थिति नियम में बड़ी राहत

### मॉनसून सत्र 06 अगस्त से

झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र 06 अगस्त से 12 अगस्त 2026 तक चलेगा। इसमें पांच कार्य दिवस होंगे।

राज्य के 1000 माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अक आधारित वर्चुअल क्लासरूम शुरू किये जायेंगे। इस योजना पर अगले पांच वर्षों में 176.07 करोड़ रुपये खर्च होंगे। जेईपीसी में 02 केन्द्रीय स्टूडियो और पांचों प्रमंडलों के DIET में 5 क्षेत्रीय स्टूडियो बनाये जायेंगे। इन स्टूडियो से शिक्षक ऑनलाइन पढ़ायेंगे और छात्र वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सवाल भी पूछ सकेंगे। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## उर्वरक, बीज व मॉनसून की स्थिति की कृषि मंत्रालय ने की समीक्षा

### संवेदनशील जिलों पर रहेगी विशेष नजर

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को कृषि मंत्रालय की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में खरीफ फसलों की बुवाई की प्रगति, मानसून की स्थिति, सम्भावित अल नीनो प्रभाव, उर्वरक और बीजों की उपलब्धता तथा जलाशयों में जल भंडारण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गयी।

बैठक में अधिकारियों को वर्षा की



कमी वाले क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखने और राज्यों के साथ लगातार समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिये गये। कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों को उनकी जरूरत के अनुसार समय पर उर्वरक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये और वितरण व्यवस्था में किसी भी तरह की कमी को तत्काल दूर किया जाये।

### शम्भु व खनौरी बॉर्डर पर जुटे हजारों किसान

**चंडीगढ़ :** भारत-अमेरिका ट्रेड डील का विरोध के लिए पंजाब के अलग-अलग जिलों से दिल्ली कूच कर रहे किसानों को शम्भु बॉर्डर पर रोक लिया गया। मंगलवार को भारी बारिश के बावजूद किसानों ने शम्भु बॉर्डर पर ही धरना शुरू कर दिया। पुलिस बेरिकेडिंग तोड़ कर हरियाणा के रास्ते दिल्ली जाने का प्रयास कर रहे कई किसानों को पुलिस ने हिरासत में भी लिया। पंजाब व हरियाणा के कई जिलों में किसान नेताओं को घरों में नजरबंद करके पुलिस का पहरा लगा दिया गया है।

## कार्टून कोना




## पूर्वी क्षेत्रीय परिषद समन्वय समिति की बैठक में शामिल हुई पुलिस महानिदेशक

# अंतर्राज्यीय अपराधों की रोकथाम, नक्सल उन्मूलन समेत विधि-व्यवस्था सुदृढ़ करने पर हुआ मंथन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** पुलिस मुख्यालय सभागार में झारखंड की पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्र ने पूर्वी क्षेत्रीय परिषद समन्वय समिति (ERPCC-2026) की बैठक में बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा एवं छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में शामिल हुई। उक्त बैठक में अंतर्राज्यीय अपराधों की रोकथाम, नक्सल उन्मूलन, मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण, साइबर अपराध की रोकथाम, रेलवे सुरक्षा तथा जीरो एफआईआर व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए व्यापक रूप से विचार-विमर्श किया गया।



बैठक में पुलिस महानिदेशक द्वारा राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों की वर्तमान सुरक्षा स्थिति एवं विभिन्न चुनौतियों से अवगत कराते हुए बताया गया कि झारखंड ओडिशा, झारखंड-पश्चिम बंगाल, झारखंड-छत्तीसगढ़ एवं झारखंड-बिहार सीमावर्ती क्षेत्रों में नक्सल गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए संयुक्त अभियान, सतत सूचना आदान-प्रदान तथा सभी स्तरों पर नियमित समन्वय बैठकें आवश्यक हैं, ताकि माओवादी गतिविधियों के पुर्नसंगठन की किसी भी सम्भावना को प्रभावी ढंग से रोका जा सके। मादक पदार्थ के नियंत्रण के संबंध में सीमावर्ती राज्यों के बीच संयुक्त चेकपोस्ट एवं नाकाबंदी, रियल-टाइम सूचना साझा करने, तस्करी नेटवर्क की बैकवर्ड एवं फॉरवर्ड लिंकिंग की ● शेष पृष्ठ 11 पर


## मोतियाबिन्द

### मोतियाबिन्द के लक्षण, उपचार एवं रोकथाम

**मोतियाबिन्द के लक्षण**

- दृष्टि में धुंधलापन या अस्पष्टता।
- बुजुर्गों में निकट दृष्टि दोष में निरंतर बढ़ोतरी।
- रंगों को देखने की क्षमता में बदलाव, क्योंकि लेंस एक फिल्टर की तरह काम करता है।
- रात में वाहन चलाने में दिक्कत आना।
- दिन के समय आँखें चौंधियाना।
- दोहरी दृष्टि (डबल विजन)।
- चश्मे के नंबर में अचानक बदलाव आना।
- उम्र का बढ़ना।

**मोतियाबिन्द का उपचार**

- मोतियाबिन्द का एक मात्र उपचार ऑपरेशन है।
- इस ऑपरेशन में आँख से धुंधला लेंस निकाल दिया जाता है और कृत्रिम लेंस लगाया जाता है।
- मोतियाबिन्द का ऑपरेशन सुरक्षित एवं सरल है।
- मोतियाबिन्द का ऑपरेशन किसी भी मौसम में करवा सकते हैं।

**मोतियाबिन्द की रोकथाम**

- चालीस वर्ष के पश्चात नियमित रूप से आंखों की जांच कराएं।
- अपना वजन सामान्य बनाएं रखें।
- रंग-बिरंगे फलों और सब्जियों को अपने भोजन में शामिल करें।
- धूम्रपान छोड़ें और शराब का सेवन कम से कम करें।

सभी सरकारी अस्पतालों में नेत्र जाँच एवं उपचार की नि:शुल्क सुविधा उपलब्ध है

PR- 385496 (Health Med Edu and Family Welfare) 26-27

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

## एक झलक

### बरियातू में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ हुई मां विपत्तारिणी की पूजा



**गोला (रामगढ़) :** मंगलवार को गोला प्रखंड के बरियातू गांव के काली बाड़ी मंदिर में मां विपत्तारिणी की पूजा अर्चना गांव की महिलाओं ने बड़ी ही धूमधाम से की। आज के दिन महिलाएं उपवास रख कर मां विपत्तारिणी पूजा कर महिलाएं अपने घर परिवारवालों के विपत्तियों एवं सुख, शांति एवं समृद्धि के लिए मां से कामनाएं करती है। आज के दिन महिलाएं 13तरह के फल मिठाई का भोग और 13 गांठ लाल धागे में बांध कर अपने हाथों में बांधती है। ज्ञात हो कि मां विपत्तारिणी की पुजा रथयात्रा (रथ द्वितीया) के बाद पहली शनिवार एवं पहली मंगलवार को आयोजित की जाती है। काली बाड़ी मंदिर में पुजारी अनिल पांडेय, ठाकुर हिरा प्रामाणिक के साथ जिम्मी चक्रवर्ती, गीता देवी, राधिका देवी, गुड़ी देवी, सुनिता देवी, रीता देवी, राधिका देवी, मीना देवी, करुणा देवी, अंगुली देवी, सविता देवी, जयंती देवी, ललिता देवी, कलावती देवी, रितू देवी, कोशिला देवी, मंजू देवी, शिला देवी, रूपा देवी, जानकी देवी, उषा देवी सहित अनेकों महिलाएं उपस्थित थें।

### खोये हुए मोबाइल को थाना प्रभारी ने लौटाया, युवक के चेहरे पर दिखी मुस्कान



**गोला (रामगढ़) :** गोला थाना पुलिस की तत्परता और जनसेवा की भावना एक बार फिर देखने को मिली। आसान निवासी विवेक पाठक, पिता स्व. रासबिहारी पाठक, जो वर्तमान में एक्सिस बैंक, गोला में कार्यरत हैं, का खोया हुआ मोबाईल पुलिस के प्रयास से बरामद कर उन्हें सकुशल वापस सौंप दिया गया। गोला थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने अपने कार्यालय में विधिवत मोबाईल विवेक पाठक को सौंपते हुए लोगों से अपील की कि मोबाईल या अन्य कीमती सामान गुम होने पर घबराने के बजाय तत्काल पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। अपना मोबाईल वापस मिलने पर विवेक पाठक ने गोला थाना पुलिस के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस की त्वरित कार्रवाई और सकारात्मक पहल के कारण उन्हें उनका महत्वपूर्ण मोबाईल सुरक्षित वापस मिल सका। उन्होंने थाना प्रभारी एवं पूरी पुलिस टीम की कार्यशैली की सराहना करते हुए इसे आम जनता के विश्वास को मजबूत करने वाला कदम बताया।

### खूंटी में 80 नर्स और 34 चौकीदार पदों पर जल्द होगी भर्ती : विधायक

**खूंटी :** विधायक रामसूर्या मुंडा की पहल पर जिले में स्वास्थ्य विभाग और चौकीदार के रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया जल्द शुरू होने जा रही है। जिला प्रशासन ने 80 नर्स और 34 चौकीदार के रिक्त पदों पर भर्ती की तैयारी शुरू कर दी है और जल्द ही इसके लिए आधिकारिक विज्ञापन जारी किया जाएगा। विधायक ने बताया कि उन्होंने खुद उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक (एसपी) के साथ पिछले दिनों बैठक कर जिले में विभिन्न विभागों के रिक्त पदों की समीक्षा की थी। बैठक में स्वास्थ्य विभाग और चौकीदार के रिक्त पदों पर विशेष रूप से चर्चा की गई थी। उन्होंने बताया कि दोनों श्रेणियों के कुल 114 रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने की कार्रवाई की जा रही है। बैठक में विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से संचालित करते हुए नवंबर माह तक नियुक्ति की दिशा में आवश्यक कार्रवाई पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि लंबे समय से रिक्त पदों के कारण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में भी इसका असर देखने को मिल रहा है। इन पदों पर नियुक्ति होने से स्वास्थ्य व्यवस्था मजबूत होगी और प्रशासनिक कार्यों में भी गति आएगी।

## मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत उपायुक्त ने भरा गणना प्रपत्र

# जिलेवासियों से जल्द प्रपत्र भरने की अपील



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संचालित मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम (SIR)-2026 के अंतर्गत मंगलवार को उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी ऋतुराज ने स्वयं अपना गणना प्रपत्रभरकर जिलेवासियों को इस महत्वपूर्ण अभियान में सक्रिय सहभागिता का संदेश दिया। अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित होना लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र मतदाता का दायित्व है कि वह निर्धारित समयावधि के भीतर अपना गणना प्रपत्र अवश्य भरें, ताकि मतदाता सूची में किसी प्रकार की त्रुटि या नाम छूटने की संभावना न रहे। उपायुक्त ने जिले के सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे बिना किसी विलंब के अपना गणना प्रपत्र भरकर संबंधित बूथ लेवल ऑफिसर के पास जमा करें अथवा निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित माध्यमों से इसे समय पर उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि समय पर प्रपत्र जमा करने से मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया सुचारू एवं पारदर्शी ढंग से पूर्ण हो सकेगी। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा आम नागरिकों से भी इस अभियान में सहयोग करने की अपील की, ताकि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रह जाए। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं बूथ लेवल ऑफिसरों को अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे इस अभियान को जनभागीदारी का स्वरूप दें तथा अपने परिवार, पड़ोस एवं परिचितों को भी गणना प्रपत्र भरने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जिलेवासी लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाते हुए समय सीमा के भीतर अपना गणना प्रपत्र भरकर निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ बनाने में योगदान देंगे।

## रामगढ़ के भुरकुंडा में सेटिंग-गेटिंग से जुआ की चर्चा जोरों पर

**जंगल में लग रहा जुआरियों का जमावड़ा**

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** विगत कई वर्षों की भांति इस वर्ष भी भुरकुंडा ओपी क्षेत्र में सांठ-गांठ से जुआ का खेल होने की चर्चा चहुंओर हो रही है। जहां पहले भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के हुरूमगढ़ा जंगल में जुआ जमता था, वहीं अब कुरसे जंगल में सात नंबर माइंस के निकट जुआरियों का जमावड़ा लगने की चर्चा है। ओपी के आसपास क्षेत्र के चर्चित जुआ संचालकों और जुआरियों मंडराते भी देखा जा रहा है। जंगल में किसी स्थान विशेष पर रोजाना लाखों रुपए का काट-पत्ती खेल चल रहा है और संचालक हजारों रुपए का नल उठा रहा है। सूत्र बताते हैं कि हर बार की तरह इस बार भी जुआ के लिए बड़ी रकम की बंदरबांट की जा चुकी है। विभिन्न क्षेत्रों से दर्जनों जुआरी जुआ खेल रहे हैं। जंगल में मोबाइल ट्रैक किया जाए या गाहे-बगाहे ड्रोन निगरानी की जाए तो भांडा फूट सकता है। गोपनीय ढंग से इसकी उच्च स्तरीय जांच पड़ताल हो तो मुमकिन है कि जुआरी सलाखों के पीछे भी होंगे। हालांकि जांच-पड़ताल होने की उम्मीद बेमानी ही प्रतीत होती है। विगत कई वर्षों से बदस्तूर चल रहा जुए के खेल में पुलिस को कोई बड़ी सफलता आज तक नहीं मिली है। हमेशा पुलिस की छापेमारी की सूचना जुआरियों को पहले मिल जाती है और जुए का अड्डा साफ कर स्थान ही बदल दिया जाता है। वहीं भदानीनगर क्षेत्र का लपंगा जंगल भी वर्षों से सांठ-गांठ से होनेवाले जुए के लिए चर्चा में रहता है।

## रामगढ़ पुलिस ने तीन वाहन चोरों को पकड़ा, सात बाइक बरामद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अभियान चलाकर तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है जिनकी निशानदेही पर 7 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं। पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस में मामले का खुलासा करते हुए बताया कि मोटरसाइकिल चोर गिरोह के संबंध में गुप्त सूचना मिली थी। जिसपर पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने जिले के विभिन्न स्थानों पर वाहन चेकिंग और छापेमारी की। इस दौरान बड़की कुंदरूकला निवासी मो. नजरूल पिता मो. अब्बास अंसारी और मो. निसार अंसारी, पिता स्व. अहमद अंसारी को 2 मोटरसाइकिल के साथ पकड़ा गया। पूछताछ में दोनों ने बाइक चोरी की बात कबूल की। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने अन्य 5 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की। साथ ही वाहन चोरी में संलिप्त तीसरे आरोपी रंजीत महतो पिता शंभू महतो, निवासी कुंदरूकला को भी गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में रामगढ़ थाना में कांड दर्ज कर तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा दिया है। बताया जाता है कि गिरफ्तार मो. नजरूल अंसारी का पूर्व से आपराधिक रिकॉर्ड है। उसके खिलाफ रामगढ़, मांडू, चरही, बोकारो सेक्टर 4 एवं 5 और पेटरवार थाना में धारा 379, 411, 414 के तहत 8 मामले दर्ज हैं। अभियान में पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) मो. अकरम रजा, पुलिस निरीक्षक नवीन प्रकाश पाण्डेय, पुलिस निरीक्षक रजत कुमार सहित रामगढ़ थाना और कुज्जू ओपी के अन्य पुलिस पदाधिकारी व जवान शामिल थे।

### मृत छात्र के परिवारों से मिले झामुमो पदाधिकारी, हरसम्भव सहयोग का दिया भरोसा

**खूंटी :** तोरपा में हाल सोमवार को हुए दर्दनाक करंट हादसे में प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के निर्देश पर मंगलवार को पार्टी के प्रखंड और जिला पदाधिकारियों ने मृत छात्र के घर पहुंचकर परिवार वालों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने शोक संतप्त परिजनों को ढाढ़स बंधाया और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। झामुमो नेताओं ने कहा कि इस दुखद घटना से पूरा क्षेत्र स्तब्ध है। पार्टी इस कठिन समय में पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है और उनकी हरसंभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही प्रशासन से भी मांग की गई कि प्रभावित परिवारों को त्वरित एवं समुचित सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जाए।

## खूंटी में आज सभी मतदान केन्द्रों पर होगी बीएलओ और बीएलए 2 की अंतिम बैठक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मो जावेद हुसैन ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के तहत चल रहे इन्यूमरेशन फेज की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में आगामी कार्ययोजना की जानकारी देते हुए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील की गई। उपायुक्त ने बताया कि 22 जुलाई को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) और बूथ लेवल एजेंट (बीएलए-2) की तीसरी एवं अंतिम बैठक आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर चुनाव पाठशाला का भी आयोजन होगा। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपने-अपने बीएलए-2 की उपस्थिति सुनिश्चित करने और मतदाताओं को भी बैठक में भाग लेने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। बैठक में बताया गया कि एएसडीडी (अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत एवं डुप्लीकेट) मतदाताओं की सूची का बीएलओ और बीएलए-2 के माध्यम से सत्यापन कर अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके बाद 05 अगस्त 2026 को मतदाता सूची के प्रारूप (ड्राफ्ट) का प्रकाशन किया जाएगा। उपायुक्त ने मतदाताओं से अपील की कि वे भरे और हस्ताक्षरित इन्यूमरेशन फॉर्म समय पर संबंधित बीएलओ को उपलब्ध कराएं, ताकि सभी फॉर्म का शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन और मतदान केंद्रों के युक्तिकरण का कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जा सके। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी, निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी (ईआरओ) सहित सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## 213वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का हुआ आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 213 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। राम सिया राम सिया राम जय जय राम के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। मण्डल के निवर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने आशा मोदी से बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित करवाई एवं आशा मोदी ने केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल प्रसाद का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। यजमान ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ का पूजन करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक डफली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित भक्तजनों से करवाया गया। भक्तजन श्री हनुमान जी महाराज की आराधना में लीन थे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया।

## रांची में चला नगर निगम का बुलडोजर, कई दुकानें तोड़ी गयीं



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** राजधानी रांची में सड़कों को अतिक्रमणमुक्त और यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को हरमू चौक पर सड़क किनारे लगाई गई 20 से अधिक अस्थायी दुकानों को बुलडोजर की मदद से हटाया गया। कार्रवाई के दौरान स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने विरोध भी किया। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि हरमू चौक, रातु रोड, अरगोड़ा और बिरसा चौक को जोड़ने वाला मार्ग शहर का अत्यंत व्यस्त मार्ग है। इस सड़क से लगातार वीआईपी मूवमेंट के साथ-साथ आम लोगों का भी आवागमन होता है। सड़क किनारे अस्थायी दुकानें लगने से यातायात बाधित होता है और जाम की स्थिति बनी रहती है। इसी को देखते हुए अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान प्रभावित दुकानदारों ने नगर निगम की कार्रवाई का विरोध करते हुए कहा कि वे पिछले करीब 10 वर्षों से यहां दुकान लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। यदि उनकी दुकानें हटा दी जाती हैं तो उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। उन्होंने सरकार और नगर निगम से वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की। नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार सड़क किनारे अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वाले दुकानदारों को पहले ही नोटिस जारी कर स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाने पर निगम की ओर से कार्रवाई की जा रही है।

## पतरातू में सांसद नमो फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर हुई बैठक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पतरातू :** पीटीपीएस पतरातू डैम के समीप स्थित सामुदायिक भवन में सांसद नमो फुटबॉल प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सांसद प्रतिनिधि सह जिला परिषद सदस्य राजाराम प्रजापति ने की, जबकि संचालन रितेश ठाकुर ने किया। बैठक में सांसद नमो फुटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन स्थल, का और समिति के गठन एवं प्रतियोगिता की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ 8 अगस्त 2026 को रसदा मैदान में किया जाएगा। प्रतियोगिता से संबंधित सभी व्यवस्थाएं गठित समिति की देखरेख में संपन्न कराई जाएंगी। बैठक में रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जैसवाल शामिल हुए। बैठक में आयोजन समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष राजाराम प्रजापति, सचिव रंजन भगत, संयुक्त सचिव किशोर कुमार महतो, कोषाध्यक्ष रितेश ठाकुर सहित सदस्यों में गणेश कुमार ठाकुर, मनीष कुमार, विकास मुंडा, राजकुमार मुंडा, प्रेम मुंडा, पंकज मुंडा एवं मनीष सिंह का चयन किया गया।

# पूरे सावन माह शिवमय रहता है बेड़ो



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी बाबा के मंदिर में सावन में पूरे महीने तक पूजा अर्चना करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। महादानी मंदिर में विशेष रूप से सावन में भक्तों का भीड़ उमड़ती है। यहां भक्तों द्वारा सुबह से ही भगवान का जलाभिषेक किया जाता है। वहीं शाम के समय, विशेष रूप से महादानी बाबा का फूलों से विशेष श्रृंगार पूजा व भजन कीर्तन का आयोजन किया जाता है। विजय टंडन व अशोक पंडा द्वारा 2001 में शुरू किया गया श्रृंगार पूजा आज भी 26 वर्षों से लगातार जारी है। पुजारी अशोक पंडा ने बताया कि वर्ष में एक बार लगने वाले सावन माह की महिमा अपरंपार है। यह माह भक्तों के कल्याण के लिए है। सावन माह में बाबा का दर्शन जप,तप और दान करने से भक्तों की समस्त मनोकामना पूरी होती है। बाबा के भव्य श्रृंगार करने के लिए ऐसे सैकड़ों श्रद्धालु भक्त हैं जो सावन महीना में बाबा का नियमित दर्शन पूजा तथा जलाभिषेक करते हैं। भक्तों द्वारा पूरे एक महीना के श्रृंगार पूजा अनुष्ठान को पूरा करने के लिए, अपने अनुसार दिन का चयन कर पवित्र सावन महीना में बाबा का भव्य श्रृंगार पूजा,संध्या आरती व प्रसाद का वितरण किया जाता है। मंदिर के आसपास रहने वाले दुकानदार व अन्य लोग भी पूरे एक महीना के लिए अपने दिनचर्या में बदलाव कर बाबा की भक्ति व सेवा में खुद को समर्पित कर देते हैं। भजन संध्या में भक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुति से भक्त भाव विभोर होकर जयकारा लगाते है। वहीं फूलों से सजे मंदिर में विराजमान महादानी बाबा के दिव्य दर्शन के लिए रात के समय में भी भक्तों का तांता बाबा के दरबार में लगाता है। भजन कीर्तन करने वालो में मदन राम,देवेंद्र प्रसाद, सोमा नायक,विनोद मेहरा,मोती लाल गुप्ता सहित कई लोगों का सराहनीय योगदान रहता है।

### पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने श्राद्ध के लिए किया सहयोग



**अनगड़ा :** प्रखंड के रामदगा गांव निवासी डुभन देवी (62) पति देवनाथ महतो का पिछले दिनों गंभीर बीमारी से निधन हो गया था,परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण भाजपा कार्यकर्ता निरंजन महतो ने पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार से संपर्क कर परिजनों को मदद की गुहार लगाई इस पर जैलेंद्र कुमार ने श्राद्ध के लिए परिजन के घर पहुंच कर सहयोग में अच्छा राशन एवं नगद राशि देकर किया। मौके पर भाजपा नेता कामेश्वर महतो,बिनोद महतो आदि उपस्थित रहे।

## डालसा और स्वावलंबन संस्था मिलकर करेंगे सामाजिक न्याय की दिशा में काम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**ओरमांझी :** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, भारत सरकार के सहयोग से रांची जिले में स्वावलंबन संस्था द्वारा संचालित स्माइल योजना का सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) के सचिव राकेश रौशन एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रशिक्षु वर्षा ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान योजना के तहत संचालित प्रशिक्षण, पुनर्वास एवं आजीविका संबंधी गतिविधियों का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर डालसा सचिव राकेश रौशन ने कहा कि समाज के हाशिए पर रह रहे लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए स्वावलंबन संस्था सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि डालसा और स्वावलंबन संस्था भविष्य में मिलकर कार्य करेंगे, ताकि जरूरतमंद लोगों तक कानूनी सहायता, पुनर्वास और सरकारी योजनाओं का लाभ प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सके। निरीक्षण के दौरान डालसा सचिव राकेश रौशन, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रशिक्षु वर्षा, पटेल ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के सीएमडी डॉ. दिलीप कुमार, संस्था की सचिव पुनीता राय तथा स्माइल टीम के सदस्यों ने संयुक्त रूप से वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत स्माइल आश्रय गृह की ओर से अतिथियों का अंगवस्त्र देकर स्वागत के साथ हुई। पटेल ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के सीएमडी डॉ. दिलीप कुमार ने संस्था द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों और स्माइल योजना के माध्यम से जरूरतमंदों के पुनर्वास एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में परामर्शदात्री सुषमा सिन्हा, प्रबंधक एस.पी. महतो, उषा कुमारी, रेखा कुमारी, देवनारायण लोहारा, किशोर कुमार दास सहित स्माइल टीम के

## उपायुक्त ने की अग्निवीर भर्ती रैली-2026 की तैयारियों को लेकर बैठक

# पदाधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** अग्निवीर भर्ती रैली-2026 के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में भर्ती रैली के दौरान अभ्यर्थियों की सुविधा, सुरक्षा एवं आवश्यक आधारभूत व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। बैठक में अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर कुमार रजत, सहायक समाहर्त्ता सुश्री आस्था शरण, अपर जिला दण्डाधिकारी (विधि-व्यवस्था) श्री धनंजय, जिला नजारत उपसमाहर्त्ता सुदेश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी वसीम अहमद, जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज, जिला खेल पदाधिकारी शिवेन्द्र कुमार, पुलिस उपाधीक्षक सदर संजीव कुमार बेसरा, पुलिस अधीक्षक (यातायात) सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं सेना के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक के दौरान सेना के अधिकारी एम.के. शर्मा ने बताया कि अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन 1 सितंबर 2026 से प्रारंभ होगा, जो लगभग 12 से 13 दिनों तक प्रस्तावित हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से भर्ती रैली के सफल संचालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने का आग्रह किया। जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी व्यवस्थाएं शत-प्रतिशत गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों की सुरक्षा एवं सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री ने भर्ती स्थल पर पर्याप्त मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने एम्बुलेंस, चिकित्सकों की तैनाती, स्ट्रेचर, कूलिंग रूम तथा आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा, ताकि दौड़ अथवा अन्य गतिविधियों के दौरान किसी भी अभ्यर्थी की तबीयत बिगड़ने पर तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने मौसम को ध्यान में रखते हुए वाटरप्रूफ जर्मन शेल्टर, पर्याप्त रेस्ट एरिया, बैरिकेडिंग, आवश्यक स्थानों पर कार्पेट, बैठने की व्यवस्था तथा अभ्यर्थियों के लिए सुरक्षित एवं व्यवस्थित प्रतीक्षा स्थल तैयार करने के निर्देश दिए।

## रोटरी भुरकुंडा ने भुरकुंडा में लगाया निःशुल्क नेत्र जांच शिविर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** रोटरी क्लब भुरकुंडा एवं रांची के आइरिस हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को भारत मेडिकल हॉल, भुरकुंडा में विशाल निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सुबह 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक कुल 150 लोगों ने अपनी आंखों की जांच कराई। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं बुजुर्ग शिविर में पहुंचे। नेत्र चिकित्सकों ने एक-एक मरीज की बारीकी से जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया। अवसर पर वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ. विशाल कुमार एवं डॉ. आदित्य भारद्वाज ने मरीजों की जांच की। उन्होंने मोतियाबिंद, काला मोतिया यानी ग्लूकोमा, चश्मे का नंबर, आंखों में एलर्जी, संक्रमण एवं अन्य नेत्र रोगों की जांच कर मरीजों को दवाएं एवं आगे के इलाज के लिए मार्गदर्शन दिया। जिन मरीजों को ऑपरेशन या विशेष इलाज की जरूरत थी उन्हें आइरिस हॉस्पिटल रांची या रामगढ़ में संपर्क करने की सलाह दी गई। शिविर के सफल आयोजन में रोटरी क्लब भुरकुंडा के अध्यक्ष श्रीकांत गुप्ता और सचिव प्रवीण शर्मा, परमजीत सिंह धामी, अजय गोयल, पप्पू सिंह, रंजीत गुप्ता, डॉ. एन के सिंह, चंद्रशेखर प्रसाद, धनंजय यादव, समरेन्द्र साह, सुषमा शर्मा और रिंकू सिंह धामी ने भी शिविर में सक्रिय सहयोग किया।

## एक झलक

### राजधानी रांची में अवैध हॉस्टलों की जांच कर सरकार के मानकों का पालन सुनिश्चित करे नगर निगम : अबुआ अधिकार मंच



**रांची** : अबुआ अधिकार मंच, झारखंड के यूथ एंड स्टूडेंट वेलफेयर प्रभारी अभिषेक शुक्ला ने रांची नगर निगम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर राजधानी में संचालित हॉस्टलों एवं लॉजों की व्यापक जांच कराने तथा सरकार द्वारा निर्धारित सुरक्षा एवं संचालन मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने की मांग की है। अभिषेक शुक्ला ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा लागू धर्मशाला/विवाह भवन/बैंक्वेट हॉल/लॉज एवं हॉस्टल अनुज्ञप्ति नियमावली, 2013 के तहत हॉस्टलों एवं लॉजों के संचालन के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश निर्धारित किए गए हैं। इसके बावजूद राजधानी रांची के चडरी, लालपुर, थड़पखना, चुटिया सहित विभिन्न क्षेत्रों में कई हॉस्टल एवं लॉज आवश्यक मानकों की अनदेखी करते हुए संचालित हो रहे हैं, जिससे छात्र-छात्राओं की सुरक्षा एवं हित प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई हॉस्टल अत्यंत संकरे मार्गों एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों में संचालित हैं, जहां किसी आपात स्थिति में दमकल या राहत-बचाव वाहनों का समय पर पहुँचना कठिन हो सकता है। ऐसी स्थिति में आगजनी अथवा अन्य दुर्घटना होने पर गंभीर जनहानि की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

### भाजपा संविधान को खत्म करना चाहती है : डॉ. एम. तौसीफ



**रांची** : झारखंड प्रदेश कांग्रेस मीडिया संयोजक डॉ. एम. तौसीफ ने आरोप लगाया कि झारखंड भाजपा नेतृत्व एवं झारखंड भाजपा के सांसद नीट पेपर लीक पर चुप्पी साधे हुए हैं। देश के कोने-कोने से आकर छात्र देश की राजधानी दिल्ली में लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन कर रहे हैं। केंद्र सरकार दिल्ली पुलिस के द्वारा छात्रों पीटवा रही है। सैकड़ों छात्र-छात्राएं जख्मी हुए हैं। पुलिस की कार्रवाई का कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करती है। लोकतंत्र में सत्ता पक्ष से सवाल और लोकतांत्रिक तरीके से सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने का अधिकार संविधान देता है। इससे पहले भी केंद्र में जो भी सरकारें रही हैं उनके खिलाफ प्रदर्शन और उनसे सवाल पूछे जाते रहे हैं। सरकारें जवाब भी देती हैं और प्रदर्शन कर रहे लोगों की मांगों को गंभीरता से सुनती हैं, और प्रदर्शनकारियों से मिलकर समस्या का समाधान करने का प्रयास करती है लेकिन आज विडंबना यह है कि भाजपा की केंद्र सरकार ना तो छात्रों से मिलने की हिम्मत करती है और ना ही छात्रों की मांगों पर विचार करती है। डॉ तौसीफ ने आरोप लगाया कि भाजपा संविधान को खत्म करना चाहती है जो आए दिन देखने को मिल रहा है। संविधान ने छात्रों को अधिकार दिया है कि वह अपने हित की बात करें।

### मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा सृजन से सम्मान तक अभियान के तहत युवा विकास व खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन



**रांची** : झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के सृजन से सम्मान तक-रजत जयंती वर्ष समारोह के अंतर्गत पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष नंदलालअग्रवाल के सम्मान में युवा विकास एवं खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन शाखा अध्यक्ष शुभा अग्रवाल की अध्यक्षता में राणी सती विद्यालय में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों के बीच उत्साहपूर्वक खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने पूरे उत्साह एवं खेल भावना के साथ भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष शुभा अग्रवाल, रेखा राईका, स्मिता अग्रवाल, आशा सर्राफ, पूजा लाडिया, वर्षा धानुका एवं शाखा के अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे। यह जानकारी शाखा मीडिया प्रभारी वेदिका सिंघानिया ने दी।

---

विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अंतर्गत उपायुक्त की मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक

# चुनाव पाठशाला के उद्देश्यों व कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**रांची** : विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अंतर्गत 22 जुलाई 2026 को आयोजित होने वाली बीएलओ एवं बीएलए-2 की तीसरी बैठक एवं चुनाव पाठशाला के सफल आयोजन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला अंतर्गत सभी विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक समाहर्त्ता, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में 22 जुलाई को सभी मतदान केन्द्रों पर आयोजित होने वाली चुनाव पाठशाला के उद्देश्यों एवं कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री ने बताया कि चुनाव पाठशाला का उद्देश्य ASDD (Absent, Shifted, Dead, Duplicate) सूची को अंतिम रूप देना, प्राप्त EnumerationForm का संग्रहण एवं सत्यापन सुनिश्चित करना, एक परिवार के सभी पात्र मतदाताओं को एक ही मतदान केंद्र से जोड़ना तथा विदेशी नागरिकों से संबंधित प्राप्त सूचनाओं पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करना है, ताकि कोई भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो और कोई पात्र मतदाता छूटने न पाए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि 22 जुलाई को आयोजित होनेवाली बीएलओ एवं बीएलए-2 एवं चुनाव पाठशाला की तीसरी बैठक विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने-अपने बीएलए-2 के माध्यम से संबंधित बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर 29 जुलाई 2026 से पूर्व Enumeration Form के शत-प्रतिशत संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन में सक्रिय सहयोग करें। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों की सहभागिता से मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाया जा सकता है। बैठक के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने विगत विशेष गहन पुनरीक्षण में मतदाताओं के नाम खोजने में आने वाली कठिनाइयों का उल्लेख किया। इस पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री ने सभागार में ही ऑनलाइन माध्यम से नाम खोजने की प्रक्रिया का प्रदर्शन करते हुए संबंधित पोर्टल पर मतदाताओं का विवरण आसानी से खोजने की जानकारी दी तथा उपस्थित प्रतिनिधियों की शंकाओं का समाधान किया।

---

झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन की तृतीय कार्यसमिति बैठक देवघर में सम्पन्न

## संगठन को सशक्त बनाने को लेकर कई महत्त्वपूर्ण निर्णय




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : देवघर जिला मारवाड़ी सम्मेलन के आतिथ्य में जैन मंदिर परिसर आयोजित झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन की तृतीय कार्यसमिति बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में झारखंड के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में प्रतिनिधियों ने भाग लिया। पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन, रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन, देवघर, गिरिडीह, जामताड़ा, बोकारो, धनबाद जिला, सहित कार्यसमिति के सदस्यों की सहभागिता रही।बैठक का शुभारंभ देवघर जिलाध्यक्ष अशोक डालमिया द्वारा स्वागत भाषण एवं प्रांतीय अध्यक्ष सुरेशचंद्र अग्रवाल के संबोधन के साथ हुआ। इसके पश्चात अनुपस्थिति का अनुमोदन, एवं पिछली कार्यसमिति की कार्यवाही की पुष्टि,तथा प्रांतीय महामंत्री विनोद जैन द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, तथा वर्ष 2025-26 के अंकेक्षित आय-व्यय को आमसभा में प्रस्तुत करने हेतु अनुमोदित किया गया। बैठक में उपाध्यक्षगण, मंडलीय उपाध्यक्षों, जिला अध्यक्षों एवं शाखा अध्यक्षों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।संविधान संशोधन संबंधी प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा हुई,और कुछ संशोधन के साथ संविधान संशोधन को पास किया गया। पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष गोविंद डालमिया ने अपने विचार रखे, भविष्य के कार्यक्रमों पर चर्चा हुई तथा विविध विषयों पर विचार-विमर्श के उपरांत धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ बैठक संपन्न हुई।

---

27वां तीन दिवसीय सावन महोत्सव मेले का हुआ शुभारम्भ

## सावन मेला अद्वितीय महिलाओं की अद्वितीय शक्ति का प्रतीक : दीपिका पांडे सिंह



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : अग्रवाल सभा रांची की महिला समिति शाखा के तत्वाधान मे 27वां तीन दिवसीय सावन महोत्सव मेला का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन भवन मे हुआ। सावन मेले का उद्घाटन महागामा विधानसभा क्षेत्र की माननीय विधायक दीपिका पांडे सिंह ने फीता काटकर की। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन जी गाड़ोदिया ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा पुष्पा अग्रवाल जी ने गणेश वंदना की। सावन मेले में आए सभी आगंतुक अतिथियों का अभिनंदन एवं स्वागत अग्रवाल सभा के अध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी ने किया मंत्री निर्मल बुधियाजी ने अग्रवाल सभा के कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी. अध्यक्ष मनोज चौधरी जी एवं मंत्री निर्मल बुधिया जी ने विशिष्ट अतिथि को पुष्प गुच्छ स्मृति चिन्ह एवं दुपट्टा उठाकर सम्मानित किया.अग्रवाल महिला समिति की संयोजिका रूपा अग्रवाल जी ने मेले के उद्देश्य पर प्रकाश डाला . मेले की संयोजिका अनुसूया नेवटिया जी ने कहा कि सावन मेला मे 100 से भी अधिक स्टॉल लगाए गए हैं। तथा मेले में दूसरे दिन महिलाओं द्वारा सावन सिंघारा का भव्य आयोजन किया गया है। मेले के समापन में समिति द्वारा बेस्ट स्टॉल को पुरस्कृत किया जाएगा आज सावन मेले में सैकड़ो महिलाओं ने खूब खरीदारी की एवं लजीज व्यंजनों का लुफ्त उठाया। अग्रवाल सभा रांची की महिला समिति शाखा के तत्वाधान में 27 वां तीन दिवसीय सावन महोत्सव मेला का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन भवन मे हुआ। सावन मेले का उद्घाटन महागामा विधानसभा क्षेत्र की विधायक दीपिका पांडे सिंह ने फीता काटकर की।

---

## सीएम से वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन विभाग के वरीय अधिकारियों ने मुलाकात



**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंड मंत्रालय में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के वरीय अधिकारियों ने मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने वन आधारित उत्पाद से बनीं सामग्रियां भेंट कीं।

---

## श्री डोरंडा बालिका उच्च विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : श्री डोरंडा बालिका उच्च विद्यालय में वार्षिक प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2025-26 की मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया तथा छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाध्यापिका आरती झा के स्वागत भाषण से हुआ। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव घेवर चंद नाहटा ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समिति द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करनेवाली छात्राओं को नगद पुरस्कार प्रदान किए गए। सुभाष चंद्र बोथरा द्वारा सभी सफल छात्राओं को स्मृति-चिह्न, मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र तथा पूनम चंद भंसाली द्वारा 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। अंग्रेजी विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा को मीनू दास गुप्ता स्मृति पुरस्कार के अंतर्गत नगद राशि प्रदान की गई। वहीं मध्य विद्यालय के शिक्षक अविनाश



कुमार द्वारा गणित विषय में पूर्णांक (100 अंक) प्राप्त करने वाली दोनों छात्राओं को 2,500-2,500 की नगद पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष सुभाष चंद बोथरा, सचिव घेवर चंद नाहटा, उपाध्यक्ष संपत लाल रामपुरिया, सुनील जी तिवारी, समिति के सदस्य ए.सी. विजय लाल जैन, सुरेशचंद्र बोथरा अमर चंद बेगानी, अजय जैन, प्रकाश चंद नाहाटा विद्यालय की पूर्व प्रधानाध्यापिका उपमा पाल, सुरेश प्रसाद, धनंजय कुमार सहित समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति, पूर्व शिक्षक-शिक्षिकाएँ, अभिभावक, शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी एवं छात्राएँ उपस्थित थे।

---

## 12 वर्षों तक पेपर लीक कराने और छात्रों पर लाठियां बरसानेवाली भाजपा को जेपीएससी घेराव का नैतिक अधिकार नहीं : राकेश सिन्हा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा कल प्रस्तावित झारखंड लोक सेवा आयोग घेराव को राजनीतिक पाखंड और युवाओं को गुमराह करने की साजिश बताया है। सिन्हा ने कहा कि जो भाजपा पिछले 12 वर्षों से केंद्र की सत्ता में रहते हुए देशभर में बार-बार पेपर लीक की घटनाओं को रोकने में विफल रही, लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ होने दिया और अपने अधिकारों की मांग करने वाले छात्रों पर लाठियां बरसाती रही, उसे आज झारखंड के युवाओं के नाम पर आंदोलन करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि ठएएळ, वत्र्छ-ठएळ, सहित अनेक प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक और परीक्षा संबंधी अनियमितताओं ने करोड़ों युवाओं का भविष्य प्रभावित किया है। जब देशभर के छात्र न्याय मांग रहे थे, तब भाजपा सरकार जवाब देने के बजाय आंदोलन कर रहे युवाओं पर दमन कर रही थी।

---

उपायुक्त से आदिवासी समुदाय बेयासी गांव, प्रखंड चान्हो के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

## आदिवासी समुदाय हमारे जिले की रीढ़ हैं, अवैध कब्जा नहीं होगा बर्दाश्त : डीसी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजन्त्री से समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आदिवासी समुदाय बेयासी गांव, प्रखंड चान्हो के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने ग्रामीणों की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत करते हुए जिला प्रशासन के हस्तक्षेप की मांग की। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने शिकायत को गंभीरता से लिया और तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने अंचल अधिकारी, चान्हो को निर्देशित किया कि शिकायत पर कार्रवाई करते हुये स्थानीय थाना (चान्हो थाना) के सहयोग से पूरी घटना की जांच करें और यदि अवैध कब्जा पाया जाता है तो उसे तुरंत हटाकर प्रभावित आदिवासी परिवारों को उनके वैध अधिकारों का संरक्षण सुनिश्चित करें। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा, आदिवासी समुदाय हमारी जिले की रीढ़ हैं। उनकी जमीन से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत को जिला प्रशासन शून्य सहनशीलता के साथ देखता है। कोई भी अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला प्रशासन, रांची ने स्पष्ट किया कि भूमि संबंधी विवादों में कानून के अनुसार सख्ती बरती जाएगी।

---

## डीएवी नंदराज के पांच छात्रों ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : डीएवी नंदराज पब्लिक स्कूल, बरियातू, रांची के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (NEET) में सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के पांच विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी मेहनत, लगन एवं समर्पण का उत्कृष्ट परिचय दिया है। नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों में संजना कुमारी, रवि रंजन, रवि राज, मानसी नायक एवं कुमार मयंक शामिल हैं। विद्यालय के प्राचार्य, प्रबंधन समिति एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी हैं। विद्यालय परिवार ने विश्वास व्यक्त किया कि ये विद्यार्थी भविष्य में चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए विद्यालय, राज्य एवं देश का नाम और अधिक गौरवान्वित करेंगे।

---

सरला बिरला विश्वविद्यालय ने 'हरित ग्राम अभियान' का किया शुभारम्भ

## 17 दिवसीय पौधरोपण व पर्यावरण जागरूकता अभियान शुरू



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची के उन्नत भारत अभियान (UBA) प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (ठरर) इकाई के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय द्वारा अंगीकृत गांव आरा में 'हरित ग्राम अभियान' का शुभारंभ किया गया। सत्रह दिवसीय पौधारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता का यह अभियान 4 अगस्त तक चलेगा। इस अभियान के अंतर्गत विश्वविद्यालय द्वारा अपने अंगीकृत गांवों–आरा, बड़ाम, सिलवई, महिलोंग एवं हरातू–सहित आरा गेट से महिलोंग तक सड़क किनारे लगभग पांच हजार पौधे लगाए जाएंगे। अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के साथ ही हरियाली की बढ़ोत्तरी तथा ग्रामीण समुदाय में पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। अभियान का शुभारंभ एसबीयू के माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने पौधारोपण कर किया। इस अवसर पर उन्होंने अधिक से अधिक वृक्षारोपण एवं उनके संरक्षण का संदेश देते हुए सभी से पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में माननीय कुलपति प्रो. सी. जगनाथन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारा नैतिक दायित्व भी है। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने तथा सतत विकास के उद्देश्य को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्नत भारत अभियान के समन्वयक डॉ. मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण तभी संभव है जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए सक्रिय भागीदारी निभाए।

---

## हर किसी के लिए शिक्षा जरूरी : रोहित शारदा



**रांची** : मारवाड़ी युवा मंच रांची दक्षिण शाखा द्वारा निवारणपुर स्थित मुख बाधिर स्कूल में बच्चों के बीच कॉफी पेंसिल, इरेजर, कटर, ड्राईंग पेंसिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं शाखा के पूर्व अध्यक्ष रोहित शारदा ने इस अवसर पर कहा कि इन बच्चों के बीच आकर समय बिताना सौभाग्य की बात है साथ ही साथ इनको देशभक्ति के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का महत्व पढ़ाई का महत्व बिजली पानी को कैसे बचाया जाए इसकी जानकारी शिक्षक के माध्यम से बच्चों तक पहुंचई। और कहा कि पढ़ाई हर किसी के लिए जरूरी है और कोई कमजोरी पढ़ाई के बीच में ना आए ऐसा हम लोगों का प्रयास है।कॉपी पेंसिल पा कर बच्चों में खुशी झलक रही थी। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष बलवीर जैन ने आगे इन बच्चों के बीच ड्राइंग खेलकूद इत्यादि प्रतियोगिता का आयोजन की बात कही।

---

## अभिभावकों को बच्चों के प्रति जागरूक करना ही लक्ष्य : डालसा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : जगरनाथपुर रथ मेला परिसर में श्रद्धालुओं को विधिक जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से जागरूक किया गया एवं उन्हें माननीय नालसा द्वारा संचालित योजना आषा के बारे में जानकारी दी गयी। ज्ञात हो कि न्यायमूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश पर एवं सदस्य सचिव झालसा, कुमारी रंजना अस्थाना एवं न्यायायुक्त, रांची अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव श्री राकेश रौशन की मौजुदगी रथ मेला परिसर में डालसा टीम द्वारा दिनांक 25.07.2026 तक जगरनाथपुर रथ मेला परिसर में विधिक जागरूकता एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जायेगा। इस अवसर पर पीएलवी आशीष बैठा, सुरज मुण्डा, मो ईमरान, सतीश कुमार, रामजीत महतो, अमोद कुमार निषाद, संगीता देवी, सीमा कुमारी, निर्मला कुमारी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।



डालसा के पीएलवी ने नालसा आशा योजना पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया और कहा कि नालसा प्रोजेक्ट आशा, बाल विवाह के पूर्ण उन्मूलन की दिशा में राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण द्वारा शुरू की गई एक अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रभावी पहल है। इसके उद्देश्यों के बारे में भी जानकारी दी गयी। माता-पिता और बच्चों को बाल विवाह के कानूनी व स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना, पीड़ित बच्चों और जोखिम वाले परिवारों को सामाजिक व पारिवारिक दबाव से निपटने के लिए सशक्त बनाना। पीड़ित बच्चों को कानूनी सहायता, शेल्टर होम और मानसिक कल्याण के लिए मुफ्त काउंसिलिंग प्रदान करना ही मुख्य उद्देश्य है।

---

# रांची रेलवे स्टेशन से 12 किलो गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रांची रेलवे स्टेशन से 12 किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। रांची आरपीएफ पोस्ट कमांडर शिशुपाल कुमार ने मंगलवार को बताया कि रांची और आरपीएफ फ्लाइंग टीम के जरिए ऑपरेशन नारकोस के तहत रांची रेलवे स्टेशन पर मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए विशेष संयुक्त जांच अभियान चलाया गया। जांच अभियान के दौरान प्लेटफॉर्म संख्या-01 स्थित वीआईपी गेट के समीप एक संदिग्ध युवक काले एवं हरे रंग का स्काई बैग लेकर बैठा हुआ दिखाई दिया। जांच दल को देखकर वह घबराने लगा, जिस पर उसे रोककर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने अपना नाम बृजराज यादव (19 ) बताया। वह उत्तर प्रदेश के ग्राम मटियारवा, थाना पदरौना, जनपद कुशीनगर का रहने वाला है। बैग के संबंध में पूछने पर उसने स्वीकार किया कि उसमें गांजा रखा हुआ है। घटना की सूचना सहायक सुरक्षा आयुक्त आरपीएफ प्रताप सिंह नेगी को दी गई, जो तुरंत मौके पर पहुंचे तथा संपूर्ण कार्रवाई का पर्यवेक्षण किये। मामले में एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूर्ण करने एवं स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में बैग की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान बैग से चार पैकेट बरामद हुए, जिनमें गांजा पाया गया। इस प्रकार कुल 12 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग छह लाख बताया गया। पूछताछ के दौरान आरोपित ने बताया कि उसे मेहंदी अंसारी के जरिए संताला (ओडिशा) से गोरखपुर तक गांजा पहुंचाने का काम सौंपा गया था, जिसके बदले उसे प्रति किलोग्राम एक हजार रुपए देने का वादा किया गया था। आरोपित ने बताया कि रांची रेलवे स्टेशन पहुंचने पर आरपीएफ की जांच देखकर मेहंदी अंसारी मौके से फरार हो गया। बरामद गांजा को जब्त एवं सील किया गया। इसके बाद आरोपित बृजराज यादव तथा जब्त 12 किलोग्राम गांजा को आगे की कार्रवाई के लिए जीआरपी रांची को सुपुर्द कर दिया गया है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक पवन कुमार, उपनिरीक्षक अजीत कुमार, आरपीएफ फ्लाइंग टीम रांची-आरक्षक दिलीप कुमार जितरवाल सहित अन्य शामिल थे।

---


## रांची सहित पूरे झारखंड में मॉनसून की अच्छी बारिश, किसानों की जगी आस

**रांची** : राजधानी रांची सहित पूरे राज्य भर में इन दिनों मानसून की अच्छी बारिश हो रही है। अच्छी बारिश होने से राज्य भर के किसानों के बीच अच्छी फसल होने की आस जग गई है। वहीं पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश सरायकेला खरसावां जिले के नीमडीह में 131.4 मिलीमीटर रिकार्ड की गई। वहीं इस दौरान चांडिल में 125.6 मिमी, राजमहल में 105 मिमी, कुरडेग में 46.4 मिमी, बलूमाथा में 83 मिमी, गम्हरिया में 76.2 मिमी, बरही में 73.2 मिमी सहित अन्य जिलों में भी अच्छी बारिश दर्ज की गई। इधर, रांची में 01 जून से 21 जुलाई तक 426.9 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। वहीं जमशेदपुर में इस दौरान 346.6 मिमी, डाल्टनगंज में 341.7 मिमी, बोकारो में 288.4 मिलीमीटर और चाईबासा में 431.4 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई। इस दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान 34.5 डिग्री बहरागोड़ा में और सबसे कम तापमान 20.5 डिग्री सेल्सियस लातेहार में रिकॉर्ड किया गया। मंगलवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से ही कई इलाकों में हल्की बारिश दर्ज की गई। साथ ही इस दौरान मौसम सुहाना बना रहा और मध्य गति की हवा चली।

वहीं, मंगलवार को रांची में अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री और न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 33.4 डिग्री और न्यूनतम 25 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 30.2 और न्यूनतम 24.5 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 31.1 डिग्री और न्यूनतम 24.5 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

---

## ममता से हुआ मिलन : डीएलएसए ने 12 वर्षीय लापता बच्चे को मां से मिलाया



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची ने अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के सहयोग से एक 12 वर्ष के बच्चे को मानव तस्करी का शिकार होने से बचाया और उसे उसकी मां से मिलाने में सहायाता किया। बच्चा वर्द्धमान पष्चिम बंगाल का रहनेवाला है, जिसे चाईल्ड हेल्पलाईन, रांची के सहयोग से उसकी मां मधु देवी को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के कार्यालय में सचिव राकेश रौशन की उपस्थिति में सीडब्ल्यूसी के द्वारा सौंपा गया। ज्ञात हो कि दिनांक 19.07.2026 को अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के कार्यकर्ता पप्पु कुमार को एक 12 वर्षीय बालक टाटीसिलवे, रांची की बीच सड़क पर रोता हुआ मिला। बच्चे से पूछने पर पता चला कि बच्चे का घर वर्द्धमान में है एवं कुछ लोगों ने पैसों का लालच देकर उसे बरगलाकर रांची ले आये है। बच्चा किसी तरह उनके चंगुल से भागकर सड़क पर भटक रहा था एवं संगठन के कार्यकर्ता के द्वारा उसे अपने अभिरक्षा में रखा गया एवं उसकी मां से बात कर बच्चे की मां मधु देवी को रांची बुलाया गया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रितेश कुमार के द्वारा एक आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के सचिव महोदय को दिया गया एवं चाईल्ड हेल्पलाईन रांची के सहयोग से उक्त बच्चे को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के कार्यालय में डालसा सचिव, चाईल्ड हेल्पलाईन रांची के सुपरवाईजर मुकेश कुमार एवं संगठन के अध्यक्ष रितेश कुमार की उपस्थिति में बच्चे को सीडब्ल्यूसी के द्वारा उसकी मां मधु देवी को सौंपा गया।

## एक झलक

### मानसून सक्रिय, लगातार बारिश, किसानों के चेहरे खिले, गर्मी से मिली राहत

चरही (हजारीबाग) : चरही में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो गया है। लगातार हो रही बारिश से मौसम में बदलाव आया है, जिससे लोगों को गर्मी और उमस से बड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार, रुक-रुककर हो रही इस वर्षा से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, वहीं खेतों में पर्याप्त नमी पहुंचने से किसानों में खुशी का माहौल है। कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक, यह बारिश खरीफ फसलों के लिए बेहद लाभदायक सिद्ध होगी। धान, उड़द, तिल और अन्य खरीफ फसलों की बुवाई तथा बढ़वार के लिए मौजूदा मौसम अनुकूल बताया जा रहा है। जिले के कई हिस्सों में किसानों ने धान की रोपाई का काम शुरू कर दिया है। इसके साथ ही, बारिश के कारण तालाबों, नदियों और अन्य जल स्रोतों का जलस्तर भी बढ़ने लगा है। हालांकि, लगातार हो रही वर्षा के कारण चरही के कई निचले इलाकों और ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है।

### आसमान से बरसती बारिश की बूंद से खिल उठे किसानों के चेहरे

बरही: प्रखंड एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले दो दिनों से हो रही झमाझम मानसूनी बारिश ने किसानों के चेहरों पर खुशी लौटा दी है। लंबे समय से अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे किसानों को अब राहत मिली है। बारिश के बाद खेतों में पर्याप्त नमी आ गई है, जिससे धान की रोपनी और अन्य खरीफ फसलों की बुआई का कार्य तेज हो गया है। किसानों का कहना है कि समय पर हुई बारिश से धान, मक्का, अरहर तथा अन्य खरीफ फसलों को काफी लाभ मिलेगा। खेतों में पानी भरने के बाद किसान परिवार पूरे उत्साह के साथ कृषि कार्य में जुट गए हैं। गांवों में ट्रैक्टर और हल-बैल से जुताई का काम भी तेजी से चल रहा है। हालांकि लगातार बारिश के कारण कुछ कच्ची सड़कों पर कीचड़ और जलजमाव की समस्या भी उत्पन्न हो गई है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद किसान इसे खेती के लिए शुभ संकेत मान रहे हैं। कृषि जानकारों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में भी इसी तरह संतुलित वर्षा होती रही तो इस वर्ष खरीफ फसलों का उत्पादन बेहतर होने की उम्मीद है। दो दिन से बारिश से ग्रामीण इलाकों में एक बार फिर रौनक लौट आई है और किसान अच्छी फसल की उम्मीद के साथ खेती-किसानी में जुट गये हैं।

### हेंदेगढ़ा पंचायत 12 गांव में जियो का नेटवर्क खराब होने से ग्रामीण परेशान

चरही : 12 गांव क्षेत्र में पिछले कई वर्षो से जियो के नेटवर्क एयरटेल खराब रहने से हेंदेगढ़ा हरहद कोवाड़ क्षेत्र के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्यादातर जियो सिम युज करने वाले मोबाइल उपभोक्ताओं ने बताया कि आए दिन जियो का नेटवर्क सही नहीं रहने से बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई में भी बाधा उत्पन्न हो रही है। चुरचू प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक हेंदेगढ़ा पंचायत मुखिया गिरजा कुमारी ने बताया कि इन दिनों हेंदेगढ़ा क्षेत्र में जियो के नेटवर्क खराब रहने से बच्चो कीऑनलाइन पढ़ाई में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, नेटवर्क खराब रहने से ऑनलाइन पढ़ाई में बीच में ही बच्चो की पढ़ाई रुक जाती है। जिससे जियो सिम एयरटेल उपभोक्ताओं में काफी नाराजगी जाहिर की है। जिओ का नेटवर्क जब तक ठीक-ठाक चल रहा था तब तक लोग घरों में रहकर लॉकडाउन का सही-सही पालन करते थे।

### आवास लाभुकों से बोर्ड के नाम पर अवैध वसूली, ग्रामीणों ने फर्जी गिरोह को खदेड़ा

इचाक: प्रखंड क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना और अबुआ आवास योजना के गरीब लाभुकों को ठगने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। बिहार एवं अन्य राज्यों से आये कुछ असामाजिक तत्व ग्रामीणों के घरों पर आवास योजना का सर्वे बोर्ड लगाने के नाम पर प्रति आवास 200 की अवैध वसूली कर रहे हैं। ठगी का यह खेल प्रखंड कार्यालय के नाम की फर्जी चिट्ठी और डुप्लीकेट मुहर दिखाकर धड़ल्ले से चलाया जा रहा है। गिरोह के सदस्य भोले-भाले ग्रामीणों पर रौब जमाकर जबरन पैसे ऐंठ रहे थे। ग्रामीणों के अनुसार, यह गिरोह ठीक उसी तर्ज पर काम कर रहा है जैसे पहले के जमाने में बिहार से आए कुछ लोग घरों की चौखट पर टोकन या पट्टी चिपकाकर सीधे-साधे ग्रामीणों से पैसों की ठगी किया करते थे।

### जंगली हाथियों के झुंड ने एक और किसान को कुचला, मौत

बरकट्ठा : बरकट्ठा थाना क्षेत्र के ग्राम बरकनगांगो में बुधवार के अहले सुबह जंगली हाथियों के झुंड ने एक किसान बाबुलाल साव पिता स्वर्गीय भीखन साव को कुचलकर मार डाला। इसी दौरान जंगली हाथियों का झुंड गांव में घुस आया और अपने खेतों में काम कर रहे किसान को कुचलकर मार डाला, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग और स्थानीय प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची तथा मामले की जांच शुरू कर दी।

# नीट पेपर लीक मामले को लेकर निकाला गया पैदल मार्च




फ्रीडम फाइटर संवाददाता

विष्णुगढ़ : झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा विष्णुगढ़ प्रखंड इकाई द्वारा जेएलकेएम प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो के नेतृत्व में सोमवार शाम को नीट पेपर लीक मामले के विरोध में आक्रोश पैदल मार्च निकाली गई। आक्रोश पैदल मार्च सातमील चौक से हॉस्पिटल चौक तक निकाली गई। इस दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम,भारत के शिक्षा मंत्री इस्तीफा दो, नीट पेपर लीक करना बंद करो, एग्जाम पेपर लीक करना बंद करो, वे सपोर्ट सोनम वांगचुक, जस्टिस फॉर नीट स्टूडेंट , स्टॉप पेपर लीक , सेव आउर फ्यूचर ,समेत कई नरों से सातमील चौक से हॉस्पिटल चौक की सड़कों में युवा नारे लगाते दिखे। जेएलकेएम प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो ने कहा कि हम सभी ग्रामीण क्षेत्र से एक गरीब परिवार से ताल्लुक रखते हैं, ऐसे स्थित में भी अपने बाल बच्चों को मजदूरी करके बाहर में बहुत उम्मीद के साथ पढ़ाते हैं ताकि कुछ अच्छा कर सके लेकिन जिस तरह झारखंड और केंद्र और राज्य सरकार द्वारा लगातार हर परीक्षा का यहां तक कि होम गार्ड परीक्षा पेपर लीक किया जा रहा है, ऐसी स्थिति में छात्र छात्राओं का मनोबल टूट जा रहा है सपने बिखर रहे हैं। कई छात्र अपना जान गवां दे रहे हैं। नीट जैसी परीक्षा का पेपर लीक करना कहीं न कहीं अपनी तानाशाही रवैया अपना कर मनमानी कर रही है। चाहे पेपर लीक हो, चाहे महंगाई हो सब बीजेपी सरकार में बहुत तेजी से बढ़ रही है। नीट पेपर लीक मामले को लेकर शांतिपूर्वक लगातार धरने पर बैठे सोनम वांगचुक सर को अपनी तानाशाही रवैया से धरना स्थल से उठा लिया गया। धरने पर बैठे लोगों पर लाठी चार्ज करवा दिया गया। कहीं न कहीं हमारी संवैधानिक अधिकार को भी छीना जा रहा है। यदि केंद्र और सरकार को आने वालेसमय में यहां की जनता जवाब जरूर देगी। जेएलकेएम जिला उपाध्यक्ष सुरेश कुमार महतो ने कहा कि पूरे देश और राज्य की शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से गिर चुकी है। नीट जैसी परीक्षा का भी पेपर लीक किया जा रहा है। पूरी तरह से छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। चाहे राज्य या केंद्र सरकार हो पूरी तरह से मनमानी कर रही है। छात्र हित में कोई नहीं है सब अपना झोली भरने के लिए लाखों रुपयों में पेपर को बेच दे रहें हैं। अपने अधिकार के लिए सरकार से मांग करना भी गुनाह है। आने वाले समय में जनता जवाब जरूर देगी । प्रखंड कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने कहा कि सरकारें चाहे केंद्र की हो या राज्य की पेपर लीक होना, सरकार की नाकामी और प्रतियोगिता परीक्षा के स्तर को गिराने का काम क्या जा रहा है, इससे नौकरी की तैयारी करने वाले बच्चों के भविष्य के साथ खेला जा रहा है। अमीरों के बच्चे तो पेपर को मोटी रकम देकर खरीद लेते है ऐसे में जो मेहनत कर रहे बच्चों होते उनका सपना चकनाचूर हो जाता है। क्योंकि उनके अभिभावको के पास पेपर खरीदने के लिए पैसा नहीं होता है, वर्तमान समय में जिनके पास पैसा वह पैसा देकर नौकरी ले रहे है। पेपर लीक का मुद्दा बहुत गंभीर है। नीट पेपर लीक मामले के विरोध में देश के कई राज्यों और शहरों में छात्रों, विभिन्न युवा संगठनों और राजनीतिक दलों द्वारा आक्रोश पैदल मार्च और विरोध प्रदर्शन निकाला गया है।

## भाजपा सरकार का युवा-विरोधी चेहरा बेनकाब: 152 पेपर लीक ने तबाह किया करोड़ों छात्रों का भविष्य: मनोज नारायण भगत



हजारीबाग : हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता मनोज नारायण भगत ने केंद्र की भाजपा सरकार पर करारा हमला बोलते हुए उसे भारत के इतिहास की सबसे युवा-विरोधी सरकार करार दिया है। उन्होंने कहा कि देश के करोड़ों युवाओं का भविष्य अंधकार में धकेलने वाली इस सरकार में नैतिक जवाबदेही पूरी तरह खत्म हो चुकी है। इस अवसर पर मनोज नारायण भगत ने निम्नलिखित मुख्य बिंदु उठाये

**नाकाम मंत्रियों को संरक्षण:** देश में लगातार हो रहे पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था के पूरी तरह ध्वस्त होने के बावजूद नाकाम शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा न लेना यह साबित करता है कि प्रधानमंत्री को युवाओं के दर्द से कोई सरोकार नहीं है। 152 पेपर लीक, 7.5 करोड़ छात्र प्रभावितः मोदी सरकार के कार्यकाल में अब तक 152 से अधिक परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं, जिससे देश के लगभग 7.5 करोड़ होनहार और मेहनती छात्र सीधे तौर पर पीड़ित हुए हैं। इतने बड़े पैमाने पर हुए घोटालों के बावजूद आज तक एक भी मुख्य दोषी को कड़ी सजा नहीं मिली है। सजा मिल रही है तो सिर्फ उन दिन-रात मेहनत करने वाले अभ्यर्थियों को, जिनकी सालों की तपस्या पर पानी फिर गया। हक मांगने पर

## आज होगी मतदाता सूची शुद्धीकरण को लेकर सभी मतदान केन्द्रों पर विशेष बैठक



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बरही : मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के तहत बुधवार को विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ एवं बीएलए-2 की तृतीय बैठक सह चुनाव पाठशाला आयोजित की जाएगी। बैठक का उद्देश्य मतदाता सूची का शुद्धिकरण, नए मतदाताओं का सत्यापन तथा सभी दावों एवं आपत्तियों का निष्पादन सुनिश्चित करना है। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी जयपाल महतो ने इस संबंध में सभी बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर एवं बीएलए-2 को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि बैठक में मतदाता सूची का गहन सत्यापन किया जाएगा तथा प्रत्येक मतदाता का नाम संबंधित मतदान केंद्र पर सुनिश्चित करने की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। बैठक के दौरान डुप्लीकेट एवं एकाधिक प्रविष्टियों वाले मतदाताओं, मृत मतदाताओं, स्थायी रूप से स्थानांतरित हो चुके मतदाताओं तथा गलत पते वाले मतदाताओं की सूची की समीक्षा की जाएगी। साथ ही, प्रपत्र-5 पर हस्ताक्षर से इनकार करने वाले मतदाताओं के मामलों की भी जांच होगी। इसके अलावा, एक जनवरी 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नए मतदाताओं के दावों का सत्यापन, प्राप्त प्रपत्र-6, 6ए, 7 एवं 8 की जांच तथा संबंधित आपत्तियों का निष्पादन किया जाएगा। 22 जुलाई तक प्राप्त सभी गणना प्रपत्रों की समीक्षा कर उनकी कार्यवाही तैयार की जाएगी और उसे ईसीआईनेट (ECINet) पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। सभी अभिलेखों का सत्यापन भी अनिवार्य रूप से किया जायेगा।

## झामुमो की जिला समिति की बैठक सपन्न, बूथ स्तर तक संगठन विस्तार पर जोर



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की जिला समिति की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को जिला परिषद सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया ने की, जबकि संचालन जिला सचिव नीलकंठ महतो ने किया। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, विभिन्न मोर्चों के गठन तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिले के सभी प्रखंड अध्यक्षों, पदाधिकारियों एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान प्रखंड स्तर पर संगठन विस्तार में आ रही चुनौतियों और समस्याओं की समीक्षा की गई। प्रखंड अध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्रों की स्थिति से जिला नेतृत्व को अवगत कराया, जिस पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही संगठन को और अधिक सक्रिय एवं जनसरोकारों से जोड़ने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया ने कहा कि झामुमो की ताकत उसकी जमीनी पकड़ और कार्यकर्ताओं की सक्रियता है। उन्होंने कहा कि पार्टी को आगामी दिनों में और अधिक मजबूत बनाने के लिए बूथ स्तर तक संगठन का विस्तार किया जाएगा। इसके लिए युवा मोर्चा, महिला मोर्चा एवं अल्पसंख्यक मोर्चा का गठन प्रत्येक बूथ तक सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने कहा, झामुमो की नीतियों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने के लिए मजबूत बूथ संरचना आवश्यक है। संगठन जितना मजबूत होगा, जनता की आवाज उतनी प्रभावी ढंग से सरकार और पार्टी मंच तक पहुंचेगी। सभी कार्यकर्ताओं को संगठन विस्तार के अभियान में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। बैठक के दौरान अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद के लिए मो. यासीन खान के नाम का प्रस्ताव रखा गया। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव का समर्थन किया और मो. यासीन खान को अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला अध्यक्ष मनोनीत करने की अनुशंसा पारित की।

## दो किलोमीटर जर्जर सड़क पर ग्रामीणों का छलका दर्द, सड़क, बिजली और शिक्षा व्यवस्था सुधारने की उठी मांग

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ प्रखंड की मड़मो पंचायत में बरवाडीह मध्य विद्यालय से नीलकंठवा टोला होते हुए कमलबांध तक जाने वाली करीब दो किलोमीटर लंबी सड़क बदहाल स्थिति में पहुंच चुकी है। वर्षों से मरम्मत नहीं होने के कारण सड़क जगह-जगह टूट गयी है, जिससे ग्रामीणों का आवागमन कठिन और जोखिमभरा हो गया है। आये दिन राहगीर गिरकर घायल हो रहे हैं, लेकिन समस्या के समाधान की दिशा में अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। मड़मो पंचायत के वार्ड संख्या-1 के सदस्य संतोष कुमार महतो ने सड़क की तत्काल मरम्मत एवं पुनर्निर्माण की मांग करते हुए कहा कि इस सड़क को लेकर ग्रामीण लंबे समय से जनप्रतिनिधियों और प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते रहे हैं।

## करोड़ों से बना स्टेडियम बदहाल, अब जागे खिलाड़ी, निर्माण के समय चुप्पी पर उठ रहे सवाल



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

चौपारण : प्रखंड मुख्यालय स्थित एकमात्र खेल स्टेडियम की बदहाल स्थिति को लेकर अब स्थानीय खिलाड़ियों और सीएससीए संस्था ने आवाज बुलंद करनी शुरू कर दी है। सोमवार को खिलाड़ियों ने जेसीबी की मदद से वर्षों से गिरी स्टेडियम की दीवार के पास बने अवैध रास्ते को बंद कर मैदान की सुरक्षा का प्रयास किया। हालांकि इस पहल के साथ ही एक बड़ा सवाल भी चर्चा का विषय बन गया है कि जब करोड़ों रुपये की लागत से स्टेडियम का निर्माण और सौंदर्यीकरण कराया जा रहा था, तब स्थानीय खिलाड़ी और खेल संगठन गुणवत्ता की निगरानी के लिए सामने क्यों नहीं आये? स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता को लेकर लगातार सवाल उठते रहे, लेकिन किसी स्तर पर प्रभावी विरोध या निगरानी नहीं हुई। आरोप है कि ठेकेदार ने निर्माण में मानकों की अनदेखी की और जैसे-तैसे काम पूरा कर दिया। अब कुछ ही वर्षों में स्टेडियम की दीवारें, शौचालय, भवन और अन्य संरचनाएं जर्जर हो चुकी हैं, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बीते कई वर्षों से गिरी हुई चारदीवारी के कारण मैदान के बीच से लोगों की आवाजाही शुरू हो गई थी, जिससे खेल गतिविधियां प्रभावित हो रही थीं। इसे देखते हुए सीएससीए अध्यक्ष तस्लीम राजा, बीएसएफ जवान राहुल कुमार, प्रेम पासवान, राजा कुमार, बबन कुमार, अजय यादव सहित अन्य सदस्यों ने अवैध रास्ते को बंद कराया और स्टेडियम के समुचित रखरखाव की मांग उठाई। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य के समय ही गुणवत्ता पर निगरानी रखी जाती और अनियमितताओं के खिलाफ आवाज उठाई जाती, तो आज करोड़ों रुपये की परिसंपत्ति इतनी जल्दी जर्जर नहीं होती। लोगों का मानना है कि सरकारी योजनाओं में केवल निर्माण के बाद विरोध करने के बजाय निर्माण के दौरान भी जनभागीदारी और सामाजिक निगरानी जरूरी है, ताकि सार्वजनिक धन का सही उपयोग हो और खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं मिल सकें।

## एनएमएल केरेडारी कोयला खदान में जलभराव आपदा से बचाव का सफल अभ्यास



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

केरेडारी : केरेडारी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए एनएमएल केरेडारी कोयला खनन परियोजना में मंगलवार को खदान में जलभराव आपदा से बचाव का अभ्यास सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। परियोजना प्रमुख अरुण कुमार सक्सेना के दूरदर्शी नेतृत्व तथा एनडीआरएफ के उप कमांडेंट विनय कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभ्यास का संचालन राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ), रांची के द्वारा किया गया। इस दौरान एनडीआरएफ टीम कमांडर सूरज कुमार (निरीक्षक एनडीआरएफ), तथा अंचल अधिकारी विपिन चंद्र विश्वास के नेतृत्व में विभिन्न एजेंसियों के बीच उत्कृष्ट समन्वय, त्वरित निर्णय क्षमता एवं प्रभावी बचाव कार्य का प्रदर्शन किया गया।सुरक्षा एवंआपातकालीन तैयारी तथा निकासी योजना के अंतर्गत आयोजित इस अभ्यास में खदान में अचानक जलभराव की काल्पनिक स्थिति बनाई गई, जिसमें फँसे 16 कर्मियों को सुरक्षित बाहर निकालकर बिना किसी जनहानि के बचाव अभियान सफलतापूर्वक पूरा किया गया। नियंत्रण कक्ष से सूचना प्राप्त होते ही एम्बुलेंस, अग्निशमन दल तथा बचाव दल तत्काल घटनास्थल पर पहुँचे और राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया। इस दौरान एनडीआरएफ, परियोजना की आंतरिक सुरक्षा टीम, सीआईएसएफ, एनटीपीसी प्रशासन, बीजीआर, सीसीएल की चंद्रगुप्त परियोजना, अग्निशमन दल तथा केरेडारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्सा टीम पूरी तरह सक्रिय रही। वहीं, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने त्वरित निकासी सुनिश्चित करने के लिए ग्रीन कॉरिडोर तैयार कर घायलों को शीघ्र अस्पताल पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अभ्यास के उपरांत टीम कमांडर सूरज कुमार (निरीक्षक एनडीआरएफ), ने कहा कि ऐसे अभ्यासों का उद्देश्य विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना तथा वास्तविक आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना है।

## स्मार्ट मीटर से घबराने की जरूरत नहीं, कोई भी शिकायत हो तो सीधे करें कॉल : अधीक्षण अभियंता



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : उपभोक्ता बिजली बिल और स्मार्ट मीटर को लेकर किसी भी प्रकार के भ्रम या घबराहट में न रहें, क्योंकि स्मार्ट मीटर पूरी तरह सुरक्षित और आपकी खपत की सटीक जानकारी देने वाला आधुनिक साधन है। यह बात हजारीबाग विद्युत अंचल के अधीक्षण अभियंता (Superintending Engineer) अशोक कुमार उपाध्याय ने विभागीय अधिकारियों संग आयोजित एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान कही। इस महत्वपूर्ण बैठक में अंचल के सभी कार्यपालक अभियंता (एएए), सहायक अभियंता (अएए) और कनीय अभियंता (खएए) उपस्थित रहे, जहां स्मार्ट मीटरिंग, बिलिंग संबंधी विसंगतियों और जन-शिकायतों के त्वरित निष्पादन पर विस्तार से चर्चा की गई। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि शुरूआत में स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं की ओर से हजारों शिकायतें मिल रही थीं, लेकिन विभाग की त्वरित कार्रवाई और जागरूकता के कारण अब यह संख्या घटकर महज कुछ सैकड़ों में रह गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कई बार पुराने मीटर की रुकी हुई (Store) यूनिट नये बिलिंग सिस्टम में जुड़ने के कारण शुरूआती बिल अधिक प्रतीत होता है। यदि किसी उपभोक्ता को लगता है कि उनके मीटर की रीडिंग में वास्तविक खराबी या तकनीकी त्रुटि है, तो वे निसंकोच अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जिसके बाद विभाग की MRT (Meter Reader & Testing) टीम मौके पर जाकर जांच करेगी और खराबी पाये जाने पर मीटर को तुरंत बदला जायेगा। इसके अलावा, स्मार्ट मीटर के एकीकरण (Integration) के बाद उपभोक्ताओं को न केवल समय पर रटर से बिल मिलेगा, बल्कि वे अपनी दैनिक बिजली खपत और लोड पैटर्न पर भी खुद नजर रख सकेंगे। उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित और आसान समाधान के लिए अंचल स्तर पर एक विशेष 'जन शिकायत निवारण केन्द्र' क्रियाशील किया गया है। विभाग ने आधिकारिक हेल्पलाइन और मोबाइल नंबर 6206187480 जारी किया है, जो प्रतिदिन सुबह 6:00 बजे से रात 10:00 बजे तक दो पालियों में चालू रहता है। इस नंबर पर उपभोक्ता बिजली आपूर्ति, बिल न मिलने या बिल में किसी भी तरह की गड़बड़ी से जुड़ी शिकायत सीधे दर्ज करा सकते हैं।

## श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में एआई एवं मशीन लर्निंग पर विशेष सेमिनार



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बरही : प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक एवं भविष्य की शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग विषय पर विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विशेषज्ञों से अक की कार्यप्रणाली, उपयोगिता और भविष्य की संभावनाओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता विनोबा भावे विश्वविद्यालय (VBU), हजारीबाग के यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (वउएळ) की प्रोफेसर डॉ. अर्चना धान थीं। वहीं उद्योग विशेषज्ञ के रूप में बियोयांस प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ अंकित शरण ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। विशेषज्ञों ने अपने संबोधन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग की मूल अवधारणाओं के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग और दैनिक जीवन में इसके बढ़ते उपयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने भविष्य में अक आधारित रोजगार के अवसरों और तकनीकी कौशल विकसित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। विद्यालय के प्राचार्य कैलाश कुमार ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आने वाले समय की सबसे महत्वपूर्ण तकनीकों में से एक है। विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित न रखकर उन्हें भविष्य की तकनीकों से भी अवगत कराना है, ताकि वे वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हो सकें।

## जिले में जल्द होगा सोहराई फेस्टिवल पखवाड़ा का आयोजन : उपायुक्त



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड द्वारा संचालित सोहराई महिला कला विकास सहयोग समिति का उद्घाटन उपायुक्त श्री हेमन्त सती ने मंगलवार को दीपूगढ़ा स्थित संस्कृति म्यूजियम परिसर में किया। यह केंद्र जिले की पारंपरिक सोहराई एवं कोहबर कला के संरक्षण, संवर्धन तथा महिला कलाकारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। उद्घाटन के उपरांत उपायुक्त ने केंद्र का अवलोकन किया तथा महिला कलाकारों द्वारा तैयार की गई सोहराई एवं कोहबर कला की विभिन्न कलाकृतियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कलाकारों के कौशल और सृजनात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि हजारीबाग की पारंपरिक सोहराई एवं कोहबर कला विश्व स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान रखती है। इन कलाओं के संरक्षण एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जिला प्रशासन द्वारा सोहराई फेस्टिवल पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा, जिससे स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ बेहतर मंच उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर उपायुक्त ने महिला कलाकारों से केंद्र के सुचारु संचालन के लिए आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली। कलाकारों ने केंद्र में नियमित विद्युत आपूर्ति, सोलर लाइट की व्यवस्था तथा केंद्र तक पहुंच मार्ग के निर्माण की आवश्यकता से अवगत कराया। इस पर उपायुक्त ने संबंधित प्रस्तावों पर सहमति व्यक्त करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के पश्चात उपायुक्त ने संस्कृति म्यूजियम का भ्रमण किया। उन्होंने पाषाण युग, पूर्व पाषाण युग तथा प्राचीन भारतीय सभ्यता के विकास को दशार्ने वाली दुर्लभ पुरातात्विक सामग्री का अवलोकन किया। इस दौरान संग्रहकर्ता गुस्ताफ इमाम ने उन्हें संग्रहालय में संरक्षित पुरावशेषों एवं उनके ऐतिहासिक महत्व की विस्तृत जानकारी दी। उपायुक्त हेमन्त सती ने पुरातात्विक धरोहरों के संरक्षण एवं संग्रहण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि हजारीबाग की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत को व्यवस्थित रूप से संरक्षित और प्रदर्शित करने के लिए भविष्य में एक आधुनिक संग्रहालय की दिशा में भी कार्य किया जाना चाहिए, ताकि नई पीढ़ी अपनी समृद्ध विरासत से परिचित हो सके।

## इचाक में इंडियन ऑयल पम्प पर नापने में निकला 'आधा पेट्रोल', भड़के ग्रामीणों का हंगामा

इचाक : पुराना इचाक स्थित इंडियन ऑयल के मां दुर्गा किसान सेवा केंद्र एक्सचेंज के समीप पेट्रोल पंप पर घटतौली का बड़ा मामला सामने आया है। पेट्रोल कम दिए जाने का आरोप लगाते हुए ग्राहकों और ग्रामीणों ने पंप पर जमकर हंगामा किया और प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मामला तब भड़का जब धरमु गांव निवासी राजू यादव ने पंप से 100 रुपया का पेट्रोल लिया। तेल की मात्रा पर शक होने पर जब उन्होंने मौके पर ही नापी करवाई, तो मशीन से महज 50 रुपया का पेट्रोल निकला। राजू यादव के अनुसार, चोरी पकड़े जाने पर पेट्रोल कर्मी ने अपनी गलती स्वीकार की और बाद में बचा हुआ पेट्रोल दिया।

## आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने रजत पदक एवं स्वर्ण पदक जीत कर विष्णुगढ़ का बढ़ाया मान



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ चेडरा स्थित आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल के युवा छात्र-छात्राओं ने बीते कुछ वर्षों से राज्यस्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा को लोहा मनवाया है। बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर रजत पदक एवं स्वर्ण पदक जीतकर विष्णुगढ़ का मान बढ़ाया है। बताते चलें कि इस वर्ष झारखंड राज्य खो-खो एसोसिएशन द्वारा आयोजित 20वीं सब-जूनियर स्टेट लेवल बॉयज खो-खो चैम्पियनशिप 2026-27 में आदर्श डीएवी स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय मुकाबले में उप-विजेता बनी। सबसे खास बात यह रही कि 20 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद हजारीबाग के लिए यह ट्रॉफी जीता गया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि से खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा है,आने वाले समय मे यह टीम और बेहतरीन प्रदर्शन कर विजेता बनेगी। इस उपलब्धि पर आदर्श डी.ए.वी विद्यालय परिवार में गजब का उत्साह दिखा, खिलाड़ियों का जबरदस्त स्वागत किया गया। यह प्रतियोगिता रामगढ़, जिले के सौंदा बस्ती स्टेडियम में दिनांक 18 जुलाई से 20 जुलाई 2026 को आयोजित की गई थी। फाइनल मुकाबला रामगढ़ की खो-खो टीम तथा हजारीबाग की खो खो टीम के बीच खेला गया, जिसमें आदर्श 'डी०ए० वी विद्यालय के छात्र कृष्णा कुमार (कक्षा-8), विराट कुमार (कक्षा-6), प्रिंस कुमार (कक्षा-6) तथा शुभांकर शेखर (कक्षा-8) ने बेहतरीन खेल दिखाकर समस्त जिले का नाम रौशन किया। खिलाड़ियों ने अपनी उपलब्धि और ऐतिहासिक सफलता का श्रेय विद्यालय के खेल शिक्षक सह कोच सौरभ कुमार यादव के कड़ी मेहनत को दिया जिन्होंने टीम के अनुशासन, खेल की बारीकियां सिखाई जिसकी बदौलत यह उपलब्धि हासिल की गई। विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्थ, मैनेजिंग डायरेक्टर और सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने इस सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए छात्रो के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# हत्या कांड का खुलासा: मुफस्सिल थाना प्रभारी की रणनीति से आरोपी पवन कुमार दास गिरफ्तार



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : अपराधियों के लिए हजारीबाग पुलिस का संदेश अब बिल्कुल स्पष्ट है—अपराध कर बच निकलना आसान नहीं। मुफस्सिल थाना क्षेत्र में हुए चर्चित विकास कुमार सिंह हत्याकांड का पुलिस ने महज त्वरित कार्रवाई ही नहीं, बल्कि पेशेवर जांच और मजबूत पुलिसिंग के दम पर खुलासा करते हुए प्राथमिकी अभियुक्त पवन कुमार दास को गिरफ्तार कर लिया। इस पूरी कार्रवाई में मुफस्सिल थाना प्रभारी पुअनि मुकेश कुमार सिंह की सक्रियता, सूझबूझ और नेतृत्व क्षमता की विशेष भूमिका सामने आई। पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर के नेतृत्व में गठित छापामारी टीम ने थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के निर्देशन में तकनीकी एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्यों को जोड़ते हुए आरोपी तक पहुंच बनाई। मामला 19 जुलाई को सामने आया, जब डेंटल कॉलेज हजारीबाग में सुपरवाइजर के रूप में कार्यरत विकास कुमार सिंह की हत्या की सूचना मिली। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुफस्सिल थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की। थाना प्रभारी मुकेश सिंह ने मामले को चुनौती के रूप में लेते हुए टीम के साथ लगातार कार्रवाई की और उपलब्ध साक्ष्यों की कड़ियों को जोड़ते हुए आखिरकार आरोपी पवन कुमार दास को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि एक ही लड़की से प्रेम संबंध को लेकर उसके मन में मृतक के प्रति आक्रोश था। इसी रंजिश में उसने विकास कुमार सिंह को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने शराब के नशे में मृतक पर हमला कर उसकी हत्या कर दी। इस पूरे हत्याकांड के उद्भेदन ने एक बार फिर साबित किया है कि मुफस्सिल थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना पुलिस अपराध नियंत्रण और गंभीर मामलों के त्वरित उद्भेदन को लेकर पूरी तरह गंभीर है। उनकी सक्रिय कार्यशैली, टीम को सही दिशा में नेतृत्व देने की क्षमता और घटनाओं की गहराई तक जाकर जांच करने की रणनीति ने इस मामले को जल्द सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## थाना प्रभारी निशांत केरकेट्टा की तत्परता से वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार न्यायिक हिरासत में भेजा गया



हजारीबाग : लोहसिंघना थाना पुलिस ने लंबित वारंटों के निष्पादन को लेकर चलाये जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी निशांत केर-केट्टा की सक्रियता और तत्परता के कारण करीब 10 वर्षों से फरार चल रहे वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान समशेर सिंह, उम्र करीब 42 वर्ष, पिता रविन्द्र सिंह, निवासी ओकनी लोहार टोली, थाना लोहसिंघना, जिला हजारीबाग के रूप में हुई है। अभियुक्त के विरुद्ध सदर थाना कांड संख्या-125/13, जीआर संख्या-631/13 के तहत मामला दर्ज था। इसी मामले में न्यायालय द्वारा जारी गैर-जमानतीय वारंट के आलोक में पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही थी। इसी दौरान लोहसिंघना थाना प्रभारी निशांत केरकेट्टा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम को सक्रिय किया और लगातार प्रयास के बाद वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त को दिनांक 21 जुलाई 2026 को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। लोहसिंघना पुलिस की सक्रियता से अपराधियों में बढ़ा कानून का खौफ लंबे समय से लंबित वारंट के निष्पादन में मिली इस सफलता ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि थाना प्रभारी निशांत केरकेट्टा के नेतृत्व में लोहसिंघना थाना पुलिस कानून से बचकर घूम रहे आरोपियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है।

## नगर निगम बना, सुविधाएं गायब, वार्ड नंबर 33 डामोडीह-सिरसी की बदहाल सड़कें और जलजमाव से फूटा जनाक्रोश

हजारीबाग : कटकमदाग अंचलान्तर्गत नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 33 अंतर्गत डामोडीह-सिरसी की बदहाली ने एक बार फिर शहरी विकास के दावों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बरसात की पहली ही तेज बारिश ने इलाके की जर्जर सड़कों और जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। जगह-जगह बने गहरे गड्ढों में पानी भर जाने से सड़कें तालाब में तब्दील हो गई हैं। पैदल चलना तो दूर, दोपहिया और चारपहिया वाहनों का आवागमन भी जोखिम भरा हो गया है। रोजाना स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और कामकाजी लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर निगम में शामिल होने के बाद विकास की उम्मीदें जगी थीं, लेकिन आज स्थिति पहले से भी अधिक बदतर हो चुकी है। नागरिकों का आरोप है कि जब यह इलाका पंचायत क्षेत्र में था, तब कम से कम मुखिया छोटी-बड़ी समस्याओं पर ध्यान देते थे।

## घंटों रेंगते रहे वाहन, एम्बुलेंस फंसी, नवाबगंज रोड की बदहाली ने विकास के दावों की खोली पोल

हजारीबाग : यह सिर्फ ट्रैफिक जाम नहीं है, यह सिर्फ टूटी हुई सड़क की कहानी भी नहीं है। यह उस व्यवस्था का आईना है, जो हर दिन हजारों लोगों को घंटों सड़क पर रेंगने के लिए मजबूर कर रही है और फिर भी सब कुछ सामान्य होने का दावा किया जाता है।सोमवार को अन्नदां चौक से पानी टंकी, छठ तालाब होते हुए नवाबगंज रोड तक का दृश्य किसी बड़े महानगर के ट्रैफिक संकट से कम नहीं था। फर्क सिर्फ इतना था कि यहां जाम का कारण वाहनों की अधिक संख्या नहीं, बल्कि बदहाल सड़क, अधूरी तैयारी और जवाबदेही का अभाव दिखाई दिया। दोपहिया वाहन हों, चारपहिया, टेंपो, ई-रिक्शा, स्कूली वाहन, एंबुलेंस या पैदल चलने वाले हर कोई एक ही सवाल पूछता नजर आया आखिर हमारी गलती क्या है?

## एक झलक

### रास्ते की समस्या को लेकर सीओ ने ग्रामीणों के साथ की बैठक

**बलियापुर (धनबाद) :** पांडेडीह बड़ा तालाब एवं पहाड़पुर से सिंदूरपुर आने-जाने के रास्ते की लंबे समय से चली आ रही समस्या के समाधान को लेकर मंगलवार को अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी मुरारी नायक की अध्यक्षता में ग्रामीणों एवं रैयतों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों मार्गों से जुड़े विवादों पर विस्तार से चर्चा कर समाधान का रास्ता तलाशने का प्रयास किया गया। बैठक में बताया गया कि पांडेडीह बड़ा तालाब तक जाने वाले मार्ग को लेकर कुछ रैयत उक्त भूमि को अपनी निजी जमीन बताते हुए सड़क निर्माण में आपत्ति जता रहे हैं। इस पर सीओ मुरारी नायक ने स्पष्ट किया कि संबंधित भूमि सरकारी अभिलेखों में सरकारी जमीन के रूप में दर्ज है, इसलिए नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जायेगी। वहीं, पहाड़पुर से सिंदूरपुर जाने वाले मार्ग के संबंध में जानकारी दी गई कि यह भूमि रैयती है। ऐसे में संबंधित भू-स्वामियों से आपसी सहमति और बातचीत के माध्यम से रास्ते की समस्या का स्थायी समाधान निकालने पर सहमति बनी। सीओ ने कहा कि ग्रामीणों की आवाजाही सुगम बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है और सभी पक्षों से संवाद कर विवाद का शांतिपूर्ण समाधान किया जाएगा। बैठक में भिखराजपुर के मुखिया दिलीप कुमार महतो, पंचायत समिति सदस्य दिवाकर महतो, सिंदूरपुर पंचायत के पूर्व मुखिया समीर मुर्मू, नुनूलाल हेंब्रम, सोनाराम मुर्मू सहित कई रैयत किसान एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### निरसा पुलिस की तत्परता से बिछड़ी छात्रा सकुशल परिजनों से मिली

**निरसा/धनबाद :** निरसा पुलिस की त्वरित कार्रवाई और मानवीय संवेदनशीलता के चलते मानसिक रूप से अस्वस्थ एक छात्रा को सकुशल उसके परिजनों तक पहुंचा दिया गया। इस सराहनीय पहल के लिए परिवार के सदस्यों ने पुलिस का आभार जताया है। जानकारी के अनुसार, बिरलाढाल निवासी बसंत यादव की पुत्री कोमल कुमारी, जो बुनियादी विद्यालय में कक्षा चार की छात्रा है, किसी कारणवश अपने परिजनों से बिछड़ गई थी। बच्ची के मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण परिवार की चिंता और बढ़ गई थी। सूचना मिलते ही निरसा थाना पुलिस हरकत में आई और तत्काल खोजबीन शुरू की। पुलिस ने बच्ची की पहचान सुनिश्चित करते हुए उसके परिजनों का पता लगाया और पूरी सुरक्षा के साथ उसे उसके घर पहुंचा दिया। बेटी के सकुशल घर लौटने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और निरसा थाना पुलिस की संवेदनशील कार्यशैली की सराहना की। परिजनों ने कहा कि पुलिस की तत्परता और जिम्मेदार कार्रवाई के कारण उनकी बच्ची सुरक्षित वापस मिल सकी। वहीं स्थानीय लोगों ने भी इस मानवीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यों से पुलिस के प्रति आम जनता का विश्वास और मजबूत होता है।

### एंटी क्राइम चेकिंग अभियान में 1207 वाहनों की जांच, संदिग्धों की पहचान का हुआ सत्यापन

**धनबाद :** वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर सोमवार की देर शाम तक जिलेभर में व्यापक एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने प्रमुख चौक-चौराहों, संवेदनशील स्थलों और मुख्य मार्गों पर सघन वाहन जांच अभियान संचालित किया। अभियान के दौरान कुल 1207 वाहनों की जांच की गई। पुलिस ने वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण, बीमा सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया। जिन वाहनों के कागजात अधूरे या नियमों के अनुरूप नहीं पाए गए, उनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान की कार्रवाई की गई तथा वाहन चालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।
इसके अलावा पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी लेकर उनकी पहचान का सत्यापन किया और आवश्यक पूछताछ भी की। पूरे अभियान के दौरान पुलिस की सक्रिय मौजूदगी से प्रमुख बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रही।

### रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**पाथरडीह (धनबाद) :** नुनूडीह स्थित स्व. ए.के. राय स्मृति भवन परिसर में मंगलवार को प्रख्यात मजदूर नेता, पूर्व सांसद एवं पूर्व विधायक कामरेड ए.के. राय की आठवीं पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनके संघर्षमय जीवन और मजदूर हितों के लिए किए गए योगदान को याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी। पुण्यतिथि के अवसर पर रक्तदान शिविर, नेत्र जांच एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सकों ने लोगों की जांच कर आवश्यक दवाओं का नि:शुल्क वितरण किया। वहीं शाम में गरीब एवं असहाय लोगों के बीच भोजन वितरण कर मानव सेवा का संदेश दिया गया।

---

### उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं


# समस्याओं का समय पर समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी मामलों की शीघ्र जांच कर समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जनता दरबार के दौरान कई मामलों में तत्काल कार्रवाई भी की गई। जनता दरबार में राशन कार्ड बनवाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ, बच्चों के स्कूल में नामांकन, ऑनलाइन रसीद निर्गत करने, भूमि मापी, सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने, सड़क पर अवैध कब्जा हटाने, रुकी हुई विधवा पेंशन चालू कराने, आंगनबाड़ी सेविका नियुक्ति, बेलगढ़िया में आवास उपलब्ध कराने, पैतृक संपत्ति के बंटवारे, नियोजन, दिव्यांगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने, धोखाधड़ी एवं अन्य पारिवारिक व भूमि विवाद से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए। झरिया निवासी दिव्यांग मो. इरसाद ने ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराने का आवेदन उपायुक्त को सौंपा। उपायुक्त के निर्देश पर जिला समाज कल्याण विभाग ने तत्काल ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई। वर्षों से इस सुविधा का इंतजार कर रहे इरसाद ने मौके पर ही ट्राइसाइकिल मिलने पर खुशी जताते हुए उपायुक्त का आभार व्यक्त किया। उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समय पर समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आवेदनों को लंबित रखने के बजाय धरातल पर जाकर उनका त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करें। साथ ही स्पष्ट किया कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

## दिहाड़ी मजदूर की बेटी पूनम ने नीट में मारी बाजी, अब डॉक्टर बनने का सपना होगा साकार



**धनबाद :** आर्थिक तंगी कभी भी प्रतिभा के आगे दीवार नहीं बन सकती, इसका जीवंत उदाहरण धनबाद की भूदा बस्ती की रहने वाली पूनम कुमारी ने पेश किया है। दिहाड़ी मजदूर धरमू गोराई की बेटी और एसएसएलएनटी सीएम उत्कृष्ट गर्ल्स विद्यालय (सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस) की पूर्व छात्रा पूनम ने नीट-2026 परीक्षा में 582 अंक, 99.1375 परसेंटाइल और ऑल इंडिया रैंक 16,972 हासिल कर डॉक्टर बनने की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाया है। इससे पहले वह सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर धनबाद जिला टॉपर भी रह चुकी हैं। नीट में शानदार सफलता के बाद उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय में पूनम को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए जिला प्रशासन पूनम के मेडिकल कॉलेज में दाखिले से लेकर डॉक्टर बनने तक की पूरी पढ़ाई का खर्च वहन करेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतिभाशाली छात्र की शिक्षा आर्थिक अभाव के कारण नहीं रुकनी चाहिए और जिला प्रशासन ऐसे विद्यार्थियों के साथ मजबूती से खड़ा रहेगा। पूनम ने बताया कि परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण उन्होंने सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में नामांकन लिया, जहां सीबीएसई पैटर्न की पढ़ाई, आधुनिक सुविधाएं और शिक्षकों के मार्गदर्शन ने उन्हें आगे बढ़ने का आत्मविश्वास दिया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को देते हुए कहा कि सरकार की पहल ने गरीब परिवारों के बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के नए अवसर खोले हैं।

## 15 वर्षों से सज रहा सावन मेला, 25 स्टॉलों पर राखियों और हस्तशिल्प की रही धूम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** मारवाड़ी महिला समिति, सरायढेला शाखा की ओर से मंगलवार को यूनियन क्लब में पारंपरिक सावन मेले का भव्य आयोजन किया गया। मेले में महिलाओं द्वारा लगाए गए 25 स्टॉल आकर्षण का केंद्र बने, जहां हस्तनिर्मित राखियों, गृह सज्जा की वस्तुओं और विभिन्न घरेलू उत्पादों की जमकर खरीदारी हुई। आयोजन का उद्देश्य महिला उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ उन्हें अपने उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री का मंच उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों प्रीति गोयल, मंजू बगड़िया और साधना देवालिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। समिति की ओर से सभी अतिथियों का तुलसी का पौधा भेंट कर सम्मान किया गया। मेले में राखियां, कपड़े, भगवान के वस्त्र, तोरण द्वार, ड्राई फ्रूट, खिलौने, चप्पल, फ्लावर पॉट, घड़ियां, हैंडमेड उत्पाद और गृह सज्जा की विभिन्न वस्तुएं बिक्री के लिए उपलब्ध थीं। समिति की अध्यक्ष रेखा अग्रवाल ने बताया कि घर से छोटे स्तर पर व्यवसाय करने वाली महिलाओं को प्रोत्साहित करने और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देने के उद्देश्य से इस मेले का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष 25 स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें महिलाओं द्वारा तैयार हस्तनिर्मित उत्पादों को विशेष स्थान दिया गया है। समिति की पूर्व अध्यक्ष नीलिमा अग्रवाल ने बताया कि सावन मेले का आयोजन पिछले 15 वर्षों से लगातार किया जा रहा है और हर वर्ष लोगों का भरपूर सहयोग मिलता है। कार्यक्रम में सचिव श्वेता छापोलिका, कोषाध्यक्ष चेरी गोयल सहित समिति की अनेक सदस्याएं मौजूद रहीं। मेले में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर खरीदारी की और महिला उद्यमियों का उत्साह बढ़ाया।

## अपूर्ण लाइसेंसों के निष्पादन में तेजी लाने के निर्देश आजीविका योजनाओं की प्रगति की डीडीसी ने की समीक्षा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** जिले में आजीविका संवर्धन से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और विभागीय समन्वय को मजबूत बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को उप विकास आयुक्त (डीडीसी) सन्नी राज की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति, बजट की उपलब्धता एवं व्यय की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान सीड लाइसेंस, उर्वरक लाइसेंस और कीटनाशक लाइसेंस से संबंधित मामलों पर विशेष चर्चा हुई। डीडीसी ने पाया कि कुछ मामलों में लाइसेंस निर्गत करने की प्रक्रिया अभी अधूरी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करते हुए सभी अपूर्ण लाइसेंसों की प्रक्रिया प्राथमिकता के आधार पर पूरी की जाए, ताकि किसानों और हितग्राहियों को समय पर आवश्यक सुविधाएं मिल सकें।
बैठक में स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित पलाश एवं अन्नपूर्णिका ब्रांड की गतिविधियों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने इन ब्रांडों के प्रचार-प्रसार, उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार, विपणन व्यवस्था को मजबूत करने तथा महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों की आय में वृद्धि के लिए प्रभावी रणनीति अपनाने पर चर्चा की।
डीडीसी सन्नी राज ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने, निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्यों को पूरा करने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला उद्योग केंद्र, कृषि, पशुपालन, मत्स्य, उद्यान, नाबार्ड, जेएसएलपीएस, मनरेगा, ग्रामीण विकास, लघु सिंचाई, किसान विज्ञान केंद्र समेत विभिन्न विभागों के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कांटापहाड़ी में सीआईएसएफ की छापेमारी, 13 टन अवैध कोयला जब्त



**बाघमारा (धनबाद) :** धनबाद जिले में अवैध कोयला खनन और कोयला चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को सीआईएसएफ ने बीसीसीएल के कतरास एरिया-4 अंतर्गत कांटापहाड़ी क्षेत्र में व्यापक छापेमारी अभियान चलाया। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई के दौरान टीम ने अवैध रूप से खनन कर जमा किए गए करीब 13 टन कोयले को जब्त किया। कार्रवाई से अवैध कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया। बताया गया कि सीआईएसएफ को क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध खनन और कोयला चोरी की सूचना मिल रही थी। इसके बाद अधिकारियों ने संबंधित इलाके का निरीक्षण किया और अवैध रूप से निकाले गए कोयले को जब्त कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू की। अधिकारियों का कहना है कि मामले में एमएमडीआर अधिनियम के तहत दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीआईएसएफ अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय संपत्ति की सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और अवैध खनन व कोयला चोरी के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस पॉलिसी' के तहत लगातार अभियान चलाया जा रहा है। बीसीसीएल के डीआईजी राजीव मिश्रा ने अधिकारियों को अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध ठोस साक्ष्य जुटाने और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। अधिकारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे, ताकि अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

## 20 लाख की लागत से बन रहे पैक्स गोदाम में घटिया सामग्री इस्तेमाल का आरोप, उपायुक्त से जांच की मांग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद) :** तोपचांची प्रखंड की चैता पंचायत स्थित गौधाम में निमार्णाधीन पैक्स गोदाम के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए पूर्व उपमुखिया फर्केश्वर महतो ने उपायुक्त धनबाद से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने जनता दरबार में आवेदन सौंपकर निर्माण कार्य में अनियमितता बरते जाने और सरकारी राशि के दुरुपयोग की आशंका जताई है। आवेदन के अनुसार कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की समेकित सहकारी विकास परियोजना (आईसीडीपी) के तहत लगभग 20 लाख रुपये की लागत से 100 मीट्रिक टन क्षमता वाले पैक्स गोदाम का निर्माण कराया जा रहा है। आरोप है कि निर्माण में निर्धारित मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता वाली चिमनी ईंट के बजाय निम्न गुणवत्ता की बंगला ईंट का उपयोग किया जा रहा है। इसके अलावा निर्माण कार्य में प्रयुक्त सीमेंट की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाये गये हैं। पूर्व उपमुखिया का कहना है कि यदि समय रहते निर्माण कार्य की जांच नहीं कराई गई तो सरकारी धन से बनने वाला गोदाम भविष्य में किसानों और पैक्स के लिए सुरक्षित व उपयोगी नहीं रह पाएगा। उन्होंने उपायुक्त से पूरे निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कराकर दोषी एजेंसी और संबंधित जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।
जनता दरबार में आवेदन स्वीकार कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक जांच एवं कार्रवाई के लिए अग्रसारित कर दिया गया है। अब मामले की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आरोपों की सत्यता और निर्माण कार्य की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## फुसबंगला तेजाब कांड की जांच करने पहुंचे अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष, निष्पक्ष कार्रवाई की मांग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जोरापोखर (धनबाद) :** फुसबंगला में मकान मालिक और कनक ज्वेलर्स के संचालक के बीच हुए विवाद के दौरान कथित तौर पर तेजाब फेंके जाने से दो नाबालिग भाई-बहन के घायल होने के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। मंगलवार को झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष सह राज्य मंत्री ज्योति सिंह मथारू घटनास्थल पहुंचे और पीड़ित परिवार से मिलकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। मथारू ने आरोप लगाया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चासनाला की प्रारंभिक मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपी को जमानत मिल गई, जबकि धनबाद एसएनएमएमसीएच की रिपोर्ट में घटना को तेजाब से संबंधित बताया गया है। उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि पूरे मामले से मुख्यमंत्री को अवगत कराया जाएगा। उन्होंने झरिया अंचलाधिकारी और सिंदरी डीएसपी से विवादित दुकान खाली कराने तथा नाबालिग बच्ची से जुड़े कथित अश्लीलता और ताक-झांक के आरोपों की भी निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। इस दौरान जोरापोखर थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। वहीं, सरदार जसबीर सिंह की पत्नी बलविंदर कौर ने आयोग को ज्ञापन सौंपकर न्यायालय के समक्ष वास्तविक तथ्यों को छिपाने का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच, बच्ची के समुचित इलाज और न्याय दिलाने की मांग की।

## नारायणी ट्रस्ट और अडानी फाउंडेशन की पहल, दिव्यांगता जागरूकता व अर्ली इंटरवेंशन पर दिया गया जोर

**धनबाद :** नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट एवं अडानी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को धनबाद के बाबू नगर, लोहार कुली क्षेत्र में दिव्यांगता जागरूकता एवं अर्ली इंटरवेंशन (प्रारंभिक हस्तक्षेप) विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों, अभिभावकों और बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में शारीरिक, मानसिक एवं विकास संबंधी समस्याओं की प्रारंभिक अवस्था में पहचान कर समय पर उचित उपचार, परामर्श और विशेष सहायता उपलब्ध कराने के प्रति लोगों को जागरूक करना था। इस दौरान विशेषज्ञों की टीम ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया, जिसमें कुछ बच्चों में विकासात्मक एवं मानसिक समस्याओं के शुरूआती संकेत मिले। विशेषज्ञों ने अभिभावकों को आवश्यक चिकित्सकीय सलाह देते हुए समय पर जांच और थेरेपी शुरू कराने की आवश्यकता पर बल दिया।

## लोदना क्षेत्र में चला पौधरोपण अभियान, 300 पौधे लगाये गये



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अलकडीहा (धनबाद) :** कोयला मंत्रालय के राष्ट्रव्यापी विशाल पौधारोपण अभियान के तहत मंगलवार को बीसीसीएल के लोदना क्षेत्र में व्यापक पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से मिनी पार्क और लोदना ग्राउंड परिसर में 300 पौधे लगाए गए। साथ ही आम एवं जामुन जैसे फलदार वृक्षों के लगभग तीन किलोग्राम बीज भी बोए गए। कार्यक्रम का नेतृत्व लोदना क्षेत्र के महाप्रबंधक अनिल कुमार सिन्हा तथा अमलगमेटेड जयरामपुर कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार ने किया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। महाप्रबंधक श्री सिन्हा ने कहा कि औद्योगिक विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया।
उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण के प्रयास तभी सार्थक होंगे जब विकास और पर्यावरण संरक्षण साथ-साथ आगे बढ़ेंगे। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व जून माह में विश्व पर्यावरण दिवस एवं स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान भी क्षेत्र में इसी प्रकार का वृक्षारोपण अभियान चलाया गया था।

## जोगता नागरिक समिति ने पौधे बांट कर दिया हरियाली और पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**बाघमारा (धनबाद) :** बढ़ते प्रदूषण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को जोगता नागरिक समिति ने जोगता मोड़ पर पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। समिति की ओर से आम नागरिकों के बीच फलदार एवं छायादार पौधों का वितरण कर अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष अनुज कुमार सिन्हा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यदि देश का प्रत्येक नागरिक अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का संकल्प ले, तो प्रदूषण की समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से अधिकाधिक वृक्षारोपण करने और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं हरित वातावरण छोड़ने की अपील की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया और पौधों का वितरण प्राप्त करने के साथ-साथ पौधारोपण एवं उनकी नियमित देखभाल करने की शपथ भी ली। समिति के इस अभियान की स्थानीय लोगों ने सराहना करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक पहल बताया। कार्यक्रम में एस. के. मोबीन, आशीष सरकार, मन्नू महतो, पांडे जी, हसीब खान, असगर मियां, निर्मल कुमार, मंगल चौहान, अजय चौहान, बिंदवा देवी, गुड़िया परवीन, राज कुमार सहित कई गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## रंगारंग प्रस्तुतियों और पुरस्कार वितरण के साथ 'काला हीरा' महोत्सव का सफल समापन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** सीसीडब्ल्यूओ सामुदायिक भवन में आयोजित नौवें ऑल इंडिया मल्टीलिंगुअल ड्रामा, डांस, ड्राइंग एंड म्यूजिक कंपटीशन फेस्टिवल 'काला हीरा' का मंगलवार को रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और पुरस्कार वितरण समारोह के साथ सफल समापन हो गया। चार दिनों तक चले इस राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों ने नाटक, नृत्य, संगीत और चित्रकला के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समापन समारोह का उद्घाटन ऑल इंडिया थिएटर काउंसिल के पदाधिकारियों एवं स्थानीय अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। समारोह में क्रेडो वर्ल्ड स्कूल, क्रैडेंजा म्यूजिक ग्रुप, बार्बी डांस एकेडमी और शक्ति स्क्वायर सहित कई संस्थाओं के कलाकारों ने आकर्षक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। स्थानीय कलाकारों के गीत-संगीत और नृत्य ने भी माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। महोत्सव के अंतिम दिन गिरिडीह, जमशेदपुर और अन्य शहरों की नाट्य संस्थाओं ने प्रभावशाली नाटकों का मंचन किया। इनमें 'सूर्यपुत्र कर्ण' और 'श्मशान महापर्व' विशेष आकर्षण रहे। 'श्मशान महापर्व' ने महाभारत युद्ध के बाद के मार्मिक दृश्यों के माध्यम से युद्ध की विभीषिका, मानवीय पीड़ा और शांति का संदेश प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। समारोह में मां धरती फाउंडेशन के रवि कुमार को उनके पर्यावरण संरक्षण कार्यों के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि एक करोड़ पौधरोपण के लक्ष्य के तहत अब तक 3.17 लाख से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। इस अवसर पर ऑल इंडिया थिएटर काउंसिल का स्थापना दिवस भी मनाया गया। कलाकारों ने कोविड काल से बंद रेल किराया रियायत को दोबारा शुरू करने, कलाकारों के लिए पेंशन व्यवस्था तथा प्रत्येक जिले में बेहतर ऑडिटोरियम उपलब्ध कराने की मांग उठाई। संगठन के अध्यक्ष मोहम्मद निजाम ने देशभर में नाट्य कार्यशालाओं और महोत्सवों के आयोजन को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

## जनहित के 17 मुद्दों पर झरिया विधायक रागिनी सिंह का बड़ा एक्शन, जीएम को सौंपा मांग-पत्र



**झरिया/धनबाद :** लोदना एरिया-10 की वर्षों पुरानी जनसमस्याओं के समाधान को लेकर झरिया विधायक रागिनी सिंह ने सोमवार को क्षेत्र के महाप्रबंधक अनिल कुमार सिंह के साथ बैठक कर 17 सूत्री मांग-पत्र सौंपा। बैठक में पेयजल, बिजली, सड़क, आवास, मंदिर निर्माण, ट्रांसफॉर्मर, स्ट्रीट लाइट, जलापूर्ति पाइपलाइन और खेल मैदान के सौंदर्यीकरण समेत विभिन्न जनहित के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। विधायक ने मांग की कि गोल्डेन पहाड़ी स्थित सिद्ध गुरु चेतन्य शक्ति पीठ मंदिर का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए। साथ ही कॉलियरी क्षेत्र में पेयजल एवं पिट वाटर की व्यवस्था, जर्जर सड़कों की मरम्मत, डीजी प्लांट डिगवाडीह में गेट और स्ट्रीट लाइट, झरिया चार नंबर बस स्टैंड से सब्जी बाजार तक जलापूर्ति पाइपलाइन बिछाने तथा जामाडोबा, जोगीडीह, जीतपुर और लोदना समेत विभिन्न क्षेत्रों में पानी, बिजली और आवास संबंधी समस्याओं के स्थायी समाधान की मांग उठाई। बैठक में क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक अमित कुमार महतो, परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार, विधायक प्रतिनिधि के.डी. पांडेय, अखिलेश सिंह, राज किशोर जेना, रामाधार सिंह, उमेश यादव, संजय यादव, रविकांत पासवान सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। प्रबंधन ने सभी मांगों पर सकारात्मक पहल करते हुए प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें चुना है, उस भरोसे पर खरा उतरना उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पेयजल, बिजली, सड़क, आवास जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और जनहित के किसी भी मुद्दे पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

## पुलिस जांच से बचने के प्रयास में रेलवे ट्रैक पर फंसी स्कॉर्पियो, गेटमैन की सतर्कता से टला बड़ा रेल हादसा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद):** मधुबन थाना पुलिस की देर रात चल रही वाहन जांच से बचने के प्रयास में एक स्कॉर्पियो रेलवे ट्रैक पर जा फंसी, जिससे कुछ देर के लिए रेल परिचालन बाधित हो गया। गेटमैन की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से समय रहते सिग्नल लाल कर दिया गया, जिससे संभावित बड़ा रेल हादसा टल गया। घटना सोमवार देर रात करीब दो से तीन बजे के बीच सोनारडीह रेलवे हाल्ट के समीप हुई। जानकारी के अनुसार, पुलिस जांच के दौरान बोकारो की ओर से आ रही लाल रंग की स्कॉर्पियो (संख्या खल10अअ/2654) को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर चालक वाहन को तेज गति से भगाते हुए भाग निकला। पीछा किए जाने पर वह सोनारडीह रेलवे फाटक पहुंचा, जहां फाटक बंद मिला। बच निकलने की कोशिश में चालक ने वाहन को हाल्ट की ओर मोड़ दिया, लेकिन स्कॉर्पियो प्लेटफॉर्म से उतरकर सीधे रेलवे ट्रैक के बीच फंस गई और क्षतिग्रस्त हो गई। इसके बाद चालक सहित सभी सवार मौके से फरार हो गए। ट्रैकमैन ने तत्काल गेटमैन को सूचना दी। गेटमैन ने संबंधित लाइन का सिग्नल लाल कर दिया, जिससे उसी ट्रैक पर आने वाली ट्रेन को समय रहते रोक लिया गया। सूचना मिलने पर रेल अधिकारी और रेल पुलिस मौके पर पहुंचे। करीब दो घंटे की मशक्कत और जेसीबी की मदद से क्षतिग्रस्त स्कॉर्पियो को ट्रैक से हटाया गया, जिसके बाद रेल परिचालन सामान्य हो सका। रेल पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है, जबकि मधुबन पुलिस फरार चालक और उसके साथियों की तलाश में जुटी है।

# ए. के. राय की 8वीं पुण्यतिथि पर प्रतिमा का अनावरण, नेताओं ने उनके संघर्षपूर्ण जीवन को किया याद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी (धनबाद) :** मार्क्सवादी चिंतक एवं पूर्व सांसद स्वर्गीय ए. के. राय की 8वीं पुण्यतिथि पर मंगलवार को सिंदरी स्थित पीडीआईएल प्रवेश द्वार के समीप उनकी आदमकद प्रतिमा का अनावरण पूर्व विधायक आनंद महतो ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समर्थक, जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम से पूर्व सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो के नेतृत्व में बिरसा समिति परिसर से एक विशाल बाइक रैली निकाली गई। रैली शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए प्रतिमा स्थल पहुंची, जहां नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने ए. के. राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद आयोजित श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने ए. के. राय के संघर्षमय जीवन, सादगी और जनसेवा को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त करने के बावजूद उन्होंने मजदूरों, किसानों और शोषित-पीड़ित वर्ग के अधिकारों की लड़ाई लड़ने के लिए अपनी नौकरी छोड़ दी। चार बार सांसद और विधायक रहने के बावजूद उन्होंने कभी पेंशन नहीं ली और न ही सरकारी सुख-सुविधाओं को स्वीकार किया। उनका पूरा जीवन सादगी, ईमानदारी और जनसंघर्ष का प्रतीक रहा। कार्यक्रम का संचालन राजीव मुखर्जी ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक आनंद महतो, विशिष्ट अतिथि निरसा विधायक अरूप चटर्जी तथा सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो

## बलियापुर में ए.के. राय को दी गयी श्रद्धांजलि

**धनबाद/बलियापुर :** पूर्व सांसद एवं जननेता स्वर्गीय ए.के. राय की पुण्यतिथि पर सोमवार को बलियापुर प्रखंड स्थित किसान संग्राम समिति कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड कमेटी के सक्रिय कॉमरेड साथियों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने स्व. राय के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि ए.के. राय जैसे ईमानदार, संघर्षशील और जनहित के प्रति समर्पित नेता विरले ही होते हैं। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन मजदूरों, किसानों तथा शोषित-पीड़ित वर्ग के अधिकारों की लड़ाई में समर्पित किया। वक्ताओं ने कहा कि उनके विचार और संघर्ष आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं तथा उनके बताए मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## मजदूर मसीहा कॉ. ए.के. राय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा, संघर्षों को किया याद



**बाघमारा (धनबाद) :** पूर्व सांसद, विधायक और मजदूरों के लोकप्रिय नेता कॉमरेड ए.के. राय की पुण्यतिथि मंगलवार को श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। रामकनाली स्थित एकेडब्ल्यूएमसी वेस्ट मोदीडीह परिसर में बिहार कोलियरी कामगार यूनियन कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में यूनियन पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि कॉ. ए.के. राय ने अपना संपूर्ण जीवन मजदूरों, शोषितों और वंचितों के अधिकारों की लड़ाई के लिए समर्पित किया। उन्होंने कोयला मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष किया और अलग झारखंड राज्य आंदोलन को नई दिशा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वक्ताओं ने कहा कि उनकी सादगी, ईमानदारी, जनपक्षधर सोच और संघर्षशील जीवन आज भी मजदूर आंदोलनों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों पर चलने तथा मजदूर हितों, सामाजिक न्याय और श्रमिक अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में कॉ. ए.के. राय के विचार और भी अधिक प्रासंगिक हैं तथा श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए उनके सिद्धांतों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

## निरसा में कॉमरेड ए.के. राय की 8 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि, विचारों पर चलने का लिया संकल्प



**निरसा (धनबाद) :** भाकपा माले कार्यालय परिसर, निरसा में सोमवार को मार्क्सवादी चिंतक, जननेता एवं पूर्व सांसद कॉमरेड ए.के. राय की 8 वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं, समर्थकों और स्थानीय लोगों ने भाग लेकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा एक मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता टूटून मुखर्जी ने की, जबकि संचालन मुमताज अंसारी ने किया। इस अवसर पर भाकपा माले के विधानसभा संयोजक कॉमरेड आगम राम ने कहा कि ए.के. राय ने अपना पूरा जीवन मजदूरों, किसानों, वंचितों और शोषित वर्ग के अधिकारों की लड़ाई को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि ए.के. राय का मानना था कि केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि व्यवस्था परिवर्तन से ही समाज में वास्तविक न्याय स्थापित हो सकता है। उन्होंने झारखंड राज्य गठन से पहले दी गई ए.के. राय की चेतावनी का उल्लेख करते हुए कहा कि आज की परिस्थितियां उनके विचारों की प्रासंगिकता को साबित करती हैं।

## सम्पादकीय.....

# ये भारत के युवा नहीं हो सकते ?

**दिल्ली** में संसद मार्च के दौरान सामने आए दृश्य आज प्रत्येक देशभक्त भारतवासी को चिंता में डाल रहे हैं। जिसने भी इन्हें देखा, प्रतिक्रिया एक ही सामने आ रही थी, ये अराजकता भारत के युवा चरित्र पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती है। यदि लोकतांत्रिक विरोध के नाम पर बैरिकेड तोड़े जाएं, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जाए, पुलिस पर पथराव हो, संसद तक बलपूर्वक पहुंचने का प्रयास किया जाए और सोशल मीडिया पर भड़काऊ भाषणों तथा अपुष्ट सूचनाओं के माध्यम से वातावरण को और उग्र बनाया जाए, तब स्वाभाविक रूप से यही कहा जाएगा कि क्या यही वह युवा है, जिसकी कल्पना स्वामी विवेकानन्द, महर्षि अरविन्द, महात्मा गांधी और डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जैसे भारत के महान देशभक्तों ने की थी? स्वामी विवेकानन्द ने भारत के युवाओं के लिए ऊजार्वान के साथ चरित्रवान होने का स्वप्न देखा था। उनका प्रसिद्ध कथन है, 'हमें ऐसी शिक्षा चाहिए जिससे चरित्र का निर्माण हो, मन की शक्ति बढ़े, बुद्धि का विकास हो और मनुष्य अपने पैरों पर खड़ा हो सके।' उन्होंने युवाओं से 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए' का आह्वान अवश्य किया, किंतु कहीं भी यह नहीं कहा कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए कानून तोड़ो, हिंसा करो या समाज में अराजकता फैलाओ। विवेकानन्द के लिए युवा वह था, जो अपने आत्मबल, संयम और राष्ट्रभक्ति से समाज का नेतृत्व करे। महर्षि अरविन्द भी भारत के युवाओं को राष्ट्र की आध्यात्मिक और नैतिक शक्ति मानते हैं। उनका विश्वास है कि भारत का पुनर्जागरण राजनीतिक के स्थान पर चरित्रवान युवाओं से होगा, क्योंकि राष्ट्र निर्माण का आधार आत्मानुशासन है। यही कारण है कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में जितने भी महान युवा सामने आए, उन्होंने संघर्ष अवश्य किया, परंतु राष्ट्र की संपत्ति को नष्ट करना, समाज में भय का वातावरण बनाना अथवा भीड़ के उन्माद को नेतृत्व मानना कभी स्वीकार नहीं किया। यहां महात्मा गांधी के विचारों को भी समझना उपर्युक्त होगा, वे कहते हैं, 'अहिंसा निर्बलों का नहीं, वीरों का अस्त्र है।' लोकतंत्र में असहमति का अधिकार मौलिक है, किंतु हिंसा किसी भी आंदोलन की नैतिक शक्ति को समाप्त कर देती है। यदि किसी आंदोलन का परिणाम आम नागरिकों की पीड़ा, सार्वजनिक संपत्ति की क्षति और कानून-व्यवस्था का संकट बन जाए, तो वह जनांदोलन कैसे कहला सकता है? वह तो लोकतांत्रिक मर्यादाओं को तोड़ने का कार्य है। विरोध और विध्वंस में यही मूल अंतर है, जिसे कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) को अपने प्रदर्शन के दौरान समझना चाहिए था। क्या आज हम इस तथ्य को नजरअंदाज कर सकते हैं कि भारत विश्व का सबसे युवा राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के अनुसार देश की लगभग 65 प्रतिशत जनसंख्या 35 वर्ष से कम आयु की है। यही युवा भारत की सबसे बड़ी शक्ति है, किंतु यदि यह शक्ति राष्ट्र निर्माण के स्थान पर अराजकता की दिशा में मुड़ जाए, तब फिर क्या कहा जाएगा, सच पूछिए तो यही स्थिति एक सफल देश के लिए उसकी सबसे बड़ी त्रासदी बन जाती है, जैसा कि दृश्य दिल्ली में दिखा है। संसद मार्च के दौरान जो घटनाएं सामने आईं, वस्तुतः उनमें प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान, यातायात का ठप हो जाना तथा सोशल मीडिया पर उग्र और विवादित वीडियो का प्रसार, इन सबने लोकतांत्रिक विरोध और भीड़तंत्र के बीच की रेखा को आज पुनः चर्चा के केंद्र में ला दिया है। कई वायरल वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं होने के बाद भी जिस तरह से उनका प्रसार किया जा रहा था, उससे यही समझ आता है कि भारत को कैसे अराजक बनाया जा सकता है, इसके लिए लगता है, देश में कई शक्तियां कार्य कर रही हैं जोकि इस शांति मार्च के नाम पर एक साथ आती हुई दिखीं।

## ● किसने क्या कहा



आर्थिक सहयोग भारत–उत्तर मैसिडोनिया संबंधों का प्रमुख आधार

**द्रौपदी मुर्मू**
**राष्ट्रपति**

सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर अभ्यास जरूरी

**नरेन्द्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**



# चेंजिंग रूम में हिडन कैमरे

विशेष | **डॉ. प्रियंका सौरभ**




जानकारी के अनुसार, फोटो शूट के लिए पहुँची एक युवती ने चेंजिंग रूम में कपड़े बदलते समय दीवार में कुछ संदिग्ध दिखाई देने पर अपने मोबाइल की टॉर्च से जांच की और एक छिपा हुआ कैमरा देखा। उसने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कैमरा जब्त किया और स्टूडियो संचालक को गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई सराहनीय है, लेकिन इससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि इस घटना को केवल एक पुलिस केस मानकर भुलाया न जाए, बल्कि इसे समाज, प्रशासन और कानून के लिए गंभीर चेतावनी के रूप में देखा जाए। यह घटना अनेक प्रश्न छोड़ जाती है। क्या यह कैमरा पहली बार लगाया गया था? क्या इससे पहले भी किसी की रिकॉर्डिंग की गई?

**हर** सभ्य समाज की पहचान इस बात से होती है कि वह अपने नागरिकों की गरिमा, निजता और सुरक्षा को कितना महत्व देता है। विशेषकर महिलाओं की निजता की रक्षा किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था का मूल दायित्व है। लेकिन जब ऐसे स्थान, जहाँ व्यक्ति स्वयं को सबसे अधिक सुरक्षित समझता है—जैसे चेंजिंग रूम, ट्रायल रूम, फोटो स्टूडियो, जिम, ब्यूटी पार्लर या होटल—वहीं उसकी निजता पर हमला होने लगे, तब यह केवल एक आपराधिक घटना नहीं रहती, बल्कि पूरे समाज के लिए चेतावनी बन जाती है। हिसार के निरंकारी रोड स्थित एक फोटो स्टूडियो के चेंजिंग रूम में कथित रूप से हिडन कैमरा मिलने की घटना ने हर संवेदनशील नागरिक को झकझोर दिया है। जानकारी के अनुसार, फोटो शूट के लिए पहुँची एक युवती ने चेंजिंग रूम में कपड़े बदलते समय दीवार में कुछ संदिग्ध दिखाई देने पर अपने मोबाइल की टॉर्च से जांच की और एक छिपा हुआ कैमरा देखा। उसने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कैमरा जब्त किया और स्टूडियो संचालक को गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई सराहनीय है, लेकिन इससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि इस घटना को केवल एक पुलिस केस मानकर भुलाया न जाए, बल्कि इसे समाज, प्रशासन और कानून के लिए गंभीर चेतावनी के रूप में देखा जाए। यह घटना अनेक प्रश्न छोड़ जाती है। क्या यह कैमरा पहली बार लगाया गया था? क्या इससे पहले भी किसी की रिकॉर्डिंग की गई? यदि रिकॉर्डिंग हुई, तो वह कहाँ संग्रहीत है? क्या उसे किसी के साथ साझा किया गया? क्या अन्य लोग भी इस अपराध का शिकार हुए होंगे? इन सभी पहलुओं की वैज्ञानिक और डिजिटल फॉरेंसिक जांच अत्यंत आवश्यक है। ऐसे मामलों में केवल कैमरा बरामद करना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि उससे जुड़े प्रत्येक डिजिटल साक्ष्य की जांच भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है। तकनीक ने हमारे जीवन को आसान बनाया है, लेकिन उसी तकनीक का दुरुपयोग अपराधियों के हाथों में खतरनाक हथियार बन गया है। आज बाजार में अत्यंत छोटे आकार के कैमरे आसानी से उपलब्ध हैं। इन्हें घड़ी, पेन, चार्जर, स्मोक डिटेक्टर, बल्ब, हुक, पावर बैंक या सजावटी वस्तुओं में छिपाया जा सकता है। आम व्यक्ति के लिए उन्हें पहचानना आसान नहीं होता। यही कारण है कि ऐसे अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं और कई बार पीड़ितों को वर्षों तक पता भी नहीं चलता कि उनकी निजी गतिविधियाँ रिकॉर्ड की जा चुकी हैं। ऐसे अपराध केवल निजता का उल्लंघन नहीं करते, बल्कि व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डालते हैं। यदि किसी महिला को यह पता चले कि उसके कपड़े बदलते समय की वीडियो रिकॉर्डिंग किसी ने बना ली है, तो वह केवल कानूनी पीड़िता नहीं रहती, बल्कि लंबे समय तक मानसिक तनाव, भय, शर्म और सामाजिक दबाव से भी गुजरती है। कई मामलों में पीड़ित अवसाद, आत्मग्लानि और सामाजिक अलगाव का भी सामना करते हैं। इसलिए ऐसे अपराधों को केवल तकनीकी अपराध नहीं, बल्कि मानवीय गरिमा पर हमला माना जाना चाहिए।

इस घटना का दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष विश्वास का टूटना है। कोई भी व्यक्ति फोटो स्टूडियो में इस विश्वास के साथ जाता है कि वहाँ उसकी निजता सुरक्षित रहेगी। यदि ऐसे प्रतिष्ठानों में ही लोग असुरक्षित महसूस करने लगें, तो समाज में विश्वास की नींव कमजोर हो जाती है। इसलिए प्रत्येक फोटो स्टूडियो, ब्यूटी पार्लर, जिम, ट्रायल रूम और होटल संचालक की जिम्मेदारी है कि वे अपने संस्थान में पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित करें। यदि कहीं कोई कर्मचारी या संचालक ऐसी हरकत करता है, तो उसका दुष्प्रभाव पूरे व्यवसाय पर पड़ता है। कानून इस प्रकार के अपराधों को गंभीरता से देखता है। किसी व्यक्ति की अनुमति के बिना उसकी निजी गतिविधियों की रिकॉर्डिंग करना, उसे सुरक्षित रखना, साझा करना या उसका प्रसारण करना विभिन्न कानूनी प्रावधानों के तहत दंडनीय अपराध है। यदि रिकॉर्डिंग का उद्देश्य अश्लील सामग्री तैयार करना या ब्लैकमेल करना हो, तो अपराध और भी गंभीर हो जाता है। इसलिए ऐसे मामलों में त्वरित जांच, डिजिटल साक्ष्यों का संरक्षण और समयबद्ध न्याय आवश्यक है। पुलिस की भूमिका केवल एफआईआर दर्ज करने तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। जांच एजेंसियों को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि कैमरे से जुड़े सभी डिजिटल उपकरण जब्त किए जाएँ, हार्ड डिस्क, मेमोरी कार्ड, कंप्यूटर, मोबाइल फोन और क्लाउड स्टोरेज की भी जांच हो। यदि कोई सामग्री इंटरनेट या सोशल मीडिया पर अपलोड की गई हो, तो उसे तुरंत हटाने और संबंधित प्लेटफॉर्म से सहयोग प्राप्त करने की प्रक्रिया भी तेज होनी चाहिए। साथ ही सरकार को भी इस दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। फोटो स्टूडियो, ट्रायल रूम, ब्यूटी पार्लर, होटल और जिम जैसे प्रतिष्ठानों के लिए समय-समय पर सुरक्षा ऑडिट अनिवार्य किए जा सकते हैं। स्थानीय प्रशासन द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किए जाएँ और सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई हो। केवल लाइसेंस देना पर्याप्त नहीं है; उसकी निगरानी भी आवश्यक है। महिलाओं और युवाओं में डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी समय की आवश्यकता है।

# लिव-इन रिलेशनशिप : स्वतंत्रता नहीं, स्वच्छंदता

गौरतलब | **प्रो. मनोज कुमार**



अलग-अलग किस्म के सर्वे में इस बात पर जोर दिया जा रहा है कि अब लड़कियां जल्द शादी नहीं करना चाहती हैं । कई ऐसे सेलिब्रेटी हैं जिन्होंने पिछले दिनों भारतीय विवाह संस्था को बेकार और बेकाम साबित करने वाले बयान दिए हैं। भारतीय वैवाहिक संस्था किसी धर्म के आधार पर नहीं बल्कि सुविचारित अनादिकाल से बनी हुई है।

**लिव-इन** रिलेशनशिप क्या भारतीय समाज और उसकी व्यवस्था के अनुरूप है? क्या इससे सामाजिक ताना-बाना छिन्न-भिन्न नहीं हो रहा है? बिलकुल इस नए किस्म के रिश्ते से कई तरह की समस्या उत्पन्न हो रही हैं। आए दिन अपराध के जो नए-नए मामले आ रहे हैं, वह कानूनी दृष्टि से एक बड़ी समस्या बन चुकी है तो समाज में अविश्वास का भाव उत्पन्न हो रहा है। जिस सनातनी समाज की हम कल्पना करते हैं, वहां वसुधैव कुटुंबकम की बात करते हैं, वहां इस तरह के नए रिश्तों को कोई जगह नहीं है। अलग-अलग किस्म के सर्वे में इस बात पर जोर दिया जा रहा है कि अब लड़कियां जल्द शादी नहीं करना चाहती हैं। कई ऐसे सेलिब्रेटी हैं जिन्होंने पिछले दिनों भारतीय विवाह संस्था को बेकार और बेकाम साबित करने वाले बयान दिए हैं। भारतीय वैवाहिक संस्था किसी धर्म के आधार पर नहीं बल्कि सुविचारित अनादिकाल से बनी हुई है। विवाह का अर्थ केवल संतान उत्पन्न करना नहीं है अपितु दो परिवार आपस में मिलते हैं और समग्र विकास, सहयोग और विश्वास का रिश्ता बनता है। यही भारतीयता का मूल आधार है लेकिन लिव-इन रिलेशनशिप ने जैसे इसे ताक पर रख दिया है।


जब हम कानून के परिप्रेक्ष्य में चर्चा करते हैं तो कानून समाज में सभी के अधिकारों की बात करता है और इसे उसका दायित्व माना जा सकता है। जैसा कि लिव-इन रिलेशनशिप के लिए व्यक्तिगत स्वतंत्रता और संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत जीवन एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हिस्सा माना है। इस पर समाज में लंबे समय से विमर्श चल रहा है और बातें आगे भी होती रहेंगी। इस संबंध में मध्य प्रदेश सरकार ने प्रस्तावित यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) के अंतर्गत लिव-इन रिलेशनशिप को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। यह कानून वर्तमान समय में सामाजिक और कानूनी दृष्टि से चर्चा का प्रमुख विषय बना हुआ है। सरकार का उद्देश्य लिव-इन संबंधों को कानूनी मान्यता प्रदान करने के साथ-साथ महिलाओं और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। संभव है कि जल्द ही प्रस्तावित प्रावधान अमल में लाया जा सके। सरकार जो कर सकती है, वह कर रही है। प्रस्तावित नए कानून में सबसे महत्वपूर्ण प्रावधान यह है कि लिव-इन संबंध में रहने वाले जोड़ों को अपने संबंध का पंजीकरण एक निर्धारित समय सीमा, अर्थात एक महीने के भीतर कराना अनिवार्य होगा।

## आज का इतिहास

- स्पेन ने 1731 को वियना संधि पर हस्ताक्षर किये।
- जॉर्ज वॉशिंगटन ने 1775 में अमेरिकी सेना की कमान सम्भाली। जार्ज वाशिंगटन अमेरिका के पहले राष्ट्रपति थे।
- भारत के पहले पायलट इंद्रलाल राय 1918 में लंदन के आसपास जर्मनी के विमानों के साथ संघर्ष में मारे गये थे।
- भारत का राष्ट्रीय ध्वज 22 जुलाई, 1947 को भारत के संविधान द्वारा अपनाया गया था
- भारत के पहले भूस्थिर उपग्रह एप्पल ने 1981 में कार्य करना प्रारम्भ किया।
- अमेरिका के 500 वैज्ञानिकों ने 1988 में रक्षा मंत्रालय पेंटागन में जैविक हथियार बनाने के लिए शोध का बहिष्कार करने की प्रतिज्ञा ली।
- अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा समान कार्य के लिए समान पारिश्रमिक की कार्य योजना 1999 को लागू हुई।
- शेर बहादुर देउबा 2001 में नेपाल के नये प्रधानमंत्री बने, समूह-आठ देशों का जिनेवा में सम्मेलन सम्पन्न हुआ।
- इराक में हवाई हमले में 2003 को तानाशाह सद्दाम हुसैन के दो बेटे मारे गये थे।
- शांति के लिए 1976 में नोबेल पुरस्कार जीतने वाली बैटी बिलियम्स मैक्सिको 2004 में गिरफ़्तार।
- आतंकवादी होने के सन्देह में लंदन पुलिस ने 2005 को निर्दोष ब्राजीली नागरिक जीन चार्ल्स डे-मेंसेज को मार गिराया।
- पाकिस्तान के परमाणु वैज्ञानिक अब्दुल कादिर खान ने 2008 में एक अदालत में अपने खिलाफ लगे प्रतिबन्धों हेतु पुनर्विचार याचिका दायर की।
- 29वीं सदी का सबसे लम्बा पूर्ण सूर्यग्रहण 22 जुलाई 2009 का सूर्य ग्रहण था।
- विवेकानंद इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मायकोलॉजी के फफूंदी अनुसंधान दल ने 2011 में 100-115 डिग्री सेल्सियस तापमान सह सकनेवाले तापरोधी फफूंदी के बीजाणुओं की खोज की।

## अंकजाल - 8336

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.



**अंकजाल 8335 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## दोनों प्रकार का धन एक साथ नहीं मिल सकता

**संसार** में दो प्रकार का धन होता है भौतिक धन और दूसरा आध्यात्मिक धन। मनुष्य का स्वभाव है कि वह ज्यादा से ज्यादा धन कमाने की चाहत रखता है। कोई व्यक्ति सोना, चांदी, रुपए पैसे का अंबार लगाकर धनवान कहलाता है तो कोई भूखा, प्यासा रहकर भी धनवान कहलता है। वास्तव में धनवान दोनों हैं। एक भौतिक धन का धनी है तो दूसरा अध्यात्मिक धन का धनी है। शाह्रा और पुराण कहते हैं कि दोनों धनों में से अध्यात्म रूपी धन ज्यादा श्रेष्ठ है क्योंकि इसे कोई छीन नहीं सकता। इसे कोई चुरा भी नहीं सकता है। जिसके पास अध्यात्म रूपी धन होता है वह निश्चिंत होता है। उसे किसी प्रकार की चिंता और भय नहीं रहता है। संसार में कोई भी ऐसा व्यक्ति नहीं है जो एक साथ इन दोनों धनों का सुख प्राप्त कर सके। अध्यात्म और भौतिक धन दोनों दो नाव के समान हैं। आप जानते हैं कि दो नाव की सवारी एक साथ नहीं की जा सकती, अगर ऐसा करेंगे तो डूबना तय है। मर्जी हमारी है कि हम अध्यात्मिक धन अर्जित कर-के ईश्वर का ऋण चुका दें और जीवन-मरण के चप्र को पार कर-के दु?ख से मुक्ति प्राप्त कर लें। दूसरा रास्ता यह है भौतिक धन अर्जित करके सांसारिक सुख का आनंद लें और बार-बार जीवन-मरण के चप्र में उलझकर पाप का फल प्राप्त करें।

## सुविचार

प्राण क्या है देशहित के लिए, देश खोकर हम जिये तो क्या जिये।
**कामताप्रसाद गुरु**

देश की रक्षा राजा की सेना नहीं करती, देश की प्रजा करती है।
**लक्ष्मीनारायण मिश्र**

# मनुष्य का पहला धर्म - स्वयं के प्रति ईमानदार होना



**प्रो. आरके जैन**

**दिन** का कोलाहल सत्य को दबा सकता है, पर रात का सन्नाटा उसे जगा देता है। जब सारी आवाजें थम जाती हैं, तब मनुष्य अपनी ही अंतरात्मा के न्यायालय में खड़ा होता है, जहाँ न बहाने चलते हैं, न मुखौटे टिकते हैं। दिनभर तर्क और धर्म की ओट लेने वाला मन अंततः एक ही प्रश्न से घिरता है—आज तुमने सच में कितना जिया और कितना खो दिया? विडंबना यह है कि इसी आत्म-पड़ताल से बचने के लिए हम कहते हैं—'भगवान सब देख रहा है।' यदि इस पर सच्चा विश्वास होता, तो विचार, कर्म और व्यवहार की छोटी-छोटी बेईमानियाँ स्वयं समाप्त हो जातीं। क्योंकि सबसे बड़ी चोरी किसी और की नहीं, अपने ही जीवन की होती है। हम अपने वर्तमान, अपनी सच्चाई, अपनी मुस्कान और अपने अस्तित्व को ही धीरे-धीरे लूटते रहते हैं, फिर भी स्वयं को निर्दोष मानते हैं।

ईश्वर का नाम अक्सर वहीं सबसे अधिक लिया जाता है, जहाँ विश्वास कम और भय अधिक होता है। जब कोई कहता है—'भगवान सब देख रहा है,' तो उसके शब्दों से अधिक उसका डर बोलता है। हमने परमात्मा को प्रेम का स्रोत नहीं, अपराध पकड़ने वाला प्रहरी बना दिया है। जबकि प्रेम पहरा नहीं देता और करुणा भय नहीं जगाती। भय अभिनय सिखाता है, चरित्र नहीं; इसलिए बाहर धर्म दिखता है और भीतर छल पलता है। सच तो यह है कि परमात्मा कोई दंडाधिकारी नहीं, बल्कि हृदय का मौन साक्षी है, जहाँ दंड नहीं, केवल करुणा है। हम उसकी पुकार सुनने के बजाय भय जगाने वाले धार्मिक वाक्यों में उलझे रहते हैं। जीवन की सबसे बड़ी बेईमानियाँ अक्सर इतनी साधारण होती हैं कि हम उन्हें अपराध ही नहीं मानते। हर सुबह हम अपना वर्तमान भविष्य की चिंताओं और बीते कल की परछाइयों में गिरवी रख देते हैं। किसी का मन दुखाकर उसे मजाक कह देते हैं, वचन भूल जाते हैं, परिवर्तन टालते हैं, भय से अपनी प्रतिभा दबा देते हैं और संबंधों में अधूरे रह जाते हैं। दिन तो बीत जाता है, पर रात की निस्तब्धता में भीतर की चेतना एक ही प्रश्न करती है—'तुमने दूसरों के साथ नहीं, अपने ही जीवन के साथ क्या किया?' यही वह प्रश्न है, जिसके सामने हर तर्क, बहाना और मुखौटा ढह जाता है।

एक प्राचीन प्रसंग है। वन में भटका एक बालक अँधेरा घिरते ही भयभीत हो गया। उसने एक फकीर से पूछा-'क्या भगवान मुझे देख रहे हैं?' फकीर ने उसका हाथ उसके हृदय पर रखकर कहा-'सबसे निकट की दृष्टि यहीं जाग रही है।' उसी क्षण उसका भय शांत हो गया, क्योंकि उसे समझ आ गया कि संरक्षण बाहर नहीं, भीतर है। हम भी जीवनभर मंदिरों, नियमों और बाहरी सहारों में सुरक्षा खोजते रहते हैं, जबकि परमात्मा का सबसे पवित्र देवालय हमारे अंतर्मन में ही प्रकाशित है। जिस दिन मनुष्य भीतर के उस मौन साक्षी से परिचित हो जाता है, उसी दिन उसकी बेईमानियाँ स्वतः मिटने लगती हैं; क्योंकि तब उसे डराने वाला कोई बाहरी देवता नहीं, जगाने वाला अपना विवेक होता है। मनुष्य की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि वह अपना ही जीवन खोकर भी स्वयं को धर्ममार्गी मानता रहता है। वह वर्तमान, माता-पिता का समय, बच्चों का बचपन, मित्रों का विश्वास और संबंधों की आत्मीयता गँवा देता है। भय से अपनी प्रतिभा पर ताला लगाकर फिर निश्चिंत हो कहता है-'भगवान सब देख रहा है, वह क्षमा कर देगा।'

## राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। | **तुला** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। |
| **वृष** विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। | **वृश्चिक** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। |
| **मिथुन** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। | **धनु** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। |
| **कर्क** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पुराने मित्र से मिलन होगा। | **मकर** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। |
| **सिंह** व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। | **कुंभ** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। |
| **कन्या** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। | **मीन** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, ङ्खचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। |

# जंतर-मंतर की तीन तस्वीरें 2027 में बीजेपी के लिए बड़ा सियासी खतरा बनेंगी

गौरतलब | **संजय सक्सेना**



सवाल यह नहीं है कि सोमवार के प्रदर्शन में कौन शामिल हुआ। असली सवाल यह है कि क्या अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी अब अपनी राजनीति को तीन अलग-अलग महिला चेहरों के जरिए नई सामाजिक और भौगोलिक जमीन पर उतारने की तैयारी कर रही है? सोमवार को नीट परीक्षा और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े सवालों को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन में बड़ी संख्या में छात्र और युवा जुटे थे।

**दिल्ली** के जंतर-मंतर पर सोमवार को जो तस्वीर बनी, वह महज एक विरोध प्रदर्शन की तस्वीर नहीं थी। संसद से जंतर-मंतर तक हाथों में तख्तियां लेकर बढ़ते समाजवादी पार्टी के सांसद, पुलिस कार्रवाई से परेशान युवाओं के बीच बैठी डिंपल यादव, सरकार पर सीधे सवाल उठाती इकरा हसन और आक्रामक तेवरों में नजर आतीं प्रिया सरोज इन तीन चेहरों ने उत्तर प्रदेश की 2027 की राजनीति की एक संभावित तस्वीर जरूर सामने रख दी है। सवाल यह नहीं है कि सोमवार के प्रदर्शन में कौन शामिल हुआ। असली सवाल यह है कि क्या अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी अब अपनी राजनीति को तीन अलग-अलग महिला चेहरों के जरिए नई सामाजिक और भौगोलिक जमीन पर उतारने की तैयारी कर रही है? सोमवार को नीट परीक्षा और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े सवालों को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन में बड़ी संख्या में छात्र और युवा जुटे थे। संसद के मॉनसून सत्र के पहले दिन प्रदर्शनकारियों ने सरकार से परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और युवाओं के सवालों पर संवाद की मांग की। इसी प्रदर्शन के समर्थन में समाजवादी पार्टी के सांसद संसद परिसर से जंतर-मंतर की ओर मार्च करते हुए पहुंचे। डिंपल यादव के साथ इकरा हसन और प्रिया सरोज की मौजूदगी ने इस पूरे घटनाक्रम को राजनीतिक रूप से और ज्यादा महत्वपूर्ण बना दिया। डिंपल यादव ने छात्रों के सवालों का समर्थन किया और कहा कि युवाओं की आवाज सुनी जानी चाहिए। प्रदर्शन से जुड़ी तस्वीरों में वह आंदोलनकारियों के बीच दिखाई दीं।

यही तस्वीरें अब उत्तर प्रदेश की राजनीति में पढ़ी जा रही हैं। वजह साफ है। 2027 का विधानसभा चुनाव अब दूर की बात नहीं है। चुनाव आयोग के अनुसार उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव फरवरी-मार्च 2027 में तय समय पर होने हैं। राज्य में 403 विधानसभा सीटें हैं और इस चुनाव का असर सिर्फ लखनऊ तक सीमित नहीं रहेगा। उत्तर प्रदेश का चुनाव देश की राष्ट्रीय राजनीति की दिशा भी तय करेगा।समाजवादी पार्टी के लिए 2024 का लोकसभा चुनाव एक बड़ा राजनीतिक मोड़ था। पार्टी ने उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में 37 पर जीत हासिल की, जबकि बीजेपी 33 सीटों पर रह गई और कांग्रेस को 6 सीटें मिलीं। 2022 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 255 सीटें जीती थीं और समाजवादी पार्टी 111 सीटों पर रही थी। यानी 2024 के लोकसभा चुनाव ने राज्य की राजनीतिक जमीन पर विपक्ष के लिए नई संभावनाएं पैदा कर दीं। अब अखिलेश यादव की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि लोकसभा चुनाव में बने सामाजिक गठजोड़ को 403 विधानसभा सीटों तक कैसे पहुंचाया जाए।यहीं डिंपल यादव की भूमिका सबसे पहले सामने आती है। मैनपुरी से सांसद डिंपल यादव अब सिर्फ यादव परिवार की राजनीतिक विरासत से जुड़ा चेहरा नहीं रह गई हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने मैनपुरी सीट पर 2,21,639 वोटों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं **एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड**, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : **JHAHIN2009/32423**, **प्रबंध सम्पादक** : नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)** : विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## जिला ई-गवर्नेंस सोसाइटी की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित, डिजिटल सेवाओं की प्रगति की हुई समीक्षा

# सभी प्रमाणपत्रों का तय समय सीमा में निष्पादन करें : उपायुक्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : उपायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला ई-गवर्नेंस सोसाइटी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला ई-गवर्नेंस सोसाइटी की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न ई-गवर्नेंस सेवाओं एवं डिजिटल परियोजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में कुल 2,261 कॉमन सर्विस सेंटर (उरउ) पंजीकृत हैं, जिनमें से 1,992 सक्रिय हैं। वहीं पंचायत भवनों में 265 सक्रिय उरउ के माध्यम से



ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। आधार सेवाओं की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि जिले के सभी 21 प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय आधार नामांकन केंद्र संचालित हैं। साथ ही 20 बीआरसी आधार किट एवं 14 सीएससी आधारित आधार सेवा केंद्रों के माध्यम से आधार नामांकन एवं अद्यतन का कार्य किया जा रहा है। बैठक में झारनेट नेटवर्क की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले के अधिकांश प्रखंडों में झारनेट सेवा सुचारू रूप से संचालित है, जबकि पिपरा एवं उंटारी रोड प्रखंड में भवन की विद्युत आपूर्ति संबंधी समस्या के कारण झारनेट सेवा बाधित (डाउन) है। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समस्या का समाधान कर सेवा बहाल करने के निर्देश दिए। आधार आधारित बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली की समीक्षा के दौरान बताया गया कि अधिकांश प्रखंडों एवं अंचलों में अएइअर डिवाइस स्थापित एवं सक्रिय है। हालांकि नौडीहा बाजार प्रखंड कार्यालय में अएइअर डिवाइस अब तक स्थापित नहीं है। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र डिवाइस की स्थापना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में मास्टर सोबरन मांझी जिला पुस्तकालय में संचालित ई-ग्रंथालय परियोजना एवं झारसेवा पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध सेवाओं की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने झारसेवा के अंतर्गत लंबित प्रमाण-पत्र एवं विवाह निबंधन आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने तथा सभी डिजिटल सेवाओं का गुणवत्तापूर्ण संचालन करने के निर्देश दिए। उपायुक्त श्री शेखावत ने कहा कि ई-गवर्नेंस का उद्देश्य आम नागरिकों को सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराना है।

### डीसी ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क दुर्घटनाओं पर जतायी गहरी चिंता



**मेदिनीनगर** : जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं, ब्लैक स्पॉट, प्रवर्तन कार्रवाई एवं सड़क सुरक्षा उपायों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सड़क दुर्घटनाओं में हो रही जनहानि पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना में किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाना इससे अधिक दुखद और कुछ नहीं हो सकता। प्रत्येक दुर्घटना के पीछे एक परिवार का दर्द जुड़ा होता है। उन्होंने दुर्घटना संभावित स्थलों की मैप आधारित समीक्षा करते हुए ऐसे क्षेत्रों के लिए अलग कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही सड़क अभियांत्रिकी सुधार, संकेतक, रंबल स्ट्रिप, रिफ्लेक्टर, प्रकाश व्यवस्था एवं प्रभावी प्रवर्तन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। समीक्षा में बताया गया कि जनवरी से जून 2026 तक जिले में 193 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 143 लोगों की मृत्यु एवं 126 लोग गंभीर रूप से घायल हुए।

### ईवीएम-वेयर हाउस का जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया निरीक्षण



**मेदिनीनगर** : उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने मंगलवार को ईवीएम-वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने इवीएम-वेयरहाउस का भौतिक अवलोकन किया साथ ही सुरक्षा से संबंधित आवश्यक पहलुओं,सीसीटीवी एवं अन्य उपकरणों की स्थिति और रख रखाव आदि की जांच की गयी। उन्होंने संपूर्ण परिसर का भ्रमण कर जायजा लिया तथा विद्युत व्यवस्था, बैलेट यूनिट हॉल, अग्निशमन व्यवस्था,कमरों की सीलिंग, डबल लॉक की स्थिति एवं निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित अन्य मानदंडों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## एक झलक

### बिना निबंधन चल रहे दो आरओ प्लांट सील

**लातेहार** : नगर पंचायत प्रशासन ने बिना निबंधन संचालित प्रतिष्ठानों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में मंगलवार को शहर में चल रहे दो आरओ वाटर प्लांटों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें सील कर दिया गया। इस कार्रवाई के बाद बिना निबंधन कारोबार चला रहे अन्य प्रतिष्ठानों में भी हड़कंप मच गया है।नगर पंचायत की टीम ने अभियान के दौरान नीम चौक स्थित एक आरओ वाटर प्लांट और चंदनडीह स्थित दूसरे आरओ प्लांट का निरीक्षण किया। जांच में दोनों प्रतिष्ठान नगर निकाय से आवश्यक निबंधन कराए बिना संचालित पाए गए। इसके बाद नियमानुसार दोनों प्लांटों को तत्काल सील कर दिया गया।नगर पंचायत पदाधिकारी राजीव रंजन ने बताया कि विभागीय निर्देशों के अनुसार नगर निकाय से निबंधन कराए बिना आरओ वाटर प्लांट का संचालन करना नियमों का उल्लंघन है। ऐसे मामलों में कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि सभी संचालक जल्द से जल्द अपना निबंधन करा लें, अन्यथा उनके खिलाफ भी इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी। वे समय रहते आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर लें, ताकि सीलिंग जैसी कार्रवाई से बचा जा सके। अभियान के दौरान दंडाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी, नगर प्रबंधक, राजस्व निरीक्षक, फील्ड सुपरवाइजर तथा नगर पंचायत के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### बाइक की चपेट में आया छात्र, दोनों घायल

**लातेहार** : प्रखंड कार्यालय के समीप मंगलवार को सड़क दुर्घटना में एक स्कूली छात्र और बाइक सवार युवक घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ, जब प्रखंड कार्यालय परिसर में उन्नत का पहिया कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया जा रहा था।जानकारी के अनुसार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय नावागढ़ का छात्र उज्वल कुमार साइकिल प्राप्त करने के बाद सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान कोने गांव निवासी नितेश कुमार बाइक से प्रखंड कार्यालय की ओर जा रहा था। सड़क पार कर रहे छात्र को बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए।घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल दोनों घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सक डॉ. तौहिद ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सकों के अनुसार, बाइक सवार नितेश कुमार के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि छात्र की हालत उपचार के बाद सामान्य है। दुर्घटना के बाद कुछ देर तक प्रखंड कार्यालय के बाहर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। कार्यक्रम में मौजूद लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। बाद में घायलों को अस्पताल भेजे जाने के बाद स्थिति सामान्य हुई।

### जेएसएलपीएस की समूह की दीदियों को पशु वैक्सीन का दिया गया प्रशिक्षण

**मनिका (लातेहार)** : मॉडल पशु चिकित्सा केंद्र मनिका में मंगलवार को प्रभारी बी एच ओ डॉक्ट नरेश साहू ने प्रखंड के जेएसएलपीएस के विभिन्न पंचायत से आई महिला समूह के दीदियों को प्रखंड क्षेत्र में पशुओं को एफ एम डी एवं पी पी आर वैक्सीन देने एवं ऑन लाईन इंट्री करने संबंधी प्रशिक्षण दिया।इस दौरान डॉक्ट नरेश साहू ने प्रशिक्षण ले रही दीदियों को वैक्सीन के संबंध में समुचित जानकारी देते हुए बताया किन पशुओं को एफ एम डी एवं पी पी आर का वैक्सीन किया जाना है साथ ही वैक्सीन के पश्चात उस पशु को टैग लगाना है। डॉ. नरेश साहू ने वैक्सीन प्रक्रिया के उपरांत किए गए वैक्सीनेशन कार्य को मोबाइल के माध्यम से ऑन लाइन इंट्री करने संबंधी प्रत्येक दीदी को बारी बारी से प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण प्राप्त कर रही दीदियों को उन्होंने जोर देते हुए कहा कि प्रति दिन किए गए वैक्सीनेशन कार्य को ऑन लाइन इंट्री अवश्य करें तथा निर्धारित अवधि के अंतर्गत शत प्रतिशत वैक्सीनेशन कार्य पूर्ण करलें। मौके पर पशु पालन के प्रावैधिकी सहायक संजय पाठक एवं अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## छात्रों के अधिकारों को लेकर युवा कांग्रेस ने शुरू किया छात्रों की गूंज अभियान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिला युवा कांग्रेस कमिटी की ओर से मंगलवार को आदिवासी बॉयज हॉस्टल में छात्रों की गूंज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान युवा कांग्रेस नेताओं ने छात्रों के साथ संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित यादव ने की।अमित यादव ने कहा कि यह अभियान जिले के सभी कॉलेजों और छात्रावासों में चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन की प्रमुख मांग केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे तथा देश की शिक्षा व्यवस्था में सुधार की है। प्रदेश सचिव आफताब आलम ने छात्रों से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और उनके लिए संघर्ष करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लगातार हो रही पेपर लीक की घटनाओं से मेहनती छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। छात्र सालभर मेहनत करते हैं, लेकिन परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र लीक होने से उनकी मेहनत पर पानी फिर जाता है। जिला प्रभारी मुन्ना खान ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था से जुड़े गंभीर मामलों में केंद्र सरकार के मंत्रियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्टेशन में विभागीय निरीक्षण

## शिक्षण व्यवस्था की हुई गहन समीक्षा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, लातेहार स्टेशन में मंगलवार को पलामू विभाग के निरीक्षक अखिलेश कुमार एवं संकुल प्रमुख उत्तम कुमार मुखर्जी ने विद्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण की शुरूआत सामूहिक वंदना से हुई। इसके बाद निरीक्षक ने विभिन्न कक्षाओं का भ्रमण कर शिक्षण कार्य, विद्यार्थियों की सहभागिता, स्वच्छता, समयबद्धता तथा विद्यालय की अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय की कार्यप्रणाली का अवलोकन करते हुए आवश्यक बिंदुओं पर संबंधित आचार्यों से चर्चा भी की। दोनों पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से कक्षाओं का निरीक्षण कर शिक्षण की गुणवत्ता, अनुशासन और विद्यार्थियों



के सर्वांगीण विकास से जुड़े पहलुओं की समीक्षा की। उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए उन्हें और प्रभावी बनाने के लिए कई रचनात्मक सुझाव दिए। विद्यालय में अवकाश के उपरांत आचार्यों की मार्गदर्शन बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षण की गुणवत्ता, विद्यालय की व्यवस्था, अनुशासन, संस्कारमूलक शिक्षा तथा आचार्यों की कार्यनिष्ठा और समर्पण पर विस्तार से चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संस्कार और अनुशासन का समन्वय ही विद्या मंदिरों की पहचान है। उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी आचार्यों से निरंतर नवाचार और समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। बैठक का समापन शांति मंत्र के सामूहिक पाठ के साथ हुआ।

## लातेहार में 95 वाहनों की जांच, 35 पर ई-चालान; 1.43 लाख रुपये जुर्माना वसूला

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने और यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन की ओर से वाहन जांच अभियान जारी है। उपायुक्त संदीप कुमार के निर्देश पर मंगलवार को जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) उमेश मंडल के नेतृत्व में जिला मुख्यालय और चंदवा थाना क्षेत्र में विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान दोपहिया, चारपहिया तथा भारी वाहनों सहित कुल 95 वाहनों की जांच की गई। जांच के क्रम में यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए गए 35 वाहन चालकों के खिलाफ ऑनलाइन ई-चालान जारी किया गया। विभाग की ओर से इन



चालानों के माध्यम से 1 लाख 43 हजार 500 रुपये का जुर्माना वसूला गया। जांच के दौरान वाहनों के दस्तावेज, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट, सीट बेल्ट, प्रदूषण प्रमाणपत्र, बीमा और अन्य आवश्यक कागजात की भी जांच की गई। अधिकारियों ने नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों को चेतावनी देते हुए भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी। जिला परिवहन पदाधिकारी उमेश मंडल ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए नियमित रूप से जांच अभियान चलाया जा रहा है।

### नगर भवन में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## उपायुक्त ने विद्यार्थियों व शिक्षकों को किया जागरूक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा नगर भवन, गुमला में स्कूली विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल जागरूकता विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो उपस्थित रहे। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनिमेष रंजन, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) गुमला सुरेश प्रसाद यादव, एसडीपीओ बसिया सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से डिजिटल माध्यमों का सावधानीपूर्वक उपयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मोबाइल, कंप्यूटर अथवा इंटरनेट के माध्यम से प्राप्त किसी भी संदिग्ध सूचना, कॉल अथवा संदेश पर बिना जांच-पड़ताल के विश्वास नहीं करना चाहिए और अपनी निजी जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करनी चाहिए।उपायुक्त ने कहा कि साइबर अपराधी आजकल विभिन्न तरीकों से लोगों को ठगी का शिकार बनाते हैं। कई बार वे स्वयं को किसी सरकारी एजेंसी, बैंक अथवा अन्य संस्थानों का अधिकारी बताकर लोगों से आधार संख्या, बैंक खाता, ओटीपी एवं अन्य व्यक्तिगत जानकारियां मांगते हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार की जानकारी साझा नहीं करता है, तो साइबर अपराधी उसे नुकसान नहीं पहुंचा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत अपने अभिभावकों, शिक्षकों अथवा पुलिस प्रशासन को देने की अपील की।

### जेपीएससी में पारदर्शिता की मांग को लेकर आज भाजयुमो करेगा जेपीएससी कार्यालय घेराव

**मेदिनीनगर** : भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा झारखंड लोक सेवा आयोग (खढरउ) की परीक्षाओं में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग को लेकर 22 जुलाई को रांची स्थित जेपीएससी कार्यालय का लोकतांत्रिक घेराव किया जाएगा। इसके पूर्व आज पलामू छह मुहान चौक पर मशाल जुलूस निकाल कर जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। भाजयुमो ने कहा कि पिछले कई वर्षों में 7वीं-10वीं एवं 14वीं जेपीएससी संयुक्त सिविल सेवा परीक्षाओं को लेकर लगातार विवाद सामने आए हैं। कई मामलों में अभ्यर्थियों को न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा। इससे आयोग की कार्यप्रणाली और भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर युवाओं के मन में गंभीर सवाल उत्पन्न हुए हैं। संगठन का कहना है कि 7वीं-10वीं जेपीएससी में 54 OMR शीट विवाद के बाद न्यायालय के निर्देश पर संशोधित प्रारंभिक परिणाम जारी करना पड़ा।

## पर्यावरण संरक्षण हर नागरिक की जिम्मेदारी अधिक से अधिक पौधे लगायें : के. साईं रेड्डी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय राष्ट्रीय अध्यक्ष के. साईं रेड्डी ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना केवल सरकार का दायित्व नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी नियमित देखभाल करने और पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया।वे मंगलवार को अपने दो दिवसीय लातेहार दौरे के क्रम में जिले के बाजकुम गांव में महतलाल उरांव की अध्यक्षता में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने स्वयं पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और लोगों से अपने गांव, मोहल्ले, खेत-खलिहानों तथा सार्वजनिक स्थलों पर अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की अपील की। श्री रेड्डी ने कहा कि लगातार बढ़ते प्रदूषण, जंगलों की कटाई और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षारोपण सबसे प्रभावी उपायों में से एक है। उन्होंने कहा



कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी सुरक्षा और देखभाल करना भी उतना ही आवश्यक है। यदि हर व्यक्ति अपने जीवन में कुछ पौधों को तैयार कर उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित करे, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है।उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, हरित और सुरक्षित पर्यावरण देना हम सभी का नैतिक दायित्व है। इसके लिए जल संरक्षण, प्लास्टिक का कम उपयोग और प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण इस्तेमाल करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाने की अपील करते हुए कहा कि आज किए गए छोटे-छोटे प्रयास भविष्य में बड़े सकारात्मक परिणाम देंगे। कार्यक्रम में भारतीय किसान संघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमराज, प्रदेश अध्यक्ष जयकुमार सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री अचल, जिला मंत्री बबन मांझी, सानू सिंह, विकास यादव सहित बड़ी संख्या में किसान, कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

## संवाद छोड़ दमन का रास्ता चुन रही है सरकार : सौरभ श्रीवास्तव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**लातेहार** : झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता सौरभ श्रीवास्तव ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के प्रदर्शन के दौरान हुई पुलिस कार्रवाई की कड़ी आलोचना करते हुए केंद्र सरकार पर लोकतांत्रिक अधिकारों के दमन का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने छात्रों की बात सुनने के बजाय बल प्रयोग का रास्ता अपनाया, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंताजनक है। मीडिया से बातचीत में सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि एक ओर देश को विश्वगुरु बनाने के दावे किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर छात्र शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और न्याय की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते हैं तो उन पर लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले और पानी की बौछार का इस्तेमाल किया जाता है। उन्होंने कहा कि यदि प्रदर्शन शांतिपूर्ण था तो सरकार के प्रतिनिधियों को वहां पहुंचकर छात्रों से संवाद करना चाहिए था। उन्होंने कहा कि हाल में सामने आए नीट प्रश्नपत्र लीक मामले और उससे उपजे जनाक्रोश के बीच छात्र लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखना चाहते थे, लेकिन उनकी आवाज दबाने का प्रयास किया गया। उनका आरोप है कि प्रदर्शन के दौरान महिलाओं सहित बड़ी संख्या में छात्रों के साथ बल प्रयोग किया गया, जिससे कई लोग घायल हुए।

### एसआईआर-2026 को लेकर सीओ ने रायडीह प्रखंड के विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

## मतदाता पुनरीक्षण कार्य में तेजी लाने के निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी गुमला अखिलेश कुमार ने मंगलवार को रायडीह प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों की अद्यतन स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बूथ स्तर पर चल रही गतिविधियों, प्रपत्रों के संकलन एवं डिजिटाइजेशन की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।निरीक्षण के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ), वॉलेंटियर्स एवं अन्य कर्मियों से विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने घर-घर जाकर



मतदाताओं से संपर्क स्थापित करने, पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल करने तथा प्राप्त प्रपत्रों को निर्धारित समय सीमा के भीतर डिजिटाइज करने का निर्देश दिया।अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सभी कार्यों का समयबद्ध एवं पारदर्शी निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल होने से वंचित न रहे तथा मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए विशेष सावधानी बरती जाए। उन्होंने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध अभिलेखों एवं प्रपत्रों का अवलोकन करते हुए अभियान में तेजी लाने तथा शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## मतदाता सूची के एसआईआर कार्य में राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी जरूरी : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने मंगलवार को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के अंतर्गत चल रहे एन्यूमीरेशन एवं डिजिटाइजेशन कार्यों की समीक्षा की। बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति, बीएलओ एवं बीएलए-2 की भूमिका तथा आगामी गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 30 जून से 29 जुलाई 2026 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन कार्य किया जा रहा है। पलामू जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में अब तक लगभग 99.9 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का वितरण तथा 78.25 प्रतिशत प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है। उन्होंने राजनीतिक दलों से 22 जुलाई को सभी मतदान केंद्रों पर आयोजित होने वाली बीएलओ एवं बीएलए-2 की तीसरी एवं अंतिम बैठक में अपने प्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि इसी दिन चुनाव पाठशाला का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें बीएलए-2 की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। बैठक में बताया गया कि बीएलए-2 के साथ प्रारूप मतदाता सूची तथा एएसडीडीएफ सूची का सत्यापन किया जाएगा।

### लातेहार में 25,728 प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति आवेदनों को मिली मंजूरी

# पात्र छात्रों का समय पर आवेदन कराने के निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : उपायुक्त संदीप कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 और 2026-27 के प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति आवेदनों की समीक्षा कर पात्र विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति स्वीकृत की गई। बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए कक्षा 1 से 10 तक के विद्यालयों में अध्ययनरत तथा आईएनओ/डीएनओ स्तर से सत्यापित 7,005 छात्र-छात्राओं के छात्रवृत्ति आवेदन को मंजूरी दी गई। इन विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति राशि के वितरण का भी अनुमोदन प्रदान किया गया। वहीं, वर्ष 2026-27 के लिए कक्षा 1 से



10 तक के विद्यार्थियों के 40,001 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें प्रधानाध्यापक और आईएनओ स्तर पर सत्यापन के बाद 25,728 आवेदनों को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिन्हें छात्रवृत्ति स्वीकृति एवं वितरण के लिए मंजूरी दे दी गई।बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के पात्र छात्र-छात्राओं को शत-प्रतिशत छात्रवृत्ति योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी योग्य विद्यार्थी को योजना से वंचित नहीं रहने दिया जाए। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति का ऑनलाइन आवेदन पोर्टल अभी खुला है। पात्र छात्र-छात्राएं अपने विद्यालय के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त ने सभी प्रधानाध्यापकों और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा के भीतर पात्र विद्यार्थियों के आवेदन ऑनलाइन कराने का निर्देश दिया। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी गौतम कुमार साहू, जिला शिक्षा अधीक्षक ऋषिकेश सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे।

### आज सभी मतदान केन्द्रों पर होगी विशेष बैठक

**लातेहार** : मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत मंगलवार को समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त संदीप कुमार की अध्यक्षता में जिले के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के गणना चरण की तैयारियों और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।उपायुक्त ने बताया कि 22 जुलाई को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ, बीएलए-2 और चुनाव पाठशाला की तीसरी बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें आम मतदाता, सामाजिक कार्यकर्ता, पूर्व निर्वाचन अभिकर्ता और अन्य राजनीतिक प्रतिनिधि भी भाग लेंगे।बैठक में बताया गया कि संदिग्ध मतदाताओं की सूची बीएलए-2 के साथ साझा कर उसका सत्यापन कराया जाएगा। इस सूची में डुप्लीकेट, मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित, अनुपस्थित या लापता तथा हस्ताक्षर करने से इनकार करने वाले मतदाता शामिल हैं।

### आन्दोलनकारी दामु बानरा, उमानाथ कोल के आकस्मिक निधन पर शोक सभा सम्पन्न

**गुमला/रांची** : झारखंड आंदोलनकारी स्व दामू बानरा, इम्तियाज अंसारी, रवि ठाकुर, जगेश्वर साव, अर्जुन तिर्की,जवाहर पासवान, मणिराम लोहार व उमा नाथ कोल सहित अन्य आंदोलनकारियों के आकस्मिक निधन पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा रांची व अखिल भारतीय किसान सभा के संयुक्त तत्वावधान में आज शोक सभा का आयोजन अल्बर्ट एक्का चौक स्थित सी पी आई के शहीद बिशुन महतो के सभागार में किया गया। मृतकों के स्मरण में दो मिनट का मौन रहकर नमन किया। आंदोलनकारियों ने सरकार से मांग की कि मानसून सत्र के दौरान जिला स्तर पर मृत झारखंड आंदोलनकारियों की सूची मंगा कर शोक प्रस्ताव विधानसभा में लाकर राजकीय मान सम्मान दिया जाए।मौके पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों की तरह ही एक दिन झारखंड आंदोलनकारी गण निधन होते होते शीघ्र ही समाप्त हो जायेंगे। सरकार जीते जी झारखंड आंदोलनकारियों, किसानों, मजदूरों, विस्थापितों को न्याय के साथ राजकीय मान सम्मान एवं समाज में स्वाभिमान से जीने का अधिकार दे। इस अवसर पर केन्द्रीय रेखा देवी, विरोनिका केरकेट्टा, आनंद एक्का किशोरी केशरी सहित अन्य ने शोक व्यक्त किए।

## एक झलक

### भटकती वृद्ध महिला को डीएलएसए ने दिलाया आश्रय

**गुमला :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए), गुमला ने घाघरा प्रखंड में भटक रही एक वृद्ध महिला को सुरक्षित संरक्षण दिलाया। डीएलएसए अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह के निर्देश एवं सचिव राम कुमार लाल गुप्ता के मार्गदर्शन में पीएलवी जरीना खातून की पहल पर महिला को घाघरा थाना के सहयोग से सुरक्षित रखा गया। महिला को सदर अस्पताल, गुमला ले जाकर चिकित्सीय जांच कराई गई, जहां उसकी पहचान देवानिया देवी, पति स्वर्गीय भंडारी उरांव के रूप में हुई। जांच के बाद महिला की सुरक्षा एवं देखभाल के लिए उसे गुमला स्थित वृद्धाश्रम में आश्रय दिलाया गया। डीएलएसए ने कहा कि जरूरतमंद एवं निराश्रित लोगों को सहायता और पुनर्वास उपलब्ध कराना उसकी प्राथमिकता है।

### अनियंत्रित कार गैरेज में घुसी दीवार टूटी, बड़ा हादसा टला

**लातेहार :** शहर के चटनाही मुहल्ले में मंगलवार की शाम एक अनियंत्रित कार घर के बाहर बने गैरेज में घुस गई। हादसे के बाद इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। राहत की बात यह रही कि घटना में कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ, हालांकि गैरेज की दीवार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।जानकारी के अनुसार कार (जेएच-01-यू-9522) रेलवे स्टेशन की ओर से थाना चौक की तरफ जा रही थी। इसी दौरान औरंगा नदी मोड़ (चटनाही) के पास चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। अनियंत्रित कार सीधे स्वर्गीय बिगन प्रसाद के घर के बाहर बने गैरेज की दीवार तोड़ते हुए अंदर जा घुसी।स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस गैरेज में कार घुसी, वह काफी दिनों से बंद था और उसके भीतर कोई वाहन भी खड़ी नहीं थी। इसी वजह से जान-माल का बड़ा नुकसान नहीं हुआ। लोगों का कहना है कि मंगलवार को साप्ताहिक मंगलवारीय हाट लगने के कारण इस मार्ग पर आम दिनों की तुलना में अधिक भीड़ रहती है। घटना के समय यदि सड़क किनारे लोग मौजूद होते, तो बड़ा हादसा हो सकता था।हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस वैन मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार चालक और वाहन को अपने कब्जे में लेकर थाना पहुंचाया। प्रारंभिक जांच के बाद चालक से पूछताछ की जा रही है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने औरंगा नदी मोड़ पर सड़क सुरक्षा के बेहतर इंतजाम और तेज रफ्तार वाहनों पर प्रभावी नियंत्रण की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### चतरा में संदेहास्पद स्थिति में मिला युवक का शव

**चतरा :** चतरा जिले के वशिष्ठनगर जोरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत घंघरी इलाके में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब चतरा-डोभी मुख्य मार्ग (एनएच-22) के किनारे एक युवक का शव संदेहास्पद स्थिति में बरामद हुआ। मृतक की पहचान घंघरी गांव के ही मुकेश यादव (पिता-महाबीर यादव) के रूप में हुई है। मौके से पुलिस ने युवक की बाइक भी जब्त की है। शव मिलने की खबर जैसे ही गांव में फैली, परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका जताते हुए घंघरी में एनएच-22 को पूरी तरह जाम कर दिया।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित हुआ साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस

# विभिन्न प्रखंडों से आये 50 से अधिक आवेदनों पर हुई सुनवाई

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से आए 50 से अधिक नागरिकों ने अपनी समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किए। जन शिकायत निवारण दिवस में भूमि विवाद, राजस्व अभिलेखों में सुधार, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आवास योजनाओं का लाभ, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, प्रमाण-पत्र निर्गत करने सहित अन्य जनहित से जुड़े मामलों की सुनवाई की गई,जन शिकायत निवारण दिवस में रायडीह प्रखंड अंतर्गत पंचायत जरजट्टा के ग्राम महुआटोली निवासी आशिफ नैयर ने गांव में जले हुए ट्रांसफार्मर के स्थान पर अधिक क्षमता का नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की। उन्होंने बताया कि लगभग दो माह पूर्व लगाया गया ट्रांसफार्मर अत्यधिक भार के कारण जल गया है, जिससे गांव की एक बस्ती में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित है और ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसी क्रम में ग्राम महुआटोली, पंचायत जरजट्टा, प्रखंड रायडीह के ग्रामीणों ने गांव में पेयजल संकट से संबंधित आवेदन सौंपा,एक अन्य



आवेदन में शिक्षा विभाग से जुड़े एक मामले को लेकर आवेदक ने जिला शिक्षा अधीक्षक, गुमला द्वारा कथित रूप से जारी अनिवार्य सेवानिवृत्ति पत्र को अमान्य बताते हुए अप्रैल 2023 से लंबित निलंबन भत्ता के भुगतान की मांग की। बसिया प्रखंड के झारखंड आंदोलनकारियों ने गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी संपुष्ट सूची के बावजूद अब तक मान-सम्मान एवं पेंशन का लाभ नहीं मिलने की शिकायत उपायुक्त से की। गुमला प्रखंड के करौंदा सरनाटोली निवासी सुमित्रा कुमारी एवं करौंदा लिटाटोली निवासी सरोज सपना कुमारी ने जमीन की खरीद-बिक्री के नाम पर कथित रूप से 21 लाख 37 हजार 500 रुपये की ठगी किए जाने का मामला उठाया। चैनपुर प्रखंड के प्रेमनगर स्थित दैनिक मजदूर परिवारों ने लगभग 50 वर्षों से निवासरत भूमि का सामूहिक बंदोबस्ती पट्टा प्रदान करने की मांग की वहीं, गुमला नगर क्षेत्र की एक महिला आवेदिका ने अपने पारिवारिक संपत्ति विवाद से संबंधित आवेदन सौंपते हुए बताया कि उनके हिस्से के मकान में प्रवेश करने से उन्हें रोका जा रहा है। उन्होंने घर के बाहरी गेट की चाबी उपलब्ध कराने एवं अपने हिस्से के मकान में रहने की अनुमति दिलाने की मांग की।इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रखंडों से आए आवेदकों ने भूमि विवाद, राजस्व अभिलेखों में त्रुटि सुधार, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति, सड़क निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, रोजगार तथा प्रमाण-पत्र निर्गत करने सहित अन्य जनहित से जुड़े मामलों में भी आवेदन समर्पित किए। उपायुक्त ने कहा कि साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस प्रशासन और आम नागरिकों के बीच सीधे संवाद का एक प्रभावी माध्यम है। प्राप्त प्रत्येक आवेदन का पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से परीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो सके।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनीं आमजनों की समस्याएं



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त श्री रवि आनंद ने आमजनों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन का निर्देश दिया। जनता दरबार में आवास योजना, सर्वजन पेंशन, भूमि विवाद, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, स्वास्थ्य, राशन कार्ड, शिक्षा सहित विभिन्न विभागों से संबंधित मामलों पर आमजनों ने अपनी समस्याएं एवं आवेदन उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किए। उपायुक्त ने जनशिकायत कोषांग के नोडल पदाधिकारी श्री रितेश कुमार को निर्देशित किया कि जनता दरबार में प्राप्त सभी आवेदनों की ई-जनसमाधान पोर्टल पर समयबद्ध प्रविष्टि सुनिश्चित की जाए। साथ ही सभी मामलों की नियमित समीक्षा एवं अनुश्रवण करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादन कराया जाए, ताकि आमजनों को शीघ्र राहत मिल सके। इस दौरान उपायुक्त ने 14 जुलाई 2026 को आयोजित जनता दरबार में ग्राम कटैया, पंचायत कटैया, प्रखंड हंटरगंज निवासी रीता देवी द्वारा दिए गए आवेदन पर की गई कार्रवाई की समीक्षा की। आवेदन के निष्पादन के उपरांत उपायुक्त ने रीता देवी को सर्वजन पेंशन योजना के अंतर्गत स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किया। उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार आमजनों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान का सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को प्रातः 10:30 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक समाहरणालय परिसर में नियमित रूप से जनता दरबार का आयोजन किया जाता है, जहां आमजन अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

## संदेहास्पद स्थिति में व्यावसायिक शिक्षक मुकेश कुमार यादव का निधन, शिक्षक जगत में शोक की लहर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** प्लस टू उच्च विद्यालय प्रतापपुर में पदस्थापित व्यावसायिक शिक्षक मुकेश कुमार यादव का संदिग्ध परिस्थितियों में निधन हो गया। वे जोरी थाना क्षेत्र के घंघरी गांव के रहने वाले थे। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे शिक्षक जगत और विद्यालय परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। शिक्षक, छात्र और अभिभावक इस दुखद घटना से मर्माहत हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज रजक एवं शिक्षक कृष्ण कुमार दुबे ने बताया कि मुकेश कुमार यादव अत्यंत हंसमुख, मिलनसार, कर्तव्यनिष्ठ और मृदुभाषी शिक्षक थे। अपने सरल एवं सौम्य व्यवहार के कारण वे विद्यार्थियों के साथ-साथ विद्यालय के सभी शिक्षकों के बीच बेहद लोकप्रिय थे। वर्ष 2018 से वे प्लस टू उच्च विद्यालय प्रतापपुर में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपनी सेवाएं दे रहे थे। बताया गया कि सोमवार को विद्यालय में अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद करीब 3 बजे वे घर के लिए रवाना हुए थे। इसके बाद डोभी मार्ग पर घंघरी के समीप उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु की खबर सामने आई। घटना की सूचना मिलते ही विद्यालय परिवार स्तब्ध रह गया। एक समर्पित शिक्षक के असामयिक निधन से विद्यालय परिसर में गम और सन्नाटा पसर गया। विद्यालय परिवार ने कहा कि मुकेश कुमार यादव के निधन से शिक्षा जगत ने एक कर्तव्यनिष्ठ, समर्पित और लोकप्रिय शिक्षक खो दिया है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। विद्यालय परिवार ने दिवंगत शिक्षक को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा तथा ईश्वर से शोकाकुल परिजनों को इस अपार दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



**नाम-नैंसी कुमारी, उम्र-18 वर्ष, 06 दिन, ऊँचाई-5 फिट 2 ईंच, रंग-गोरा, पहनावा-सफेद-आसमानी रंग का सलवार सूट पहनी हुई है।**

उपरोक्त लापता लड़की नैंसी कुमारी, उम्र-18 वर्ष, 06 दिन, पिता-कमलेश सोनार, ग्राम-तमाड़, थाना-तमाड, जिला-राँची जो दिनांक-17.07.2026 से लापता जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में तमाड़ थाना सनहा सं0-10/2026, दिनांक-17.07.2026 दर्ज कर इनकी खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता लड़की कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

**Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)**

अनु0 पुलिस पदा0, बुण्डु, राँची। -9431706144
थाना प्रभारी, तमाड़, राँची। -9431706993
आवेदक काली चरण ठाकुर । -8968089197

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची

**PR 385540 Police(26-27).D**

## ग्रिजली पब्लिक स्कूल में साइबर सुरक्षा पर जागरूकता सत्र आयोजित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** ग्रिजली पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को सुरक्षित, जागरूक एवं जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनाने के उद्देश्य से साइबर क्लब के तत्वावधान में कक्षा 6 एवं 7 के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन गेमिंग एवं मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग के दुष्प्रभावों पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित नवप्रवर्तक तथा विद्यालय के रोबोटिक्स लैब इंचार्ज एवं मेंटर कुणाल अंबष्टा थे। उन्होंने अपने प्रेरणादायक सत्र में पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों और साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। कुणाल अंबष्टा ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में मोबाइल फोन ज्ञान, संचार एवं सीखने का प्रभावी माध्यम है, लेकिन इसका अनियंत्रित और अत्यधिक उपयोग बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। उन्होंने बताया कि लंबे समय तक मोबाइल का उपयोग करने से आंखों पर असर पड़ता है, एकाग्रता में कमी आती है, नींद प्रभावित होती है तथा पढ़ाई एवं रचनात्मक गतिविधियों में रुचि कम हो सकती है।

## चतरा में अफीम तस्करी पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# 722 ग्राम अफीम बरामद, महिला तस्कर फरार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**चतरा :** जिले में अफीम की अवैध खेती, भंडारण और तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। लावालौंग थाना क्षेत्र के बुलबुल गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 722 ग्राम अफीम बरामद किया है। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले महिला तस्कर मौके से फरार होने में सफल रही। पुलिस ने फरार महिला की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान तेज कर दिया है। सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शुभम भाऊ साहेब नागरगोजे ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी को सूचना मिली थी कि बुलबुल गांव निवासी सकूंती देवी अपने घर में अफीम छिपाकर बिक्री करने की तैयारी कर रही है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने बुलबुल गांव पहुंचकर महिला के घर की तलाशी ली। तलाशी के दौरान एक स्टील के केन में छिपाकर रखा गया 722 ग्राम अफीम बरामद किया गया। इसके अलावा महिला का बैंक पासबुक भी जब्त किया गया है, जिसकी जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार छापेमारी की भनक लगते ही महिला तस्कर मौके से फरार हो गई। मामले में लावालौंग थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। फरार महिला की गिरफ्तारी के लिए उसके संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है।

**अफीम के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान जारी**

**एसडीपीओ** ने कहा कि चतरा पुलिस जिले में अफीम की खेती, भंडारण और तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध कारोबार में शामिल कोई भी व्यक्ति, चाहे वह पुरुष हो या महिला, कानून से ऊपर नहीं है।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



**नाम-ज्योति देवी उर्फ गुड़िया, उम्र-32 वर्ष, ऊँचाई-5 फिट 5 ईंच, रंग-सॉवला, पहनावा-लाल रंग की साड़ी पहनी हुई है।**

उपरोक्त लापता महिला ज्योति देवी उर्फ गुड़िया, उम्र-32 वर्ष, पिता-स्व0 अशोक साहु, सा0-रघुनाथपुर, थाना-चान्हो, जिला-राँची जो दिनांक-02.07.2026 को घर से बगैर बताए कहीं चली गई जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में चान्हो थाना सनहा सं0-13/2026, दिनांक-09.07.2026 दर्ज कर इनकी खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

**Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)**

पुलिस उपाधीक्षक, खलारी, राँची। -9431742777
थाना प्रभारी, चान्हो, राँची। -9431706189
आवेदक विकास कुमार। -9693764506

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची

**PR 385432 Police(26-27).D**

## जयनगर में विधिक सेवा सह-सशक्तीकरण शिविर आयोजित, सैकड़ों लोगों ने उठाया सरकारी योजनाओं का लाभ

# जागरूक होकर ही अधिकारों की प्राप्ति सम्भव : प्रज्ञा बाजपेई

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा के तत्वावधान में जयनगर प्रखंड सभागार में विधिक सेवा सह-सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभुकों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसीजेएम सह प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार प्रज्ञा बाजपेई थीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार, अंचलाधिकारी सारांश जैन, डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता नवल किशोर



तथा अधिवक्ता अरुण कुमार ओझा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर अतिथियों को पारंपरिक मुकुट, अंगवस्त्र एवं पौधा भेंटकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि प्रज्ञा बाजपेई ने कहा कि जागरूक होकर ही लोग अपने अधिकारों को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति आर्थिक या अन्य संसाधनों के अभाव में न्याय से वंचित नहीं रहेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय एवं सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार ने कहा कि इस प्रकार के विधिक सेवा सह-सशक्तिकरण शिविर आम लोगों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। वहीं अंचलाधिकारी सारांश जैन ने लोगों से सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक एवं सक्रिय रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि अब आम नागरिकों को निःशुल्क विधिक सेवाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। अधिवक्ता नवल किशोर ने कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है, जिसके जरिए व्यक्ति अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास कर सकता है। वहीं अधिवक्ता अरुण कुमार ओझा ने अभिभावकों से अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने की अपील की।

## 100 ट्रैक्टर बालू भंडारण जब्त

**चतरा :** अवैध बालू कारोबार के खिलाफ टंडवा अंचल प्रशासन और पिपरवार पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पिपरवार क्षेत्र में अवैध रूप से भंडारित बालू को जब्त किया है। टंडवा के सिंघम सीओ गौरव कुमार के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान करीब 100 ट्रैक्टर अवैध बालू जब्त किया गया। इस अभियान में टंडवा अंचल की टीम एवं पिपरवार थाना पुलिस की संयुक्त भागीदारी रही है। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध बालू कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अवैध खनन एवं बालू के अवैध भंडारण के खिलाफ आगे भी लगातार अभियान चलाया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**झारखण्ड सशस्त्र पुलिस-10 (म0वा0), होटवार, राँची**

**निलामी संबंधी निविदा आमंत्रण सूचना**

झारखण्ड सशस्त्र पुलिस-10 म0वा0, होटवार, राँची में उपलब्ध निम्न सामग्रियों की निलामी हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदा दाता के लिए मुहरबंद लिफाफे में निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि दिनांक-30.07.2026 तक निर्धारित की जाती है एवं निविदा खोलने की तिथि 02.08.2026 के पूर्वाहन् 11.00 बजे होगी। निविदा खोलने के समय निविदा दाता की उपस्थिति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में अनिवार्य है।

**अयोग्य सामग्रियों की सूची**

| क्र0 | सामानों का नाम | दर |
|---|---|---|
| 1 | लोहे का पाईप | प्रति किलो |
| 2 | टेन्ट/वेव सामग्री का कपड़ा | प्रति किलो |
| 3 | त्रिपाल/दरी | प्रति किलो |
| 4 | लोहा सामग्री | प्रति किलो |
| 5 | प्लास्टिक सामग्री | प्रति किलो |
| 6 | पीतल का टॉर्च | प्रति किलो |
| 7 | अल्मुनियम सामग्री | प्रति किलो |
| 8 | कमाण्डो लाईट | प्रति पीस |
| 9 | लकड़ी सामग्री | प्रति किलो |
| 10 | टीना सामग्री | प्रति किलो |

**नियम एवं शर्ते**

1. निविदा में संबंधित फार्म के निबन्धन का अद्यतन प्रमाण पत्र का होना अनिवार्य है।
2. निविदा को अधोहस्ताक्षरी द्वारा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार पूर्ण रूप से सुरक्षित रहेगा। अधोहस्ताक्षरी का निर्णय अंतिम व मान्य होगा।

ह0/-
समादेष्टा,
झा0स0पु0-10 (म0वा0)
होटवार,राँची।

PR 385471 (Police) 26-27 (D)

## रोटरी क्लब ऑफ कोडरमा ने किया सदर अस्पताल में मातृ व शिशु स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# 40 महिलाओं को बांटी गयी बेबी किट व हॉर्लिक्स

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** जिले में स्वास्थ्य सेवा को आगे बढ़ाते हुए रोटरी क्लब ऑफ कोडरमा द्वारा दिनांक 21 जुलाई 2026 को सदर अस्पताल, कोडरमा में "Maternal & Child Care" परियोजना के अंतर्गत एक जागरूकता एवं सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सदर अस्पताल में 40 महिलाओं को जॉनसन बेबी किट एवं हॉर्लिक्स प्रदान किया गया रोटरी क्लब अध्यक्ष नवीन आर्य ने कहा कि मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य का यह कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं एवं नवमाताओं को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें आवश्यक पोषण एवं देखभाल से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना था। इस अवसर पर स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. रूपा रानी पांडेय ने उपस्थित 40 महिलाओं को संबोधित करते हुए गर्भावस्था के दौरान नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, आयरन एवं कैल्शियम के सेवन, टीकाकरण, प्रसव पूर्व एवं प्रसव पश्चात देखभाल तथा नवजात शिशु के समुचित पोषण एवं स्वच्छता के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को



यह भी बताया कि मां और बच्चे का स्वास्थ्य परिवार एवं समाज की समृद्धि का आधार है, इसलिए प्रत्येक महिला को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग एवं जागरूक रहना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने स्वास्थ्य से संबंधित अपनी जिज्ञासाओं एवं समस्याओं को डॉ. रूपा रानी पांडेय के समक्ष रखा, जिनका उन्होंने सरल एवं प्रभावी ढंग से समाधान किया। इस संवादात्मक सत्र ने महिलाओं को न केवल महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की, बल्कि उन्हें अपने एवं अपने बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति अधिक संवेदनशील एवं आत्मविश्वासी बनने के लिए प्रेरित भी किया। रोटरी क्लब ऑफ कोडरमा द्वारा इस अवसर पर उपस्थित सभी 40 महिलाओं को जॉनसन बेबी किट एवं हॉर्लिक्स प्रदान किए गए। इन सामग्रियों का वितरण माताओं एवं बच्चों के बेहतर पोषण एवं देखभाल को ध्यान में रखते हुए किया गया। महिलाओं ने रोटरी क्लब की इस पहल की सराहना करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया।कार्यक्रम सदर अस्पताल के डॉ. मनोज कुमार के मार्गदर्शन एवं सहयोग, डॉ. रूपा रानी पांडेय की महत्वपूर्ण सहभागिता तथा सहयोगी प्रकाश कुमार और कुमार रवि के सक्रिय योगदान से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर रोटरी क्लब के कोषाध्यक्ष रोटेरियन सिमरनजीत सिंह, पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन संगीता शर्मा पूर्व अध्यक्ष संतोष यशवंत सिन्हा पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन अजय अग्रवाल, रोटेरियन आरती आर्या एवं रोटेरियन आशीष खेतान आरएसएस संस्था के दिलीप सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## एक झलक

### झारखंड में सरकार का अधिकारियों पर नियंत्रण खत्म हो रहा : प्रदीप सिन्हा

**रांची** : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने झारखंड की गठबंधन सरकार पर प्रशासनिक विफलता का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में अधिकारियों पर सरकार का नियंत्रण लगभग समाप्त हो चुका है। उन्होंने दावा किया कि इसका परिणाम प्रशासनिक अनुशासन में गिरावट, जवाबदेही की कमी और जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के रूप में सामने आ रहा है। मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदीप सिन्हा ने कहा कि राज्य के वरिष्ठ मंत्रियों के निर्देशों की अनदेखी इस बात का स्पष्ट संकेत है कि सरकार अपने ही प्रशासनिक तंत्र पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने में असफल है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी के साथ देवघर के पुलिस अधीक्षक के कथित व्यवहार ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू द्वारा किए गए फोन का अधिकारियों ने जवाब तक नहीं दिया। उनके अनुसार, यह अधिकारियों के गैर-जिम्मेदार रवैये को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हो सकती।

### परसा में हथियार के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**सारण** : सारण के वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था को लेकर चलाए जा रहे विशेष वाहन जांच अभियान के दौरान परसा थाना पुलिस को एक सफलता मिली है। पुलिस ने भेल्दी थाना क्षेत्र के फुलवरिया नहर रोड पर कार्रवाई करते हुए एक देशी कट्टा, एक बाइक और दो मोबाइल बरामद कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। वाहन जांच के दौरान फुलवरिया की ओर से एक बाइक पर सवार होकर आ रहे तीन संदिग्धों ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। सशस्त्र बल के सहयोग से तीनों को पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर उनके पास से एक देशी कट्टा बरामद हुआ।
गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान पोखरपुर परसा निवासी अभिराज कुमार सिंह, दिपक कुमार और नितीन कुमार के रूप में हुई है।

### एटीएम में फंसे रुपये निकालने के नाम पर जालसाजी, 25 हजार और कार्ड लेकर गायब हुए शातिर

**सारण** : मढ़ौरा थाना क्षेत्र के मढ़ौरा पेट्रोल पंप के पास स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। अज्ञात अपराधियों ने झांसा देकर एक ग्राहक का एटीएम कार्ड और 25 हजार रुपये गायब कर दिया। पीड़ित बाबू के असोईयां निवासी राजेंद्र शर्मा ने बताया कि वे एटीएम से पैसे निकालने गए थे। ट्रांजेक्शन के दौरान उनका कार्ड और नकदी मशीन में फंस गए। तभी वहां मौजूद दो युवकों ने एटीएम पर लिखे नंबर पर कॉल करने की सलाह दी। फोन करने पर आरोपी ने पीड़ित को गढ़देवी चौक बुलाया, लेकिन वहां पहुंचते ही उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। वापस लौटने पर पीड़ित को एटीएम कार्ड और नकदी गायब मिली।

### मांझी में बंद घर से लाखों के जेवर व नकदी पर चोरों ने किया हाथ साफ

**सारण** : मांझी थाना क्षेत्र के घोरहट मठिया गांव में बिहार पुलिस के रिटायर्ड दारोगा श्याम सुंदर भारती के बंद मकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए लाखों के जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित परिवार बीते 7 जुलाई को बाहर घूमने गया हुआ था। सोमवार की रात जब परिवार वापस लौटा, तो घर के कमरों के ताले टूटे और सामान अस्त-व्यस्त देख दंग रह गया। आशंका जताई जा रही है कि चोर छत के रास्ते रोशनदान से घर में दाखिल हुए थे। इससे पहले 10 जुलाई को भी गांव के दो अन्य बंद मकानों में चोरी हुई थी। पुलिस का मानना है कि तीनों घटनाओं को एक ही गिरोह ने अंजाम दिया है।

---

### बिहार विधानसभा में गूंजा स्कूलों की बदहाली का मुद्दा

# सीएम सम्राट ने छह महीने में सुधार का दिया भरोसा

एजेंसी

**पटना** : बिहार विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को राज्य के सरकारी विद्यालयों की बदहाल स्थिति का मुद्दा सदन में प्रमुखता से उठा। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विधायक ने जर्जर स्कूल भवनों, कमरों की कमी और बुनियादी सुविधाओं के अभाव का मामला उठाते हुए सरकार से जवाब मांगा। इस पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सदन को आश्वस्त किया कि जिन पंचायतों में हाई स्कूलों के लिए भूमि उपलब्ध नहीं है, वहां छह महीने के भीतर आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू करने की दिशा में कार्रवाई की जाएगी। प्रश्नकाल के दौरान राजद विधायक कुमार सर्वजीत ने कहा कि बिहार के लगभग 40 प्रतिशत सरकारी विद्यालय जर्जर भवनों में संचालित हो रहे हैं या उनके भवन पूरी तरह ध्वस्त हो चुके हैं। कई विद्यालयों को दूसरे गांवों में स्थानांतरित कर चलाया जा रहा है, जबकि अनेक स्थानों पर छात्र-छात्राएं पेड़ों के नीचे अथवा अपर्याप्त कमरों में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। उन्होंने सरकार से पूछा कि क्या शिक्षा विभाग ने पूरे राज्य में विद्यालय भवनों की स्थिति का व्यापक सर्वे कराया है और यह पता लगाया है कि किन पंचायतों में स्कूल भवन पूरी तरह ध्वस्त हो चुके हैं। कुमार सर्वजीत ने मांग की कि जर्जर विद्यालय भवनों का राज्यव्यापी सर्वे कराकर शीघ्र नए भवनों का निर्माण कराया जाए। उन्होंने कहा कि कई गांवों में पर्याप्त सरकारी जमीन उपलब्ध होने के बावजूद नए विद्यालय भवनों का निर्माण नहीं कराया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार शिक्षकों की संख्या बढ़ाने का दावा तो करती है, लेकिन विद्यालयों का आधारभूत ढांचा बेहद कमजोर है। राजद विधायक ने शिक्षा की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि तीसरी से छठी कक्षा तक के अनेक छात्र बुनियादी अंग्रेजी और सामान्य विषयों का अपेक्षित ज्ञान नहीं रखते। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग प्रशिक्षण कार्यक्रमों का हवाला देता है, लेकिन वास्तविक चुनौती विद्यालयों में संसाधनों और आधारभूत सुविधाओं की कमी है। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि कई विद्यालयों में केवल दो कमरों में लगभग एक हजार विद्यार्थियों की पढ़ाई कराई जा रही है। ऐसी परिस्थितियों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की अपेक्षा करना व्यावहारिक नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि बिहार विधानसभा के सभी सदस्यों की एक विशेष बैठक बुलाकर राज्य की शिक्षा व्यवस्था की समग्र समीक्षा की जाए, ताकि यह समझा जा सके कि गरीब और ग्रामीण परिवारों के बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से क्यों वंचित रह जा रहे हैं। विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य की प्रत्येक पंचायत में हाई स्कूल स्थापित करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया था। उस समय लगभग 600 से 700 पंचायतों में विद्यालय निर्माण के लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध नहीं थी। ऐसे क्षेत्रों में छात्रों की पढ़ाई बाधित न हो, इसके लिए जहां दो कमरे उपलब्ध थे, वहीं से विद्यालयों का संचालन शुरू कराया गया। बाद में इन विद्यालयों में क्रमशः दसवीं और फिर इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई भी शुरू कराई गई।

---

## पैसे और फर्जी सोशल मीडिया के सहारे चुनाव लड़ रहे हैं प्रशांत किशोर : शाहनवाज हुसैन

एजेंसी

**पटना** : बिहार भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को पटना में निर्वाचन आयोग के अधिकारियों से मुलाकात कर बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में जन सुराज के नेता प्रशांत किशोर द्वारा कथित रूप से चुनावी खर्च की निर्धारित सीमा का उल्लंघन करने, फर्जी कंपनियों के माध्यम से धन खर्च करने तथा सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउंट और बॉट नेटवर्क के जरिए मतदाताओं को प्रभावित करने के संबंध में ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में बिहार सरकार के मंत्री मिथिलेश तिवारी, विधायक जीवेश मिश्रा, विधान परिषद में मुख्य सचेतक जनक राम, प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल तथा चुनाव आयोग सेल के संयोजक राकेश ठाकुर शामिल थे। चुनाव आयोग से मुलाकात के बाद भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक व्यक्ति को चुनाव लड़ने का अधिकार है, लेकिन चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करना सभी के लिए अनिवार्य है। उन्होंने आरोप लगाया कि बांकीपुर उपचुनाव में प्रशांत किशोर ने चुनावी खर्च की 40 लाख रुपये की सीमा को पार करते हुए करोड़ों रुपये खर्च किए हैं और इस संबंध में भाजपा ने चुनाव आयोग को दस्तावेजी साक्ष्य उपलब्ध कराए हैं। शाहनवाज हुसैन ने आरोप लगाया कि चुनावी खर्च को छिपाने के लिए अलग-अलग कंपनियों के माध्यम से सोशल मीडिया पर बड़े पैमाने पर प्रचार कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट बनाकर इन्फ्लुएंसर्स को भुगतान किया जा रहा है तथा कृत्रिम माहौल तैयार करने की कोशिश की जा रही है।

---

### बुंडू में आइसा ने निकाला विरोध मार्च

# छात्रों पर बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज क्यों, मोदी सरकार जवाब दो : आइसा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बुंडू** : विभिन्न परीक्षा पेपर लिक जिम्मेवार केन्द्रीय शिक्षा मंत्री के ज्तीफे, NTA को रद्द कर पारदर्शी एवं जवाबदेह परीक्षा व्यवस्था लागू कराने के मांगों के साथ वैज्ञानिक शिक्षाविद सोनम वांगचुक और आइसा राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा के कई साथियों के 23 दिनों से चले आ रहे भुख हड़ताल के आंदोलन के साथ खड़ा होते हुए आइसा बुण्डू इकाई ने बुण्डू में आक्रोश मार्च निकाला है। आइसा झारखंड राज्य पार्षद रेशमी मुंडा ने कहा जंतर - मंतर पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल बैठे सोनम वांगचुक सहित आंदोलनकारी छात्रों के साथ मोदी सरकार को वार्ता कर




पेपर लीक और छात्रों के आत्महत्याएं पर जवाबदेही लेते हुए शिक्षामंत्री धमेन्द्र प्रधान का इस्तीफा लेना चाहिए था। पर सोनम वांगचुक को सफेद चादर ढंक जबरदस्ती उठाना और शांतिपूर्ण संसद मार्च कर रहे छात्रों पर बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज करना तानाशाही तरिके से लोकतंत्र को कुचलना है। साथ ही कहा कि एक सुप्रीम कोर्ट के टिप्पणी पर मजाकिए डिजीटल क्रॉकचों के आंदोलन से सड़क के आंदोलन ने लोकतांत्रिक देश में निरंकुश सत्ता के जनता के प्रति जवाबदेह बनाने के सपने को दशार्ता है। और यह लड़ाई धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफा के साथ दम लेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजय मुण्डा, कार्तिक प्रमाणिक, शारदा मुंडा , सुमित्रा मुंडा, पूजा मुंडा, जानकी महतो,आकाश, सुर्लभ कुम्हार, नितेश महतो, रंजन महतो , प्रेम , जितेन्द्र पातर मुंडा, चैतन महतो,सुरज उरांव,विनय सेठ, राहुल सेठ, लालमोहन मुंडा, प्रफुल्ल प्रमाणिक, अम्लकांत महतो, जगमोहन महतो, गौतम मुंडा, भीष्म महतो, दामोदर प्रजापति, महावीर मुंडा सहित सैकड़ों छात्र छात्राएं शामिल रहे।

---

### बीआईटी मेसरा में SIETCS-2026 का सफल समापन

# नवाचारपूर्ण परियोजनाओं को मिली सराहना

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी) मेसरा, लालपुर परिसर में आयोजित छह सप्ताह का समर इंटर्नशिप एवं बूटकैंप ऑन इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज इन कंप्यूटर साइंस (SIETCS-2026) सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। यह कार्यक्रम



उभरती प्रौद्योगिकियों, अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। डॉ. देवेश कुमार उपाध्याय के मार्गदर्शन में आयोजित इस बूटकैंप में प्रतिभागियों को अत्याधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। छह सप्ताह के दौरान प्रतिभागियों ने गहन प्रशिक्षण, अनुसंधान एवं विकास कार्यों में भाग लिया तथा परियोजना-आधारित अधिगम और शोध प्रकाशन संबंधी गतिविधियों में सक्रिय योगदान दिया। समापन सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से अपने अंतिम प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। मूल्यांकन पैनल में डॉ. देवेश कुमार उपाध्याय, डॉ. एन. के. सिंह एवं डॉ. विजयलक्ष्मी शामिल थे। इस अवसर पर बीआईटी मेसरा, लालपुर परिसर के प्रभारी प्रोफेसर डॉ. विजय कुमार झा भी उपस्थित रहे। मूल्यांकन समिति ने प्रतिभागियों की परियोजनाओं की तकनीकी गुणवत्ता, नवाचार एवं व्यावहारिक उपयोगिता की सराहना की। अंतिम मूल्यांकन में रवि शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आदित्य, सोहम एवं ध्रुव की टीम को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ, जबकि हिमांशु ने तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के सफल समापन पर सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। SIETCS-2026 ने एक बार फिर बीआईटी मेसरा, लालपुर परिसर की अनुसंधान, नवाचार एवं कौशल विकास के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।

---

## श्रावणी मेला के लिए आसनसोल-गोरखपुर के बीच प्रतिदिन चलेगी अनारक्षित विशेष ट्रेन

एजेंसी

**सीवान** : श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए आसनसोल-गोरखपुर-आसनसोल श्रावणी मेला अनारक्षित विशेष ट्रेन (03527/03528) चलाने का निर्णय लिया है। यह विशेष ट्रेन आसनसोल से 29 जुलाई से 29 अगस्त 2026 तक प्रतिदिन तथा गोरखपुर से 30 जुलाई से 30 अगस्त 2026 तक प्रतिदिन कुल 32 फेरों के लिए संचालित होगी। रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित कुमार ने बताया कि 03527 आसनसोल-गोरखपुर श्रावणी मेला अनारक्षित विशेष ट्रेन आसनसोल से रात 9:00 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन चित्तरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, जमुई, किऊल, बरौनी, बछवारा, शाहपुर पटोरी, हाजीपुर, सोनपुर, दिघवारा, छपरा, सीवान सुबह 8:35 बजे तथा देवरिया सदर होते हुए सुबह 11:00 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। वापसी में 03528 गोरखपुर-आसनसोल श्रावणी मेला अनारक्षित विशेष ट्रेन गोरखपुर से शाम 4:15 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन देवरिया सदर, सीवान शाम 6:35 बजे, छपरा, दिघवारा, सोनपुर, हाजीपुर, शाहपुर पटोरी, बछवारा, बरौनी, किऊल, जमुई, झाझा, जसीडीह, मधुपुर और चित्तरंजन होते हुए अगले दिन सुबह 8:20 बजे आसनसोल पहुंचेगी।

---

### वार्ड संख्या-14 की पार्षद अंजू देवी ने वित्त मंत्री से की मुलाकात

# ऐतिहासिक चुटिया के विकास पर हुई चर्चा



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : वार्ड संख्या-14 की पार्षद अंजू देवी ने झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से शिष्टाचार मुलाकात कर वार्ड की विभिन्न विकास योजनाओं एवं जनसमस्याओं पर चर्चा की। मुलाकात के दौरान पीसीसी पथ, ढका हुआ नाला, पुल निर्माण, पेयजल, स्ट्रीट लाइट एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास की मांग रखी गई। साथ ही कभी छोटानागपुर की राजधानी रही प्राचीन चुटिया नगरी के चहुमुखी विकास की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया गया। वित्त मंत्री ने सभी मांगों को गंभीरता से सुनते हुए वार्ड संख्या-14 एवं ऐतिहासिक चुटिया क्षेत्र के विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पार्षद अंजू देवी ने मंत्री महोदय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चुटिया के ऐतिहासिक गौरव के अनुरूप क्षेत्र का समग्र विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

---

## बिहार में अब दूसरे राज्यों के डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ भी कर सकेंगे प्रैक्टिस, दो स्वास्थ्य विधेयक पारित

एजेंसी

**पटना** : बिहार विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन स्वास्थ्य विभाग से जुड़े दो महत्वपूर्ण विधेयकों के पारित होने के बाद राज्य में चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने मंगलवार को सदन के बाहर मीडिया से बातचीत में बताया कि विधानसभा ने बिहार नर्सेज पंजीकरण (संशोधन) विधेयक, 2026 तथा बिहार चिकित्सा (संशोधन) विधेयक, 2026 को पारित कर दिया है। इन संशोधनों के बाद अब अन्य राज्यों के डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ भी बिहार में अपेक्षाकृत सरल प्रक्रिया के तहत चिकित्सा सेवाएं दे सकेंगे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि नए कानून का उद्देश्य राज्य में योग्य चिकित्सकों और नर्सिंग कर्मियों की उपलब्धता बढ़ाना तथा स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ और प्रभावी बनाना है। उन्होंने बताया कि जिन डॉक्टरों का पंजीकरण पहले से किसी अन्य राज्य की मेडिकल परिषद या संबंधित केंद्रीय निकाय में है, उन्हें बिहार में प्रैक्टिस करने के लिए दोबारा पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने कहा कि पूर्व में लागू अनिवार्य पुनपंर्जीकरण और अन्य औपचारिकताओं के कारण दूसरे राज्यों के डॉक्टरों को बिहार में सेवा देने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। कई मामलों में अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) और अन्य स्वीकृतियां प्राप्त करने में वर्षों लग जाते थे, जिससे चिकित्सकों का समय और संसाधन दोनों प्रभावित होते थे।

---

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा राज्य स्तरीय पुरस्कारों में रांची जिला के दो छात्र हुए पुरस्कृत



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : रांची के दो विद्यार्थी राज्य स्तरीय मेरिट में चयनित हुए, जिन्हें भा सं ज्ञा प के प्रान्तीय समन्वयक ताराचंद अग्रवाल टीम द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह गायत्री शक्तिपीठ, टाटानगर में पुरस्कृत किया गया। रांची जिला के भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा समन्वयक दीपक दयाल प्रसाद ने बताया कि विभिन्न विद्यालयों से उन विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया था, जिन्होंने परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। बताया कि रांची जिलांतर्गत दो विद्यार्थी द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किए थे, जिनमें स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल रांची के द्वितीय स्थान प्राप्त कक्षा 6 के संदीप सिंह मुण्डा, पिता जी कृष्ण सिंह मुण्डा और बिरसा चिल्ड्रेन एकेडेमी रांची कक्षा 8 की पलक कुमारी, पिता जी बिनोद भगत थे। उन्होंने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र और नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य एवं अन्य अतिथि गण एवं शक्तिपीठ व्यवस्था टीम प्रतिनिधियों ने पुरस्कृत एवं सम्मानित करने उपरान्त विद्यार्थियों को आगे भी अध्ययन के साथ संस्कारों से जुड़े रहने और निरंतर प्रयास करने का प्रोत्साहन-संदेश दिया।

---

# बेड़ो से गुजरनेवाला रांची-गुमला मार्ग बदहाल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बेड़ो** : रांची गुमला फोरलेन बनने के बाद बेड़ो केशा मोड़ से बारीडीह तक बेड़ो से गुजरने वाली मुख्य सड़क पूरी तरह बदहाल हो गई है। यह सड़क जगह-जगह जर्जर होकर बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। वर्षा के बाद इन गड्ढों में जलजमाव हो जाने से लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। केशा मोड़ से बारीडीह गांव तक करीब 4 किलोमीटर का यह हिस्सा सबसे ज्यादा क्षतिग्रस्त है। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण, किसान, व्यापारी, स्कूल और कॉलेज के छात्र आवागमन



करते हैं। जर्जर सड़क के कारण वाहन चालकों को संतुलन बनाए रखने में कठिनाई होती है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। वहीं स्थानीय दुकानदारों, छात्रों और ग्रामीणों का कहना है कि सड़क का निर्माण कई वर्ष पहले हुआ था। उसके बाद इसकी कभी मरम्मत नहीं हुई। समय के साथ ऊपरी परत उखड़ गई और अब सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी केवल आश्वासन देते हैं। इसके बाद समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया जाता। जिसके कारण आमजन को रोज परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों, छात्रों और दुकानदारों ने जनहित में बेड़ो से गुजरने वाली इस मार्ग की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि आवागमन सुगम हो सके और हादसों पर लगाम लग सके।

---

# जमीन कारोबार में दोगुना मुनाफे का झांसा, दिव्यांग से 14.26 लाख रुपये हड़पने का आरोप

- दो साल से रुपये वापसी की गुहार, न्याय नहीं मिला, तो एसएसपी से लेकर मुख्यमंत्री तक लगायेंगे फरियाद

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**सिकिदिरी** : जमीन के कारोबार में साझेदारी और दोगुना मुनाफा दिलाने का झांसा देकर एक दिव्यांग युवक से 14.26 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने सिकिदिरी थाना में आवेदन देकर आरोपित जमीन कारोबारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने




मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिया है। पिठोरिया थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव निवासी दिव्यांग जाहिद अंसारी ने सिकिदिरी थाना क्षेत्र के कुटे गांव निवासी जमीन कारोबारी कलाम अंसारी पर 14 लाख 26 हजार रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने दिव्यांग सेवा संस्थान, रांची के सदस्यों के साथ सिकिदिरी थाना पहुंचकर थाना प्रभारी बम शंकर यादव को आवेदन सौंपते हुए न्याय की गुहार लगाई। आवेदन के अनुसार करीब सवा दो वर्ष पहले कलाम अंसारी तथा अनगड़ा थाना क्षेत्र के हेसल गांव निवासी तबरेज अंसारी ने उसे जमीन के कारोबार में साझेदार बनाने और रकम पर दोगुना मुनाफा देने का भरोसा दिया था। उनके झांसे में आकर उसने विभिन्न लोगों एवं दिव्यांग राहत सेवा संस्थान के सदस्यों से कर्ज लेकर कुल 14.26 लाख रुपये कलाम अंसारी को दे दिए। पीड़ित का दावा है कि लेन-देन से संबंधित सभी दस्तावेज उसके पास मौजूद हैं। जाहिद अंसारी का आरोप है कि पिछले दो वर्षों से वह अपनी रकम वापस मांग रहा है, लेकिन आरोपित न तो पैसे लौटा रहा है और न ही कोई संतोषजनक जवाब दे रहा है। इधर, जिन लोगों से उसने कर्ज लिया था, वे लगातार पैसे लौटाने का दबाव बना रहे हैं, जिससे वह आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान है। थाना प्रभारी बम शंकर यादव ने आवेदन प्राप्त होने की पुष्टि करते हुए मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वहीं पीड़ित जाहिद अंसारी ने कहा कि यदि थाना स्तर पर न्याय नहीं मिला तो वह एसएसपी रांची से लेकर मुख्यमंत्री तक अपनी शिकायत पहुंचाएगा। आवश्यकता पड़ने पर संस्थान के सदस्यों के साथ राजभवन के समक्ष धरना देने की भी चेतावनी दी है।

---

## कलकत्ता पब्लिक स्कूल के दो छात्रों ने नीट-2026 में लहराया परचम, स्कूल में खुशी की लहर



नीट-2026 में पियूष पवार और आदित्य धवन की शानदार सफलता, कलकत्ता पब्लिक स्कूल ने दी बधाई

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**ओरमांझी** : कलकत्ता पब्लिक स्कूल ओरमांझी के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-2026) में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के छात्र पियूष पवार और आदित्य धवन ने अपनी मेहनत, लगन और समर्पण के बल पर नीट-2026 में सफलता हासिल कर चिकित्सा शिक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने दोनों विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय निदेशक मिथलेश कुमार मिश्र ने कहा कि यह सफलता छात्रों की कठिन मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। दोनों विद्यार्थियों की उपलब्धि से विद्यालय के अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी। विद्यालय के प्राचार्या प्रियंदा झा एवं प्रबंधन समिति ने कहा कि कलकत्ता पब्लिक स्कूल विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। नीट-2026 में मिली यह सफलता विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण है। विद्यालय परिवार ने विश्वास जताया कि दोनों छात्र भविष्य में चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देकर समाज और देश का नाम रोशन करेंगे।

फीफा विश्व कप 2026 के बाद नयी रैंकिंग जारी

# स्पेन बना नम्बर-1, अर्जेंटीना दूसरे स्थान पर खिसका

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** फीफा विश्व कप 2026 का खिताब जीतने के साथ ही स्पेन ने फीफा पुरुष फुटबॉल रैंकिंग में भी नंबर-1 स्थान हासिल कर लिया है। स्पेन ने फाइनल में अर्जेंटीना को अतिरिक्त समय में 1-0 से हराकर छह महीने बाद फिर से शीर्ष स्थान पर कब्जा जमाया और मौजूदा विश्व चैंपियन अर्जेंटीना को दूसरे स्थान पर धकेल दिया। विश्व कप फाइनल में फेरान टोरेस ने अतिरिक्त समय में विजयी गोल दागकर स्पेन को उसका दूसरा पुरुष विश्व कप खिताब दिलाया। इस उपलब्धि के साथ स्पेन अब पुरुष और महिला दोनों फीफा रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गया है। स्पेन की महिला टीम भी मौजूदा विश्व चैंपियन है।

### अर्जेंटीना दूसरे, फ्रांस तीसरे स्थान पर बरकरार

**लियोनेल** मेसी की कप्तानी वाली अर्जेंटीना एक स्थान नीचे खिसककर दूसरे नंबर पर पहुंच गई है। विश्व कप में चौथे स्थान पर रहने के बावजूद फ्रांस तीसरे स्थान पर कायम है, जबकि इंग्लैंड चौथे स्थान पर बना हुआ है।

### ब्राजील की टॉप-5 में वापसी, पुर्तगाल और जर्मनी को नुकसान

**यूईएफए** नेशंस लीग चैंपियन पुर्तगाल, जिसे विश्व कप के प्री-क्वार्टर फाइनल में स्पेन ने बाहर किया था, दो स्थान फिसलकर सातवें नंबर पर पहुंच गया है। वहीं, इसी दौर में बाहर होने वाला ब्राजील एक स्थान की छलांग लगाकर छह महीने बाद फिर से शीर्ष-5 में लौट आया है और अब पांचवें स्थान पर है।



चार बार का विश्व चैंपियन जर्मनी विश्व कप के राउंड ऑफ-32 में पैराग्वे से पेनाल्टी शूटआउट में हारकर बाहर हो गया था। इसका असर रैंकिंग पर भी पड़ा और जर्मनी दो स्थान नीचे खिसककर 12वें स्थान पर पहुंच गया। यह सितंबर 2025 के बाद उसकी सबसे खराब रैंकिंग है।

### मेजबान देशों में मेक्सिको ने लगायी सबसे बड़ी छलांग

**विश्व** कप के सह-मेजबान देशों में मेक्सिको ने सबसे बड़ी प्रगति की। मेक्सिको चार स्थान ऊपर चढ़कर 10वें नंबर पर पहुंच गया। टीम प्री-क्वार्टर फाइनल तक पहुंची थी, जहां उसे अपने घरेलू मैदान एज्टेका स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा।

**फीफा पुरुष रैंकिंग (विश्व कप 2026 के बाद शीर्ष-10)**

1. स्पेन
2. अर्जेंटीना
3. फ्रांस
4. इंग्लैंड
5. ब्राजील
6. मोरक्को
7. पुर्तगाल
8. बेल्जियम
9. नीदरलैंड्स
10. मेक्सिको

विश्व कप फाइनल की हार के बाद भावुक हुए लियोनेल मेसी, बोले

## यह दर्द बहुत गहरा है



**नयी दिल्ली :** फीफा विश्व कप 2026 के फाइनल में स्पेन से अतिरिक्त समय में 0-1 की हार के एक दिन बाद अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी ने भावुक संदेश जारी करते हुए प्रशंसकों का आभार जताया। मेसी ने कहा कि इस हार का दर्द बहुत गहरा है और इस घाव को भरने में समय लगेगा, लेकिन टीम ने पूरे टूर्नामेंट में जो संघर्ष किया, उस पर उन्हें गर्व है। न्यू जर्सी में खेले गए फाइनल में स्पेन ने अतिरिक्त समय में अर्जेंटीना को 1-0 से हराकर विश्व कप खिताब अपने नाम किया। मैच के बाद मेसी भावुक होकर रोते हुए नजर आए और उनके अंतरराष्ट्रीय भविष्य को लेकर भी अटकलें तेज हो गईं। इंस्टाग्राम पर स्पेनिश भाषा में लिखे अपने संदेश में मेसी ने कहा, यह दर्द बहुत गहरा है और इस घाव को भरने में समय लगेगा। लेकिन मैं उन सभी अच्छे पलों को भी संजोकर रखूंगा... वे मुकाबले जिन्हें हमने वापसी करते हुए जीता, जिनमें हमने अपना सब कुछ झोंक दिया।

## इंग्लैंड के पूर्व फुटबॉलर केविन कीगन का निधन

**लंदन :** इंग्लैंड के पूर्व फुटबॉलर केविन कीगन का निधन हो गया है। वह 75 वर्ष के थे और पिछले कुछ समय से कैंसर से पीड़ित थे। कीगन इंग्लैंड के कप्तान भी रहे थे। उन्हें दो बार प्रतिष्ठित बैलन डीओर पुरस्कार भी मिला था। उनके निधन की जानकारी न्यूकैसल यूनाइटेड क्लब ने दी है। इसी क्लब से वह खेलते थे। क्लब ने उन्हें अपने इतिहास की सबसे प्रतिष्ठित, प्रभावशाली और सर्वाधिक प्रिय हस्तियों में से एक बताया। कीगन 1970 के दशक में इंग्लैंड ही नहीं पूरे यूरोपीय फुटबॉल जगत के सबसे बड़े सितारे के तौर पर उभरे थे। अपनी असाधारण फुर्ती, गोल करने की अद्भुत क्षमता और मैदान पर अथक मेहनत से उन्होंने विश्व फुटबॉल में अपनी एक अलग ही पहचान बनाई। वह उन अपने देश के उन चार खिलाड़ियों में शामिल थे।

## हॉकी इंडिया अधिकारियों ने निर्माणाधीन एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम का किया निरीक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह के निर्देश पर हॉकी इंडिया के डायरेक्टर - कॉम्पिटिशन और हॉकी डेवलपमेंट, विक्रम पाल ने आज खेल कूद एवम युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार द्वारा गुमला में चल रहे एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम के निर्माण कार्यों का जिला खेल पदाधिकारी श्री प्रवीण कुमार, हॉकी गुमला के सचिव सह हॉकी झारखंड एथलीट समिति के श्री नॉरबोट कुजूर, निर्माण कार्य विभाग के अभियंताओ और सवेंदको के साथ निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

1. एफ आई एच मानकों के अनुसार फ्लडलाइट्स के लक्स लेवल को बेहतर बनाया जाए।
2. पिच का साफ नजारा देखने के लिए उत्तर और दक्षिण, दोनों तरफ गोल लाइन के पीछे ब्रॉडकास्ट कैमरा प्लेटफॉर्म की जगह बदली जाए।
3. शॉकपैड का काम मॉनसून के मौसम के बाद और धूप होने पर ही किया जाए। टर्फ लगाने से पहले शॉकपैड के काम का एफ आई एच द्वारा टेस्ट किया जाना चाहिए।
4. एफ आई एच मानकों के अनुसार गोल लाइन के पीछे फेंसिंग की ऊंचाई बढ़ाकर 7 मीटर की जाए।
5. पश्चिम दिशा में टीम डगआउट और टेक्निकल अधिकारियों के बूथ के लिए जगह बनाई जाए एवं गोलपोस्ट, प्लेयर डगआउट और टेक्निकल अधिकारियों के बूथ एफ,आई एच और एच आई मानकों के अनुसार खरीदे जाएं।

एफआईएच हॉकी पुरुष विश्व कप 2026 के लिए भारतीय टीम घोषित

# हरमनप्रीत सिंह होंगे कप्तान



**नयी दिल्ली :** हॉकी इंडिया ने एफआईएच हॉकी पुरुष विश्व कप बेल्जियम एवं नीदरलैंड्स 2026 के लिए 20 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी। अनुभवी डिफेंडर और ड्रैग-फ्लिक विशेषज्ञ हरमनप्रीत सिंह टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह टीम में अनुभव की अहम भूमिका निभाएंगे। विश्व कप का आयोजन 15 से 30 अगस्त 2026 तक बेल्जियम और नीदरलैंड्स में होगा। भारत को पूल डी में इंग्लैंड, पाकिस्तान और वेल्स के साथ रखा गया है। भारतीय टीम अपने सभी लीग मुकाबले नीदरलैंड्स के एम्स्टलवीन में खेलेगी। मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने टीम चयन पर संतोष जताते हुए कहा, यह एक संतुलित टीम है। इसमें बड़े टूर्नामेंट का अनुभव रखने वाले खिलाड़ियों के साथ शानदार फॉर्म में चल रहे युवा खिलाड़ियों का बेहतरीन मिश्रण है। इन युवाओं ने अपनी प्रतिष्ठा नहीं, बल्कि प्रदर्शन के दम पर टीम में जगह बनाई है। भारत अपने अभियान की शुरूआत 15 अगस्त को वेल्स के खिलाफ करेगा। इसके बाद 17 अगस्त को इंग्लैंड और 19 अगस्त को चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से मुकाबला होगा।

**भारतीय टीम**

**गोलकीपर :** मोहित एचएस, सूरज करकेरा
**डिफेंडर :** जरमनप्रीत सिंह, हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, सुमित, यशदीप सिवाच
**मिडफील्डर :** मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, नीलकांत शर्मा, राजिंदर सिंह, आदित्य अर्जुन लालगे
**फॉरवर्ड :** मनदीप सिंह, दिलप्रीत सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा।

## विश्व हॉकी कप से पहले बाबा बैद्यनाथ व बासुकीनाथ पहुंचे भोलानाथ सिंह

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** 14 अगस्त से 30 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम में आयोजित FIH हॉकी वर्ल्ड कप के लिए भारतीय महिला एवं पुरुष टीम की घोषणा हो चुकी है। दोनों टीमें इस प्रतियोगिता में भाग लेंगी। इससे पूर्व हॉकी इंडिया के महासचिव श्री भोलानाथ सिंह जी आज झारखंड के देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम और बासुकीनाथ धाम पहुंचे और पूजा-अर्चना कर भारत की जीत की कामना की। उनके साथ हॉकी इंडिया के डायरेक्टर बी. भूषण, जॉइंट डायरेक्टर श्री राकेश कुमार, मैनेजर (एडमिन और प्रोटोकॉल ) तरुण गंभीर, हॉकी झारखंड के महासचिव मनोज कोणबेगी,



झारखंड राज्य कुश्ती महासंघ के महासचिव रजनीश कुमार तथा झारखंड राज्य कुश्ती संघ के संयुक्त सचिव संजीव झा जी भी उपस्थित रहे। सभी ने एक साथ पूजा-अर्चना कर भारतीय टीम की जीत की कामना की। बासुकीनाथ पहुंचने पर दुमका जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष श्री मिथिलेश कुमार जी ने सभी अतिथियों का गुलदस्ता और माला पहनाकर स्वागत किया।



पेंशनर्स समाज भवन के जीर्णोद्धार और पीसीसी पथ का हुआ उद्घाटन

## पेंशनर्स समाज को दिशा दिखाते हैं : डॉ. नीरा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** मंगलवार को झारखंड राज्य पेंशनर समाज जिला शाखा कोडरमा में उद्?घाटन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में कोडरमा विधायक सह प्रदेश की पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नीरा यादव मौजूद थीं। उन्होंने विधायक मद से पेंशनर्स समाज कार्यालय भवन के जीर्णोद्धार और वहां बने पीसीसी पथ का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी ने की। मुख्य अतिथि विधायक डॉ नीरा यादव ने अपने सम्बोधन में कहा कि कोडरमा जिला पेंशनर समाज झारखंड राज्य में अच्छी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि पेंशनर्स ना केवल अभिभावक हैं बल्कि ये समाज को दिशा दिखाते हैं। पेंशनर समाज एवं पेंशनर्स की जो भी समस्यायें आयेंगी उनका समाधान वे तत्परता से करेंगी और निदान के लिए पूरा योगदान देंगी। वहीं पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी ने कहा कि पेंशन भोगी सदा स्वस्थ रहते हुए परस्पर सहयोग की भावना रखें। इस कार्यक्रम में महेश्वर पाण्डेय, महेश्वरी प्रसाद यादव, देवराज सिंह, रामनरेश चौधरी, सुरेंद्र प्रसाद मोदी, नगीना पासवान आदि ने अपने विचार रखे।

## आयुष्मान भारत योजना के शत-प्रतिशत लाभुकों का ई-केवाईसी व आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** उपायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, चतरा रवि आनंद के निर्देशानुसार जिले में आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आच्छादित सभी लाभुकों का शत-प्रतिशत ई-केवाईसी एवं आयुष्मान कार्ड निर्माण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। कार्यकारी निदेशक, झारखंड स्टेट आरोग्य सोसायटी, रांची के निर्देश के आलोक में उपायुक्त ने कहा है कि जिले के सभी प्रखंडों में ई-केवाईसी के माध्यम से लाभुकों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके बावजूद कुछ प्रखंडों में कार्ड निर्माण की प्रगति अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच सकी है, जो चिंता का विषय है। इसी क्रम में जिला प्रशासन ने सभी छूटे हुए पात्र लाभुकों का शीघ्र आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है। जून 2026 की स्थिति के अनुसार जिले में 1,57,822 लाभुकों का ई-केवाईसी लंबित है। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने प्रखंड में लंबित लाभुकों का शत-प्रतिशत ई-केवाईसी एवं आयुष्मान कार्ड निर्माण सुनिश्चित कराएं।

## नीट-2026 में नेतरहाट आवासीय विद्यालय का शानदार प्रदर्शन, आठ विद्यार्थियों ने पायी सफलता

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**लातेहार :** अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता और अनुशासित शिक्षण व्यवस्था के लिए प्रसिद्ध नेतरहाट आवासीय विद्यालय ने एक बार फिर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-2026 में विद्यालय के आठ विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर विद्यालय, अपने अभिभावकों तथा पूरे झारखंड का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में हर्ष का माहौल है और सफल विद्यार्थियों को लगातार बधाइयाँ मिल रही हैं। सफल विद्यार्थियों में आर्यन गुप्ता, शाश्वत आनंद, राहुल कुमार, के. राज गौरव, आयुष कुमार हिन्द, हर्ष कुमार हिन्द, सत्यम उरांव तथा कमल राज शामिल हैं। इन विद्यार्थियों की सफलता ने एक बार फिर यह सिद्ध किया है कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी के लिए अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की लगन, कठिन परिश्रम, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों, अनुशासन, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धी वातावरण पर विशेष बल दिया जाता है, जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। प्राचार्य ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी सफल विद्यार्थी भविष्य में योग्य, संवेदनशील और सेवा-भाव से प्रेरित चिकित्सक बनकर समाज और राष्ट्र की सेवा करेंगे। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी। विद्यालय परिवार ने आशा जताई कि आने वाले वर्षों में भी नेतरहाट आवासीय विद्यालय के विद्यार्थी विभिन्न राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर झारखंड और देश का गौरव बढ़ाते रहेंगे।

## पेड़ से टकरायी बाइक, युवक की मौत

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा-तांतनगर मुख्य मार्ग पर मंगलवार तड़के हुए एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान कोकचो निवासी सचिन निषाद (35) के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल है। हादसा कोकचो थाना क्षेत्र के हेस्साडीह गांव के समीप मंगलवार तड़के हुआ। बताया जा रहा है कि सचिन निषाद अपनी मोटरसाइकिल से कहीं से वापस अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान अचानक उसकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे खड़े एक पेड़ से जा टकराई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सचिन बाइक से उछलकर सड़क पर सिर के बल गिर पड़ा।

## समय से पहले सौ फीसदी डिजिटाइजेशन पूरा कर बनीं मिसाल, बीएलओ जयश्री बाउरी सम्मानित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कुंडहित (जामताड़ा) :** कुंडहित की बीएलओ जयश्री बाउरी ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान के तहत निर्धारित समय से पहले एन्यूमरेशन फॉर्म का सौ प्रतिशत डिजिटाइजेशन और एएसडीडी मार्किंग का कार्य पूरा कर मिसाल पेश की है। उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें सहायक निर्वाचक निबंधन सह अंचलाधिकारी जमाले राजा ने मंगलवार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान सहायक निर्वाचक निबंधन सह अंचलाधिकारी जमाल राजा ने अन्य बीएलओ को भी इनसे प्रेरणा लेने की अपील की। बताया कि प्रखंड अंतर्गत नाला विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या-183 की बीएलओ जयश्री बाउरी ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान के तहत निर्धारित समय से पहले एन्यूमरेशन फॉर्म का 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन और एएसडीडी मार्किंग का कार्य पूरा कर मिसाल पेश की है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप सभी बीएलओ पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान सफलतापूर्वक पूरा हो सके।

एटिक सेंटर में कृषक गोष्ठी का हुआ आयोजन

## बीज व दवा का किया गया वितरण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**कुंडहित ( जामताड़ा) :** कुंडहित प्रखंड मुख्यालय स्थित एटिक सेंटर में मंगलवार को कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड एवं आत्मा जामताड़ा की ओर से पंचायत स्तरीय मिलेट मिशन पंजीकरण शिविर सह कृषक गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान किसानों को खरीफ मौसम में वैज्ञानिक खेती, झारखंड मिलेट मिशन योजना, वैकल्पिक खेती तथा धान की लाइन रोपाई (लाइन सोइंग) विधि की विस्तृत जानकारी दी गई। एटिक सेंटर में आयोजित किसान गोष्ठी में बीटीएम सुजीत कुमार ने कृषकों को झारखंड मिलेट मिशन योजना के तहत मोटे अनाज (मिलेट) की खेती पर मिलने वाली प्रोत्साहन राशि की जानकारी दी गई। साथ ही खरीफ मौसम में दलहनी फसलों की खेती, फसलों में संतुलित उर्वरकों के उपयोग, कम वर्षापात की स्थिति में अपनाई जाने वाली वैकल्पिक खेती तथा कृषि विभाग द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे उन्नत बीजों के संबंध में विस्तार से बताया गया। किसानों से आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों को अपनाकर उत्पादन बढ़ाने का आह्वान किया गया। वहीं किसानों को धान की लाइन रोपाई (लाइन सोइंग) विधि का प्रशिक्षण दिया। बताया कि सीधी लाइन में धान की रोपाई करने से पौधों को पर्याप्त पोषण एवं धूप मिलती है, खरपतवार नियंत्रण और सिंचाई में सुविधा होती है तथा उत्पादन एवं गुणवत्ता में वृद्धि होती है। किसानों को इस तकनीक को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। बताया कि यह कार्यक्रम 7 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान कृषकों के बीच पौधा संरक्षण पर्यवेक्षक शमसुद्दीन अंसारी के उपस्थिति में बीज तथा इंसेक्टिसाइड एवं पेस्टिसाइड दवा का वितरण किया गया।

## एसपी आवास के सामने दिनदहाड़े हत्या निजी बॉडीगार्ड ने साथी को मारी गोली

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**चतरा :** जिला मुख्यालय में मंगलवार को एसपी कार्यालय और आवास के ठीक सामने एक सनसनीखेज हत्या से हड़कंप मच गया। गया निवासी ठेकेदार रॉकी यादव के निजी बॉडीगार्ड बलवीर सिंह ने अपने साथी अतुल कुमार को सिर में गोली मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपित को हथियार सहित तुरंत गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार चतरा बाईपास निर्माण कार्य करा रहे ठेकेदार रॉकी यादव किसी कार्य से एसपी से मिलने पहुंचे थे। इस दौरान उनके दोनों निजी सुरक्षा कर्मी वाहन में बैठे थे। इसी बीच किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ और देखते ही देखते बलवीर सिंह ने अतुल कुमार पर गोली चला दी। गोली चलने की आवाज सुनते ही पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और आरोपित को दबोच लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बताया जाता है कि दोनों बिहार के रहने वाले थे और रॉकी यादव की निर्माण कंपनी रमिया कंस्ट्रक्शन के निजी सुरक्षा कर्मी थे। पुलिस हत्या के कारणों की जांच कर रही है। प्रारंभिक तौर पर मामला आपसी विवाद का बताया जा रहा है, जबकि हत्या में प्रयुक्त हथियार भी जब्त कर लिया गया है।

# सुब्रतो मुखर्जी कप 2026 में गुमला की बेटियों ने रचा इतिहास

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**




**गुमला :** राज्य स्तरीय 65वीं सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता-2026 के अंडर-17 बालिका वर्ग में गुमला जिला की टीम ने शानदार एवं अपराजेय प्रदर्शन करते हुए राज्य चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन एवं राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग के द्वारा सभी खिलाड़ियों को मेडल एवं पुरस्कार सहित विजेता ट्राफी प्रदान की गई। झारखंड शिक्षा परियोजना, गुमला के तत्वावधान में खेल रही संत पात्रिक उच्च विद्यालय, गुमला की छात्राएं जो बालिका फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र, इंडोर स्टेडियम, गुमला में अभ्यास करती हैं ने पूरे टूर्नामेंट में अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए झारखंड का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया।कप्तान सबरनी कुमारी के नेतृत्व में गुमला की टीम पूरे टूर्नामेंट में आक्रामक एवं अनुशासित खेल का प्रदर्शन करती रही। टीम की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि पूरे टूर्नामेंट में किसी भी विपक्षी टीम को एक भी गोल करने का अवसर नहीं मिला। फाइनल मुकाबले में हजारीबाग के विरुद्ध 2-0 की जीत में दोनों गोल कप्तान सबरनी कुमारी ने दागकर अपनी टीम को ऐतिहासिक विजय दिलाई और मैच की नायिका रहीं।गुमला की टीम ने लीग चरण में अपने सभी मुकाबले जीतकर 12 अंक अर्जित किए। पहले मैच में हजारीबाग को 1-0, दूसरे मैच में कोल्हान प्रमंडल को 11-0, तीसरे मैच में संथाल प्रमंडल (दुमका) को 1-0 तथा चौथे मैच में पलामू प्रमंडल को 11-0 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में भी गुमला की टीम ने कोल्हान प्रमंडल को 11-0 के बड़े अंतर से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में हजारीबाग को 2-0 से पराजित कर गुमला ने राज्य चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया।इस शानदार प्रदर्शन के साथ गुमला की टीम ने 18 अगस्त 2026 से नई दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय 65वीं सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में गुमला जिले के बालिका फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र, इंडोर स्टेडियम, गुमला की खिलाड़ी प्रशिक्षक वीणा केरकेट्टा के नेतृत्व में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी।

## एसआईआर के काम में अव्वल सिमडेगा जिला

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देश पर झारखंड राज्य के सभी जिलों में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 संचालित है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में दिनांक 20 जुलाई 2026 तक सिमडेगा जिला 86.50 प्रतिशत के साथ राज्य भर में एस आई आर के काम में टॉप पर चल है। सिमडेगा जिला में दो विधानसभा क्षेत्र कोलेबिरा और सिमडेगा आते हैं।जिसमें कोलेबिरा विधानसभा में 89% तथा सिमडेगा विधानसभा में 84% मतदाता का डिजिटाइजेशन कार्य किया जा चुका है। कुल मिलाकर सिमडेगा जिले में 86.50 प्रतिशत मतदाताओं के द्वारा भरे गए गणना प्रपत्र, इन्यूमरेशन फॉर्म का डिजिटाइजेशन कार्य किया जा चुका है। सिमडेगा जिले की उपायुक्त कंचन सिंह हैं। राज्य भर में एस आई आर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के तहत 26463236 मतदाताओं का पुनरीक्षण कार्य किया जाना है।

**राज्य भर में सर्वाधिक डिजिटाइजेशन क्रम निम्नवत है**

| | |
|---|---|
| 01. सिमडेगा 86.50 | 13. जामताड़ा 73.19 |
| 02. कोडरमा 82.60 | 14. गुमला 72.84 |
| 03. लोहरदगा 80.47 | 15. पाकुड़ 71.76 |
| 04. दुमका 78.52 | 16. हजारीबाग 71.33 |
| 05. गढ़वा 77.99 | 17. खूंटी 70.39 |
| 06. पश्चिम सिंहभूम 77.56 | 18. गिरिडीह 69.37 |
| 07. लातेहार 77.41 | 19. साहिबगंज 68.43 |
| 08. पलामू 77.41 | 20. गोड्डा 68.40 |
| 09. देवघर 77.27 | 21. बोकारो 68.29 |
| 10. रामगढ़ 74.86 | 22. धनबाद 60.13 |
| 11. चतरा 74.59 | 23. पूर्वी सिंहभूम 59.36 |
| 12. सरायकेला-खरसावां 74.51 | 24. रांची 56.41 |

## एक झलक

### अल्पाइन टेक्सवर्ल्ड ने निवेशकों को दिया झटका, फ्लैट लिस्टिंग के बाद लगा लोअर सर्किट

**नयी दिल्ली** : फैब्रिक की डाइंग और प्रोसेसिंग के काम में लगी अल्पाइन टेक्सवर्ल्ड के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट ने फ्लैट एंट्री कर अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 105 रुपये के भाव पर जारी किये गये थे। आज बीएसई और एनएसई पर इसकी लिस्टिंग बिना किसी उतार चढ़ाव के 105 रुपये के स्तर पर ही हुई। लिस्टिंग के बाद हुई बिकवाली के कारण कंपनी के शेयर कुछ देर में ही गिर कर 99.75 रुपये के लोअर सर्किट लेवल पर पहुंच गये। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 5.25 रुपये यानी पांच प्रतिशत का नुकसान हो गया। कंपनी का 126.25 करोड़ रुपये का आईपीओ 14 से 16 जुलाई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से फीका रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.40 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 1.09 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में भी 1.09 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। जबकि रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 1.54 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 1,20,24,000 नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ में नए शेयरों की बिक्री के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट में नयी वीविंग यूनिट लगाने, पुराने कर्ज के बोझ को हल्का करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। अल्पाइन टेक्सवर्ल्ड की वित्तीय स्थिति की बात करें तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी को 8.63 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़ कर 21.72 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

### ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में तेजी का रुख

**नयी दिल्ली** : ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए थे। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा। वहीं एशियाई बाजार में आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। अमेरिका स्टॉक मार्केट पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुआ। डाउ जॉन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 307.16 अंक यानी 0.59 प्रतिशत टूट कर 51,839.26 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एस एंड पी 500 इंडेक्स ने 0.19 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 7,443.28 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 0.05 प्रतिशत फिसल कर 25,508.07 अंक के स्तर पर बंद हुआ। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 116.42 अंक 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 51,955.68 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है।

# शेयर बाजार लाल निशान में बंद, सेंसेक्स-निफ्टी लुढ़के

**नयी दिल्ली** : एचडीएफसी बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे हेवीवेट शेयरों में हुई जोरदार बिकवाली ने आज घरेलू शेयर बाजार को पूरी तरह से झकझोर दिया। आज के कारोबार की शुरूआत मामूली कमजोरी के साथ हुई थी। दिन के कारोबार में लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा, जिसमें बिकवालों का पलड़ा ज्यादातर समय भारी बना रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.31 प्रतिशत और निफ्टी 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 58.89 अंक की मामूली कमजोरी के साथ 77,649.63 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बाजार में हो रही खरीद बिक्री की वजह से इस सूचकांक की चाल भी ऊपर नीचे होने लगी। खरीदारी के सपोर्ट से पहले 15 मिनट के कारोबार में ही सेंसेक्स उछल कर हरे निशान में 77,753.18 अंक तक पहुंच गया। इसके बाद बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया।

शेयरों की लगातार हो रही बिक्री की वजह से दोपहर एक बजे के करीब यह सूचकांक 371.19 अंक की कमजोरी के साथ 77,337.33 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद खरीदारों ने एक बार फिर जोर लगाया, जिसके कारण सेंसेक्स दिन के निचले स्तर से 130 अंक से अधिक की रिकवरी कर 238.41 अंक की गिरावट के साथ 77,470.11 अंक के स्तर पर बंद



हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 22.45 अंक टूट कर 24,216.05 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर यह सूचकांक 23.70 अंक की मजबूती के साथ 24,262.20 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद बाजार में हेवीवेट शेयरों में लगातार बिकवाली होने लगी, जिससे निफ्टी की चाल में गिरावट आने लगी। लगातार हो रही बिकवाली की वजह से दोपहर एक बजे के करीब निफ्टी 102.85 अंक लुढ़क कर 24,135.65 अंक के स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद खरीदारों ने एक बार फिर लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक की चाल में सुधार होने लगा। दिन भर हुई लिवाली और बिकवाली के बाद निफ्टी दिन के निचले स्तर से 50 अंक से अधिक सुधर कर 50.80 अंक की कमजोरी के साथ 24,187.70 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के दौरान आईटी, बैंकिंग, ऑयल एंड गैस और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली होती रही। दूसरी ओर, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, रियल्टी, मेटल, हेल्थकेयर, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, कैपिटल गुड्स और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में खरीदारी का रुख बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी का जोर बना रहा, जिसकी वजह से निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 0.30 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.53 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में आई कमजोरी के बावजूद मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 484.29 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 482.20 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.09 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,399 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,188 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,021 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 190 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,972 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,557 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,415 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 21 शेयर बढ़त के साथ और 9 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 31 शेयर हरे निशान में और 19 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

## मानसून में पेयजल सुरक्षा पर विशेष ध्यान जरूरी : डॉ. अनिल कुमार

**रांची** : यूरेका फोर्ब्स लिमिटेड के चीफ वॉटर साइंटिस्ट डॉ. अनिल कुमार ने कहा है कि मानसून केवल मौसम ही नहीं बदलता, बल्कि पेयजल की गुणवत्ता को भी प्रभावित करता है। उन्होंने बताया कि जल शक्ति मंत्रालय के अनुसार पिछले पांच वर्षों में जांचे गये 3.27 करोड़ से अधिक पेयजल नमूनों में 14.51 लाख रासायनिक तथा 11.74 लाख जीवाणुजनित संदूषण से प्रभावित पाए गए। उन्होंने कहा कि जल शुद्धिकरण संयंत्र से निकलने वाला पानी सुरक्षित हो सकता है, लेकिन घर तक पहुंचने के दौरान पुरानी पाइपलाइन, क्षतिग्रस्त जोड़, जलभराव और सीवर रिसाव के कारण दूषित हो सकता है। सबसे बड़ी चुनौती यह है कि बैक्टीरिया, वायरस, भारी धातुएं, कीटनाशक और अन्य हानिकारक तत्व अक्सर पानी के रंग, स्वाद या गंध में बदलाव नहीं करते, इसलिए साफ दिखने वाला पानी भी असुरक्षित हो सकता है। डॉ. कुमार ने बताया कि भूजल भी मानसून के दौरान फ्लोराइड, आर्सेनिक और नाइट्रेट जैसे प्राकृतिक प्रदूषकों से प्रभावित हो सकता है। जलवायु परिवर्तन और तेजी से बढ़ते शहरीकरण ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया है। उन्होंने लोगों को घरों के ओवरहेड टैंक, भूमिगत जलाशयों और पानी रखने वाले बर्तनों की नियमित सफाई करने तथा जल शुद्धिकरण प्रणालियों की समय-समय पर सर्विसिंग कराने की सलाह दी। उनका कहना है कि सुरक्षित पेयजल केवल सरकारी व्यवस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि नागरिकों की भी साझा जिम्मेदारी है। डॉ. कुमार ने कहा कि मानसून की तैयारियों में बाढ़ नियंत्रण और बीमारियों की रोकथाम के साथ-साथ सुरक्षित पेयजल को भी समान प्राथमिकता दी जानी चाहिए, क्योंकि स्वच्छ पानी सार्वजनिक स्वास्थ्य और आपदा-रोधी क्षमता का महत्वपूर्ण आधार है।

### सब्सक्रिप्शन के लिए खुला मेटालिक टेक्नोफोर्ज का आईपीओ

**नयी दिल्ली** : मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की कंपनी मेटालिक टेक्नोफोर्ज का 49.96 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 23 जुलाई तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 24 जुलाई को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 27 जुलाई को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर 28 जुलाई को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। पहले दिन दोपहर 11:30 बजे तक ये आईपीओ 16 प्रतिशत सब्सक्राइब हुआ है। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 72 रुपये से लेकर 77 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,600 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स को दो लॉट यानी 3,200 शेयरों के लिए बोली लगाना होगा, जिसके लिए उन्हें 2,46,400 रुपये का निवेश करना होगा।

## सर्राफा बाजार में महंगा हुआ सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

**नयी दिल्ली** : घरेलू सर्राफा बाजार में शुरूआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। भाव में आए उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,43,470 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,43,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,31,510 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,31,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी प्रति किलोग्राम 5,200 रुपये की तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,35,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,43,620



रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,31,660 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,43,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,31,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,43,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,31,560 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 1,43,470 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,31,510 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,43,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,31,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,43,520 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,31,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,43,620 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,31,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,43,520 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,31,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,43,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,31,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,43,470 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## जीनस इनोवेशन ने रांची में किया डिस्ट्रीब्यूटर सम्मेलन

**रांची** : एनर्जी स्टोरेज सिस्टम्स (ईएसएस) और रिन्यूएबल एनर्जी मैनेजमेंट सॉल्यूशंस (आरईएमएस) के क्षेत्र में काम करने वाले जीनस इनोवेशन लिमिटेड ने हाल ही में रांची में डिस्ट्रीब्यूटर सम्मेलन का आयोजन किया। इसमें पूर्वोत्तर भारत के अलग-अलग राज्यों से जुड़े चैनल पार्टनर्स ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य अपने पार्टनर्स के साथ जुड़ाव को और मजबूत करना तथा हाइब्रिड सोलर इंटेलिजेंट सॉल्यूशंस से जुड़ी कंपनी की नई तकनीकों से उन्हें रूबरू कराना था। यह डिस्ट्रीब्यूटर सम्मेलन कंपनी और उसके चैनल पार्टनर्स के बीच बातचीत का एक अहम मंच रही। इस दौरान, कंपनी ने अपनी आगे की योजनाओं को साझा किया




और सोलर व एनर्जी स्टोरेज सॉल्यूशंस की अपनी बढ़ती रेंज के बारे में जानकारी दी। कंपनी की रेंज में इस नए प्रोडक्ट को शामिल किए जाने पर जीनस इनोवेशन लिमिटेड के डायरेक्टर और चीफ मार्केटिंग एंड सेल्स ऑफिसर यश तोदी ने कहा, हमारे डिस्ट्रीब्यूटर पार्टनर्स जीनस इनोवेशन की विकास यात्रा के सबसे अहम हिस्सों में से एक हैं। भारत में ऊर्जा क्षेत्र तेजी से बदल रहा है और सोलर एनर्जी व एनर्जी स्टोरेज की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। ऐसे में, जरूरी है कि हम अपने चैनल पार्टनर्स को ऐसी तकनीकों से जोड़ें, जो ग्राहकों की नई जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ कारोबार के नए अवसर भी उत्पन्न करें। उन्होंने कहा, पूर्वोत्तर भारत, खासकर रांची में रूफटॉप सोलर और भरोसेमंद बैकअप सॉल्यूशंस को लेकर लोगों की दिलचस्पी लगातार बढ़ रही है।

### वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में बंधन बैंक के कुल बिजनेस में 11% की बढ़ोतरी

**रांची** : बंधन बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के नतीजे घोषित किए। बैंक का कुल कारोबार 11 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 3.2 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया। कुल जमा राशि में रिटेल जमा का हिस्सा अब लगभग 74 फीसदी है। वित्त वर्ष 2026-27 में कारोबार में यह बढ़ोतरी बैंक के बढ़ते डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क, बेहतर परिचालन दक्षता और उत्कर्षता की दिशा में निरंतर प्रयास का परिणाम है। वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही में बैंक का शुद्ध मुनाफा 502 करोड़ रुपए रहा। बंधन बैंक अब भारत के 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से 35 में लगभग 6,400 बैंकिंग आउटलेट्स के जरिए करीब 3.2 करोड़ ग्राहकों को सेवाएँ देता है। एमडी एवं सीईओ पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता ने कहा, वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही का हमारा प्रदर्शन बंधन बैंक की मजबूती, हमारी टीमों की प्रतिबद्धता और हमारे शेयरधारकों के हम पर निरंतर बने विश्वास को दर्शाता है। इसी गति को बनाए रखते हुए हम ग्राहक-केंद्रित तथा प्रौद्योगिकी-सक्षम विकास पर अपना ध्यान केंद्रित किए हुए हैं। अपने वितरण नेटवर्क को सुदृढ़ बना कर, उत्पादों की श्रृंखला का विस्तार करके तथा आंकड़ों पर आधारित विश्लेषण का प्रभावी उपयोग करते हुए हम अपने ग्राहकों और सभी हितधारकों के लिए अधिक मूल्य सृजित करने के साथ-साथ संतुलित, सतत और भविष्य के लिए तैयार विकास सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर अग्रसर हैं।

## टीरा पर लॉन्च हुआ दक्षिण कोरिया का स्किनकेयर ब्रांड डॉ. मेलैक्सिन

- वैज्ञानिक फॉर्मूलेशन वाले स्किनकेयर उत्पादों पर रहेगा कम्पनी का फोकस
- टीरा के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और चुनिंदा ऑफलाइन स्टोर्स पर विशेष रूप से होगा उपलब्ध

**मुम्बई** : रिलायंस रिटेल के ओमनीचैनल ब्यूटी प्लेटफॉर्म टीरा (Tira) ने दक्षिण कोरिया के तेजी से लोकप्रिय हो रहे डर्मो-कॉस्मेटिक स्किनकेयर ब्रांड डॉ. मेलैक्सिन (Dr. Melaxin) को भारत में एक्सक्लूसिव तौर पर लॉन्च किया है। यह ब्रांड टीरा के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और चुनिंदा



ऑफलाइन स्टोर्स पर उपलब्ध होगा। डॉ. मेलैक्सिन अपनी विज्ञान-आधारित स्किनकेयर तकनीक और 'स्लो एजिंग' की अवधारणा के लिए जाना जाता है। इसके उत्पाद पिगमेंटेशन, बड़े पोर्स, आंखों के नीचे उम्र के असर और त्वचा की कसावट कम होने जैसी समस्याओं को ध्यान में रखकर तैयार किये गये हैं। कम्पनी का दावा है कि इसके फॉमूर्ले त्वचा को लम्बे समय तक मजबूत और स्वस्थ बनाए रखने में मदद करते हैं। अमेरिका, जापान और दक्षिण-पूर्व एशिया में विस्तार के बाद यह ब्रांड तेजी से लोकप्रिय हुआ है। TikTok Shop पर यह अमेरिका और ब्रिटेन में नंबर-1 के-ब्यूटी ब्रांड भी बन चुका है। ब्रांड के सभी उत्पाद 8-FREE क्लीन फॉमूर्लेशन पर आधारित हैं, यानी ये क्रुएल्टी-फ्री, डर्मेटोलॉजिस्ट-टेस्टेड और संवेदनशील त्वचा के लिए उपयुक्त हैं। कम्पनी के अनुसार, क्लीनिकल स्टडी में चार सप्ताह के भीतर त्वचा की नमी, चमक और कसावट में सुधार देखा गया है। भारत में लॉन्च के दौरान कम्पनी ने अपनी सबसे लोकप्रिय पील शॉट रेंज भी पेश की है। राइस-आधारित AHA और BHA, पेंटाविटिन तथा राइस वॉटर से तैयार यह उत्पाद त्वचा की हल्की एक्सफोलिएशन, पोर्स को साफ करने और स्किन टेक्सचर व चमक बेहतर बनाने में मदद करता है। डॉ. मेलैक्सिन की मुख्य कार्यकारी अधिकारी यू क्यॉन्ग ह्वा ने कहा कि भारतीय उपभोक्ता अब प्रभावी और विज्ञान-आधारित स्किनकेयर उत्पादों को प्राथमिकता दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिगमेंटेशन, स्किन टेक्सचर और त्वचा की कसावट जैसी समस्याओं को ध्यान में रख कर विकसित किये गये उनके उत्पाद भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों के अनुरूप हैं और टीरा के साथ साझेदारी के जरिये उन्हें भारत में पेश करते हुए कम्पनी उत्साहित है। टीरा का कहना है कि इस साझेदारी के साथ वह भारतीय ग्राहकों तक दुनिया के भरोसेमंद और प्रीमियम ब्यूटी ब्रांड पहुंचाने की अपनी रणनीति को और मजबूत कर रहा है।

## पेज एक के शेष

**दूसरे दिन भी खूब बरपा हंगामा...**

नियमों का पालन किया जाना चाहिए और जो सदस्य अपनी बात रखना चाहते हैं, वे क्रमवार बोलें। उन्होंने सभी सदस्यों से शोर-शराबा नहीं करने और सदन की कार्यवाही में सहयोग देने की अपील की। इसके बावजूद विपक्षी सदस्य नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक और जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में लगातार नारेबाजी करते रहे। हंगामा जारी रहने पर उपसभापति ने कार्यवाही शुरू होने के लगभग एक मिनट बाद ही बुधवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

**प्रधानमंत्री आवास के समक्ष कांग्रेस का धरना, कई नेता हिरासत में लिये गये...**

धरने में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी तथा अन्य कांग्रेस नेता शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने धर्मेन्द्र प्रधान इस्तीफा दो, प्रधानमंत्री इस्तीफा दो और गृह मंत्री इस्तीफा दो जैसे नारे लगाये। कांग्रेस का आरोप है कि शिक्षा और परीक्षा प्रणाली में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं के लिए केन्द्र सरकार जिम्मेदार है और उसे इसकी नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए। बताया गया कि कांग्रेस का यह विरोध प्रदर्शन पूरी तरह गोपनीय तरीके से आयोजित किया गया। राहुल गांधी सहित सभी वरिष्ठ नेता पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर एकत्र हुए और वहां से पैदल मार्च करते हुए प्रधानमंत्री आवास की ओर पहुंचे। मीडिया को इसकी जानकारी तब दी गयी, जब नेता प्रदर्शन स्थल से लगभग 100 मीटर की दूरी पर पहुंच चुके थे। वहीं, दूसरी तरफ प्रदर्शन के दौरान केन्द्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह और केन्द्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन मौके पर पहुंचे। दोनों ने राहुल गांधी से बातचीत कर धरना समाप्त करने की अपील की। हालांकि, कांग्रेस नेताओं ने अपनी मांगों पर अड़े रहते हुए प्रदर्शन जारी रखा। इस दौरान पुलिस लगातार राहुल गांधी और अन्य नेताओं से धरना स्थल खाली करने का अनुरोध करती रही। बताया गया कि राहुल गांधी ने विरोध के प्रतीक के रूप में अपने बंधे हुए हाथ दिखाये, जबकि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी सांकेतिक रूप से अपने हाथ बांध रखे थे। स्थिति तनावपूर्ण होने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी समेत कई कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को वाहनों में बैठा कर वहां से हटाया। हालांकि, उन्हें किस स्थान पर ले जाया गया, इसकी तत्काल आधिकारिक जानकारी नहीं दी गयी।

**कांग्रेस ने केन्द्र सरकार के सामने रखीं मांगें**

धरना दे रहे कांग्रेस के नेताओं ने केन्द्र सरकार के समक्ष 05 बड़ी मांगें रखीं हैं, जिनमें प्रदर्शन के दौरान हिंसा की निष्पक्ष जांच करवाये जाये और गृहमंत्री शाह दोनों सदनों में बयान दें। इसके साथ ही छात्रों के मुद्दे पर सदन में विस्तृत चर्चा हो, शिक्षा मंत्री से इस्तीफा लिया जाये और छात्रों के मुद्दों को गम्भीरता से सुना जाये। धरना स्थल पर पहुंचे केन्द्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से भी बातचीत की है। इस दौरान उन्होंने धरना समाप्त करने की अपील की है। जंतर-मंतर पर छात्र आन्दोलन के बाद कांग्रेस द्वारा प्रधानमंत्री आवास के निकट किया गया यह प्रदर्शन राजधानी की राजनीति में नया मोड़ माना जा रहा है। विपक्ष इस मुद्दे को लेकर सरकार पर लगातार दबाव बना रहा है, जबकि कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिए राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है।

**नीट में गड़बड़ी करनेवालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई...**

दलों को दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर एकजुट होना चाहिए। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ न हो, इसके लिए सख्ती से कदम उठाये जायें और सजा दिलाने के लिए मिल कर काम होना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने राजगा (एनडीए) सांसदों से मॉनसून सत्र के दौरान एकजुट होकर सरकार का पक्ष प्रभावी ढंग से रखने और सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से चलाने में सहयोग करने का आह्वान किया। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में भाजपा सांसद कंगना रनौत ने बताया कि प्रधानमंत्री ने सांसदों का मार्गदर्शन किया और कई महत्त्वपूर्ण विषयों पर दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने युवाओं की आकांक्षाओं के साथ न्याय करने पर विशेष जोर दिया। प्रधानमंत्री ने नीट को लेकर सरकार की रणनीति भी साझा की और यह चिन्ता जतायी कि देश की विभिन्न क्षेत्रों में हासिल युवाओं की उपलब्धियों और सफलताओं पर पर्याप्त चर्चा नहीं हो रही है। उन्होंने सांसदों से इन उपलब्धियों को अधिक प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने का आग्रह किया।

**अब एआई से पढ़ेंगे 1000 स्कूलों के छात्र...**

**बीमार और दिव्यांग छात्रों को बड़ी राहत**

**सिकल** सेल, थैलेसीमिया, हीमोफिलिया, टाइप-1 डायबिटीज, अन्य गैर संक्रामक बीमारियों से पीड़ित और दिव्यांग बच्चों को बोर्ड परीक्षा में शामिल होने के लिए 75 प्रतिशत अनिवार्य उपस्थिति से छूट दी गयी है। ऐसे छात्रों के
लिए अब 50 प्रतिशत उपस्थिति ही जरूरी होगी।

**दो नये डिग्री कॉलेज बनेंगे**

गिरिडीह के जमुआ में 38.22 करोड़ रुपये और रामगढ़ के मांडू में 40.15 करोड़ रुपये की लागत से नये डिग्री कॉलेज बनाये जायेंगे।

**आदर्श विद्यालय योजना बढ़ी**

आदर्श विद्यालय योजना की अवधि वर्ष 2029-30 तक बढ़ा दी गयी है।

**विश्वविद्यालयों में होगा पुनर्गठन**

जेसी बोस विश्वविद्यालय, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, कोल्हान विश्वविद्यालय, रांची विश्वविद्यालय, सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय और नीलाम्बर-पीतामाबर विश्वविद्यालय में शैक्षणिक पदों का पुनर्सरेखण किया गया है। बरही डिग्री कॉलेज का नाम बदल कर डिग्री महाविद्यालय चंदवारा कर दिया गया है।

**एयर एम्बुलेंस सेवा शुरू होगी**

राज्य के दूरदराज इलाकों के गम्भीर मरीजों को जल्दी अस्पताल पहुंचाने के लिए सरकार एक सिंगल इंजन हेलीकॉप्टर एयर एंबुलेंस सेवा शुरू करेगी। इस सेवा का इस्तेमाल मरीजों को एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल ले जाने में भी होगा।

**SNMMCH का होगा बड़ा विस्तार**

धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में टइइर सीटें 100 से बढ़ा कर 250 और PG सीटों का भी विस्तार किया जायेगा। इसके लिए पहले चरण में 194.73 करोड़ रुपये मंजूर किये गये हैं।

**कई सड़क परियोजनाओं को मंजूरी**

कैबिनेट ने पूर्वी सिंहभूम, गुमला, रांची और दुमका की पांच बड़ी सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं पर 398 करोड़ रुपये से अधिक खर्च होंगे।

**आदित्यपुर नगर निगम को नया भवन**

आदित्यपुर नगर निगम के नये भवन के निर्माण के लिए 39.67 करोड़ रुपये मंजूर किये गये हैं।

**ग्रामीण क्षेत्रों में नक्शा पास करना आसान**

झारखंड बिल्डिंग बायलॉज में संशोधन किया गया है। अब ग्रामीण क्षेत्रों में संस्थान और उद्योग स्थापित करने के लिए सड़क की न्यूनतम चौड़ाई 09 मीटर के बजाय 4.5 मीटर होने पर भी नक्शा पास कराया जा सकेगा।

**दो नये चिड़ियाघर बनेंगे**

गिरिडीह और दुमका में दो नये चिड़ियाघर बनाने को मंजूरी दी गयी है। साथ ही, झारखंड चिड़ियाघर प्राधिकरण का दायरा पूरे राज्य में बढ़ा दिया गया है।

**छात्रावास संचालन में बदलाव**

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के छात्रावासों के संचालन और प्रबंधन से जुड़ी योजना में संशोधन किया गया है।

**आंगनबाड़ी योजना को सेवा विस्तार**

टेक होम राशन उपलब्ध करानेवाली एजेंसियों को नया टेंडर होने तक छह महीने या नये कायार्देश जारी होने तक सेवा विस्तार दिया गया है।

**सेवानिवृत्त शिक्षकों को लाभ**

राज्य के विश्वविद्यालयों और अंगीभूत महाविद्यालयों के सेवानिवृत्त शिक्षकों और अधिकारियों को सातवें वेतन आयोग के तहत 01 जनवरी 2016 से संशोधित पेंशन का लाभ मिलेगा।

**हाईकोर्ट में बढ़ेंगे विधि पदाधिकारी**

महाधिवक्ता कार्यालय में 63 नये पदों के सृजन को मंजूरी दी गयी है। साथ ही, महाधिवक्ता और अन्य विधि पदाधिकारियों के शुल्क और मानदेय में भी संशोधन किया गया है।

**अधिवक्ताओं के लिए 12.32 करोड़**

अधिवक्ता कल्याण निधि के लिए 12.32 करोड़ रुपये मंजूर किये गये हैं। इस राशि का उपयोग मेडिकल बीमा, पेंशन और अन्य कल्याणकारी योजनाओं में किया जायेगा।

**न्यायिक सेवा नियमों में बदलाव**

झारखंड न्यायिक सेवा भर्ती नियमावली और वरीय न्यायिक सेवा नियमावली में संशोधन किया गया है। साथ ही, दो जिला न्यायाधीशों की सीधी नियुक्ति को मंजूरी दी गयी है।

**कैबिनेट के अन्य महत्त्वपूर्ण फैसले**

बोकारो के कसमार में पदस्थापित चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अर्चना चौधरी को सेवा से बर्खास्त करने की मंजूरी दी गयी।

वेजफेड के पूर्व एमडी रामोद नारायण झा की पेंशन जब्ती का आदेश हाईकोर्ट के निर्देश पर रद्द किया गया।

चंद्रेश्वर कापर के खिलाफ जारी बर्खास्तगी आदेश भी निरस्त कर दिया गया।

खान एवं भूतत्व विभाग की देनदारियों के भुगतान के लिए 146 करोड़ रुपये मंजूर किये गये।

एजी कार्यालय में डिजिटलीकरण के तीसरे चरण के लिए 46.85 लाख रुपये की मंजूरी दी गयी।

मनरेगा और जल जीवन मिशन से जुड़ी उअऋरिपोर्ट को विधानसभा के आगामी सत्र में पेश करने की अनुमति दी गयी

इसके अलावा कई कर्मचारियों की सेवा नियमित करने, पेंशन, प्रोन्नति, पुनर्स्थापन और हाईकोर्ट के आदेशों के अनुपालन से जुड़े कई प्रस्तावों को भी कैबिनेट ने मंजूरी दी।

**अंतर्राज्यीय अपराधों की रोकथाम, नक्सल उन्मूलन समेत विधि-व्यवस्था सुदृढ़ करने पर हुआ मंथन...**

जांच, एनसीओआरडी पोर्टल का प्रभावी उपयोग तथा सिंथेटिक ड्रग्स नेटवर्क के विरुद्ध कार्रवाई पर विशेष बल दिया गया। साइबर अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में रियल टाइम डेटा शेयरिंग, अंतर्राज्यीय अनुसंधान एवं जांच में सहयोग, फर्जी सिम कार्ड एवं म्यूल अकाउंट्स के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई, त्वरित लॉजिस्टिक एवं फील्ड सपोर्ट तथा संयुक्त क्षमता निर्माण कार्यक्रमों को नियमित रूप से संचालित करने पर सहमति व्यक्त की गयी। बैठक में राज्यों के बीच साइबर अपराधियों के साझा डेटाबेस के निर्माण, प्रत्येक राज्य में नोडल पदाधिकारी नामित करने, सिम विक्रेताओं के संयुक्त सत्यापन तथा विभिन्न राज्यों के बीच सत्यापन रिपोर्ट के समयबद्ध आदान-प्रदान की आवश्यकता पर भी बल दिया गया साथ ही जीरो एफ०आई०आर० के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा भी की गयी। जीरो एफआईआर के पंजीकरण एवं अंतर्राज्यीय आदान-प्रदान में आ रही व्यावहारिक समस्याओं, विशेषकर Cri& MAC पोर्टल की तकनीकी चुनौतियों, उउळठर के साथ उसके समुचित एकीकरण, जीरो एफआईआर की ऑनलाइन ट्रैकिंग व्यवस्था तथा न्यायालय में मूल आवेदन एवं हस्ताक्षर संबंधी प्रक्रियाओं के सरलीकरण की आवश्यकता पर भी विस्तार से चर्चा की गयी। इन समस्याओं के समाधान हेतु भारत सरकार एवं सम्बन्धित एजेंसियों के समक्ष आवश्यक सुझाव प्रस्तुत करने पर सहमति बनी।

बैठक के अंत में झारखण्ड, बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा एवं छत्तीसगढ़ राज्यों के पुलिस महानिदेशकों द्वारा अंतर्राज्यीय समन्वय को और अधिक प्रभावी बनाते हुए संगठित अपराध, नक्सलवाद, मादक पदार्थों की तस्करी, रेल सुरक्षा तथा साइबर अपराध के विरुद्ध संयुक्त एवं समन्वित कार्रवाई जारी रखने पर सहमति व्यक्त की गयी। बैठक में पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड के अतिरिक्त असीम विक्रांत मिंज, पुलिस महानिरीक्षक, अप.अनु.वि., झारखण्ड, नरेन्द्र कुमार सिंह, पुलिस महानिरीक्षक, अभियान, झारखण्ड, कार्तिक एस., पुलिस उप-महानिरीक्षक, झासपु, नौशाद आलम, पुलिस उप-महानिरीक्षक, वि.शा, हरविंदर सिंह, पुलिस अधीक्षक, वि.शा, दीपक कुमार शर्मा, पुलिस अधीक्षक, अभियान, श्री सौरव, पुलिस अधीक्षक, वि.शा उपस्थित रहे।

## एक झलक

### श्रीलंका में डेंगू का कहर, 53 लोगों की मौत

**कोलंबो :** श्रीलंका में मच्छरों से फैलने वाली बीमारी डेंगू का करीब एक दशक में सबसे गंभीर प्रकोप सामने आया है। जनवरी से अब तक 76,044 लोग संक्रमित हो चुके हैं और 53 मौतें हुई हैं। बीमारी के बढ़ते मामलों को रोकने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं और अस्पतालों के साथ अब देश की सेना भी अभियान में जुट गई है। श्रीलंका की एयरफोर्स ड्रोन की मदद से मानसून की बारिश के बाद छतों पर जमा पानी की पहचान कर रही है। वहीं सेना और पुलिस के जवान घरों, निर्माण स्थलों और स्कूलों की जांच कर रहे हैं, ताकि मच्छरों के पनपने की जगहों को खत्म किया जा सके। स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक, जुलाई के पहले दो हफ्तों में 18 हजार से ज्यादा मामले सामने आने के बाद अस्पतालों ने बेड बढ़ाने शुरू कर दिए। जून में डेंगू के 21,537 मामले दर्ज किए गए थे।

### नेपाल नहीं हटायेगा विवादित-नक्शा

**काठमांडू :** नेपाल सरकार ने एक रुपए के सिक्के से विवादित राष्ट्रीय नक्शा हटाने का प्रस्ताव खारिज कर दिया है। इस नक्शे में भारत के लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा को नेपाल का हिस्सा दिखाया गया है। नेपाल राष्ट्र बैंक ने पहले प्रस्ताव रखा था कि एक रुपए के सिक्के पर छपे नेपाल के विवादित नक्शे की जगह मुस्तांग के ऐतिहासिक मठ की तस्वीर लगाई जाए। इस नक्शे को सिक्के से हटाने की खबर जैसे ही बाहर आई, इसका विरोध होने लगा। इसके बाद मंत्रालय ने नेपाल राष्ट्र बैंक को निर्देश दिया कि डिजाइन में बौद्ध मठ के साथ नेपाल का राष्ट्रीय नक्शा भी शामिल किया जाये।

# भारत-उत्तर मैसिडोनिया सम्बन्धों का प्रमुख आधार है आर्थिक सहयोग : मुर्मू

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को कहा कि आर्थिक सहयोग भारत और उत्तर मैसिडोनिया के द्विपक्षीय संबंधों का एक अत्यंत महत्वपूर्ण स्तंभ है। दोनों देशों ने व्यापार एवं निवेश बढ़ाने, कारोबारी सहयोग को मजबूत करने और द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने की दिशा में मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की है।

उत्तर मैसिडोनिया की अपनी राजकीय यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुर्मु ने राष्ट्रपति गोडार्ना सिलजानोव्स्का-दाव्कोवा के साथ द्विपक्षीय एवं प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद संयुक्त वक्तव्य में कहा कि दोनों देशों ने सूचना प्रौद्योगिकी, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, औषधि, वस्त्र, जैव प्रौद्योगिकी, पर्यटन, आतिथ्य तथा फिल्म निर्माण जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा की। भारत-उत्तर मैसिडोनिया बिजनेस फोरम इन क्षेत्रों में नए अवसरों को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण मंच साबित होगा।

राष्ट्रपति ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय समझौते का नवीनीकरण किया जा रहा है। साथ ही पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों सहित स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करने पर भी सहमति बनी है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक और जन-से-जन संपर्क दोनों देशों के संबंधों की मजबूत नींव हैं। रचनात्मक उद्योग के क्षेत्र में सहयोग सांस्कृतिक आदान-प्रदान का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा।



## उत्तर मैसेडोनिया में राष्ट्रपति मुर्मू का गर्मजोशी से स्वागत



**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मु अपनी तीन देशों की राजकीय यात्रा के दूसरे चरण में उत्तर मैसिडोनिया की राजधानी स्कोप्जे पहुंचीं। हवाई अड्डे पर वहां के विदेशमंत्री टिमचो मुकुन्स्की ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, यह किसी भारतीय राष्ट्रपति की उत्तर मैसिडोनिया की पहली यात्रा है, जो दोनों देशों के बीच बढ़ते अच्छे संबंधों को दिखाती है। यह यात्रा भारत और उत्तर मैसिडोनिया के रिश्तों को और मजबूत करेगी और अलग-अलग क्षेत्रों में सहयोग के नए रास्ते खोलेगी। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तीन देशों की राजकीय यात्रा का पहला चरण मोल्दोवा में पूरा किया। इसके बाद अब उत्तर मैसिडोनिया की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। मुर्मु ने उत्तर मैसिडोनिया रवाना होने से पहले चिसीनाउ में आयोजित राजकीय भोज में हिस्सा लिया। इस दौरान राष्ट्रपति मुर्मु ने मोल्दोवा में भारतीय समुदाय के सदस्यों से भी बातचीत की है।

मुर्मु ने कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए), आपदा रोधी अवसंरचना गठबंधन (सीडीआरआई) और वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन (जीबीए) जैसी पहलों के माध्यम से वैश्विक सहयोग को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने इन पहलों से जुड़ने की उत्तर मैसिडोनिया की इच्छा का स्वागत करते हुए कहा कि इससे उसे हरित ऊर्जा और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में वैश्विक अनुभव और तकनीकी विशेषज्ञता का लाभ मिलेगा।

उन्होंने उत्तर मैसिडोनिया के लिए भारतीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग (आईटीईसी) कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण सीटों की संख्या दोगुनी करने की घोषणा की। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से जुड़े पाठ्यक्रम भी शामिल होंगे।

राष्ट्रपति ने कहा कि यह किसी भारतीय राष्ट्रपति की उत्तर मैसिडोनिया की पहली राजकीय यात्रा है और उन्हें विश्वास है कि इससे दोनों देशों की बहुआयामी साझेदारी को नई गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान दोनों राष्ट्रपति स्कोप्ये संग्रहालय में महात्मा गांधी की प्रतिमा का संयुक्त रूप से अनावरण करेंगे, जो दोनों देशों के साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और मैत्रीपूर्ण संबंधों का प्रतीक होगी।

# विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में तेजी लाने के निर्देश, एक भी पात्र मतदाता न छूटे : डीसी

श्रीओम शर्मा

**बहादुरगढ़ :** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त वर्षा खांगवाल ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि एक भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से छूटना नहीं चाहिए। उन्होंने सभी निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ), सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (एईआरओ) और बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को अगले दो दिनों में शत-प्रतिशत गणना प्रपत्र एकत्र कर उनका डिजिटाइजेशन पूरा करने के निर्देश दिए।

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवास के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के बाद आयोजित समीक्षा बैठक में डीसी ने कहा कि ऑनलाइन माध्यम से




आवेदन करने वाले सभी मतदाताओं का समयबद्ध भौतिक सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा करने और अभियान को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने पर जोर दिया।

डीसी ने वीआईपी मतदाताओं के गणना प्रपत्रों का दोबारा मिलान करने के भी निर्देश दिए, ताकि किसी प्रकार की त्रुटि या विसंगति न रहे। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी स्तर पर कोई समस्या सामने आती है तो उसकी सूचना तुरंत जिला निर्वाचन कार्यालय को दी जाए।

बैठक में 31 जुलाई से 30 अगस्त तक चलने वाले दावा एवं आपत्ति चरण की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। डीसी ने सभी अतिरिक्त ईआरओ को चरणबद्ध प्रशिक्षण देने, ऑनलाइन प्रणाली और निर्वाचन संबंधी कानूनी प्रक्रियाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही प्रत्येक अतिरिक्त ईआरओ को उनके अधिकार क्षेत्र के मतदान केंद्र स्पष्ट रूप से आवंटित करने और इसकी जानकारी जिला, ब्लॉक तथा ग्राम स्तर तक प्रचारित करने को कहा।

उन्होंने निर्देश दिए कि 31 जुलाई को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद उसका समय पर मुद्रण कर सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों, निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी कार्यालयों तथा संबंधित बीएलओ को उपलब्ध कराया जाए। बैठक में विभिन्न उपमंडल अधिकारियों सहित निर्वाचन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## सीजेपी ने विजेता दहिया को प्रवक्ता पद से हटाया

**नयी दिल्ली :** सोशल मीडिया अभियान कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने अपने प्रवक्ता विजेता दहिया को उनके असंवेदनशील व्यवहार के कारण इस पद से हटा दिया है। सीजेपी ने मंगलवार को एक्स पर कहा, 'हम अपने प्रवक्ता विजेता दहिया के बेहद असंवेदनशील व्यवहार की कड़ी निंदा करते हैं। उनके वीडियो तब सामने आए जब शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारी और हमारी टीम पुलिस की बर्बर हिंसा का सामना कर रहे थे। ऐसा व्यवहार स्वीकार्य नहीं है यह समझदारी की पूरी कमी को दशार्ता है और हमारे आंदोलन के मूल्यों तथा सिद्धांतों के बिल्कुल खिलाफ है। इसके जबाव में हम विजेता दहिया को 'सीजेपी' के प्रवक्ता के पद से हटा रहे हैं और उन्हें सभी आधिकारिक जिम्मेदारियों से मुक्त कर रहे हैं।'

## तमन्ना भाटिया ने शुरू की फिल्म रागिनी 3 की शूटिंग

**नयी दिल्ली :** बालाजी मोशन पिक्चर्स ने अपनी आगामी डेट नाइट हॉरर एंटरटेनर फिल्म रागिनी 3 की शूटिंग शुरू कर दी है। तमन्ना भाटिया



अभिनीत यह फिल्म लंदन में फ्लोर पर जा चुकी है और 2027 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। शशांक घोष के निर्देशन में बन रही रागिनी 3 लोकप्रिय भारतीय हॉरर फ्रेंचाइजी को एक नए और रोमांचक अध्याय में लेकर जाएगी। हॉरर, रोमांस और कई अप्रत्याशित मोड़ों का अनोखा मेल इस फिल्म को एक नया अंदाज देगा, वहीं फ्रेंचाइजी की पहचान बन चुके सस्पेंस और रोमांच को भी बरकरार रखेगा। तमन्ना भाटिया ने फिल्म के पहले शेड्यूल की शूटिंग लंदन में शुरू कर दी है। कमर्शियल फिल्मों और दमदार किरदारों के बीच सहजता से संतुलन बनाने के लिए पहचानी जाने वाली तमन्ना इस बार एक ऐसे किरदार में नजर आएंगी, जो रहस्यमयी होने के साथ-साथ पूरी तरह अप्रत्याशित भी है।

